✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 224 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 10 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




सीएम नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ के पास पार्क का किया निरीक्षण






# बिहार में 22 आइएएस अधिकारियों का तबादला, कई एसडीओ बदले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नवंबर में चुनाव संपन्न होने के बाद से नीतीश सरकार में लगातार अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को 23 आईएएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार आईएएस सूर्य प्रताप सिंह को समस्तीपुर डीडीसी, लक्ष्मण तिवारी को सारण डीडीसी, श्रीकांत कुण्डलिक खाण्डेकर को पटना डीडीसी, आईएएस शुभम कुमार को नालंदा डीडीसी, आईएएस गौरव कुमार को गोपालगंज डीडीसी, आईएएस काजले वैभव नितिन को बेतिया डीडीसी, आईएएस दिव्या शक्ति को भभुआ डीडीसी, आईएएस श्वेता भारती को खगड़िया डीडीसी एवं आईएएस गौरव कुमार को सहरसा का डीडीसी बनाया गया है। वहीं आईएएस शिवाक्षी दीक्षित को बेतिया नगर निगम को आयुक्त, आईएएस निशांत विवेक को बिहार शरीफ का नगर आयुक्त, आईएएस अभिषेक पलसिया को गया नगर निगम का आयुक्त, आईएएस पर्थ गुप्ता को मुंगेर का नगर आयुक्त, आईएएस आशीष कुमार को मोतिहारी का नगर आयुक्त, आईएएस किसलय कुशवाहा को भागलपुर का नगर आयुक्त एवं आईएएस ऋतुराज प्रताप सिंह को मुजफ्फरपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा पांच आइएएस अधिकारी को अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। इनमें आईएएस गरिमा लोहिया को बाढ़ एसडीओ, आईएएस अनिरुद्ध पाण्डेय को दानापुर एसडीओ, आईएएस कृतिका मिश्रा को पटना सदर एसडीओ, आईएएस आकांक्षा आनंद को मुजफ्फरपुर पश्चिम एसडीओ, आईएएस रोहित कर्दम को नौगछिया का एसडीओ जबकि आईएएस समीर सौरभ को कंफ़ेड एमडी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं बिहार सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों का भी तबादला किया है। मुख्यमंत्री सचिवालय की टीम के आईएएस अधिकारी से लेकर बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। इनमें से कई अनुमंडल के एसडीओ भी शामिल हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्यमंत्री सचिवालय के ओएसडीओ अभिजीत कुमार गोविंदा को नरकटियागंज जबकि सीएम सचिवालय के ओएसडीओ कुमार ओमकेश्वर को पटना का एडीएम बनाया गया है। वहीं सीएम सचिवालय के उप सचिव राजीव रंजन कुमार सिन्हा को नालंदा का एडीएम जबकि राजगीर एसडीओ आशीष नारायण को सीएम सचिवालय के ओएसडी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार नालंदा में आपदा प्रबंधन एडीएम शैलेश कुमार दास को गया का डीडीसी जबकि गया सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव को बिहार शरीफ का एसडीओ बनाया गया है। वहीं नरकटियागंज एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता को राजगीर का एसडीओ, जमुई पीजीआरओ अनिल कुमार रमन को गया सदर का एसडीओ जबकि सहरसा डीडीसी संजय कुमार निराला को बिहार कर्मचारी चयन आयोग का सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार मधुबनी के वरीय उप समाहर्ता ज्योत्सना कृष्ण सामान्य प्रशासन विभाग का ओएसडी जबकि वेटिंग फॉर पोस्टिंग चंदन कुमार को पालीगंज एसडीओ की जिम्मेदारी दी गई है।

## कई जिलों में नये एसपी की तैनाती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन में बड़ा फ़ेरबदल किया गया है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत भारतीय पुलिस सेवा के 71 अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नई पोस्टिंग दी गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक 1991 से 1996 बैच के कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें पुलिस मुख्यालय, विशेष शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग, रेलवे पुलिस, प्रशिक्षण और विशेष सशस्त्र बल जैसे अहम विभाग शामिल हैं। कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। सूची के अनुसार 1991 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रीता वर्मा वर्तमान में पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, बिहार, पटना के पद पर कार्यरत थीं। अब उन्हें बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना में महानिदेशक-सह-अध्यक्ष और सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह पद गैर-संवर्गीय है, लेकिन पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी कुंदन कृष्णन अभी तक अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, बिहार, पटना के पद पर तैनात थे। इसके साथ ही वे विशेष कार्य बल में भी अतिरिक्त प्रभार संभाल (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### डिप्टी सीएम को गाली देने वाला युवक गिरफ्तार

**मुंगेर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हरपुर थाना पुलिस ने शिशुआ गांव निवासी उचित यादव के 23 वर्षीय बेटे शरद यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर मुंगेर जेल भेज दिया है। युवक पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ गाली-गलौज, धमकी देने और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप है। इस मामले को लेकर हरपुर थाना में सनहा दर्ज किया गया था। हरपुर थानाध्यक्ष सत्यम कुमार ने बताया कि शरद यादव मनबढ़ू और दबंग प्रवृत्ति का है।

### भाजपा नेता के भाई की संदिग्ध मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के नवीन सिनेमा रोड स्थित आवास से भाजपा नेता के भाई का शव खून से लथपथ बरामद किया गया है। बुरी तरह गला रेतकर उनकी हत्या की गयी है। यह हत्या है या आत्महत्या पुलिस इसकी जांच कर रही है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे के आसपास नगर थानाध्यक्ष को एक कॉल आया था। परिवार के लोगों ने बताया कि घर के सदस्य राजीव जो एक दवा व्यवसायी हैं ने गला काटकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाया गया। घटना की जांच की जा रही है।

### नवादा में बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**नवादा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कौआकोल थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले बांग्लादेशी आरोपी जहीरुल इस्लाम को नवादा के बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह घटना कौआकोल के पाली गांव की है जहां की 14 साल की एक किशोरी को साथ लेकर फरार हो गया था। जांच में पता चला कि जहीरुल इस्लाम बांग्लादेश का निवासी है और हारमुज अली का बेटा है।

### 14 बच्चों का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गरीब परिवार के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 14 बच्चों का इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में निःशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

# जेपी गंगा पथ अद्भुत परियोजना : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इन दिनों बिहार में भीषण ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने कोल्ड डे को लेकर अलर्ट भी जारी कर रखा है लेकिन भीषण ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। सीएम ने शुक्रवार को जेपी गंगा पथ पर कराए जा रहे लैंड स्केपिंग, पौधा रोपण और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने विकसित किए जा रहे पार्क का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने विकसित किए जा रहे पार्क के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह पार्क गंगा नदी के किनारे स्थित है। इसलिए लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित कराएं। उन्होंने कहा कि यहां काफी अच्छा काम हो रहा है। जेपी गंगा पथ पर पार्क विकसित होने से हरियाली बढ़ेगी। साथ ही यहां आनेवाले लोग अपने परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे। इस काम को जल्द पूर्ण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधारोपण होने से यह क्षेत्र हरा-भरा दिखेगा। जेपी गंगापथ एक अद्भुत परियोजना है, जिसका सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में यह क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। जेपी गंगा पथ पर लोगों के लिए सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन भी जरूरी है, इसका पूरा ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेश परासर और पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# केरल की तर्ज़ पर बिहार में भी हो स्वच्छता और गांवों में बेहतर चिकित्सा सुविधा : अर्लेकर

**– विनय कुमार**

**पटना।** केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। श्री अर्लेकर ने बिहार से केरल यात्रा पर आये पत्रकारों से शुक्रवार को तिरुअनंतपुरम स्थित लोक भवन में बातचीत के दौरान कहा कि केरल की तर्ज़ पर बिहार में भी स्वच्छता पर बल दिया जाना चाहिए और गांवों में बेहतर चिकित्सा सुविधा होनी चाहिये। बिहार में छठ महापर्व के अवसर पर स्वच्छता और सफाई देखने को मिलती है और इसकी सराहना विश्व स्तर पर होती है लेकिन छठ महापर्व पर दिखने वाली स्वच्छता और सफाई सालों भर बनाए रखने की जरूरत है। यदि ऐसा हो जाए तो यह सबों के लिए मिसाल बन जाएगी और राज्य में अधिक खुशहाली आएगी। उन्होंने बिहार में राज्यपाल रहने के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अपने शुरू किए गए प्रयासों को याद किया। साथ ही कहा कि वहां की सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया है और इसे बेहतर करने का लगातार प्रयास जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी स्वच्छता पर विशेष फोकस रहा है। श्री अर्लेकर ने कहा कि केरल के हर गली मोहल्ले में साफ सफाई दिखती है। यह केवल सरकार के स्तर पर नहीं हुआ है बल्कि इसलिए संभव हो सका है क्योंकि आम (शेष पृष्ठ 11 पर)

# भोजपुर में एक करोड़ की विदेशी शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, भोजपुर व मद्यनिषेध इकाई, पटना, बिहार ने संयुक्त छापेमारी में 12 चक्का ट्रक से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के विदेशी शराब भोजपुर जिले के बिहिया चौरास्ता से जब्त किया है। शराब व ट्रक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर राजस्थान का विजय कुमार है। वह बाड़मेर जिला के छोहतन थाना क्षेत्र के सौलोर निवासी गुड्डू लाल का पुत्र है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब की ओर से एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब मुजफ्फरपुर की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त अनिल कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। शुक्रवार को बिहिया चौरास्ता के समीप वाहन जांच के दौरान एक टाटा कंपनी के बारह चक्का ट्रक को रोका गया। तलाशी के वक्त ट्रक से 24,288 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ से अधिक है। छापेमारी टीम में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव व धीरज कुमार के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# बिहार में बनेंगे दो हाइटेक पुलिस भवन : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि उन्होंने मुजफ्फरपुर और पटना में दो आधुनिक पुलिस भवनों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल 34 करोड़ 31 लाख रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बताया कि मुजफ्फरपुर में वरीय पुलिस अधीक्षक के लिए नया ऑफिस-कम-आवासीय भवन बनाया जाएगा। इस पर 18 करोड़ 92 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। यह भवन जी+4 (ग्राउंड प्लस चार मंजिला) होगा और इसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी। राजधानी पटना के बुद्धा कॉलोनी इलाके में भी एक नया और आधुनिक थाना भवन बनाया जाएगा। यह भवन जी+6 (ग्राउंड प्लस छह मंजिला) होगा। इसके निर्माण पर करीब 15 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च होंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पटना की तेजी से बढ़ती आबादी और शहरी जरूरतों को देखते हुए इस थाना भवन की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार सिर्फ कानून-व्यवस्था की बात नहीं कर रही बल्कि उसे जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। नए और आधुनिक भवन बनने से पुलिस अफसरों और जवानों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और इसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में पुलिस भवनों के निर्माण और उनके सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सरकार का मकसद है कि पुलिस को आधुनिक संसाधन और सुविधाएं दी जाएं ताकि वे और अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ इमारतें खड़ी करना नहीं है बल्कि पूरी पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाना है। आने वाले समय में नए भवनों में आधुनिक ऑफिस, ट्रेनिंग की सुविधाएं और आवासीय व्यवस्था भी होगी ताकि पुलिसकर्मियों को एक ही जगह सभी सुविधाएं मिल सकें।

# एलइएओ कार्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट रिश्वत लेते धराये

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे सख्त अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को खगड़िया जिले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। निगरानी की टीम ने खगड़िया स्थित एलइएओ कार्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट शिशिर राय को 18 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से जिले के सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अकाउंटेंट शिशिर राय पर एक लाभार्थी से कार्यालयीन कार्य के निष्पादन के बदले अवैध रूप से रुपये की मांग करने का आरोप था। पीड़ित लाभार्थी ने इस संबंध में निगरानी विभाग से लिखित शिकायत की थी।

# बिहार सरकार व नाबार्ड की साझेदारी से किसानों को मिलेगा सस्ता ऋण : राम कृपाल यादव

## किसानों को कृषि ऋण पर मिलेगी और बड़ी राहत, राज्य सरकार देगी एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** किसानों को सस्ती दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराने तथा उन्हें आधुनिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव की उपस्थिति में कृषि विभाग एवं नाबार्ड के बीच एक प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह भी मौजूद थे। यह समझौता वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के किसानों को अतिरिक्त ब्याज राहत प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जिससे किसानों पर ऋण का बोझ कम होगा, संस्थागत ऋण की पहुंच बढ़ेगी तथा कृषि क्षेत्र में निवेश, उत्पादन और आय वृद्धि को नई गति मिलेगी। कृषि विभाग की ओर से कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी) सुशील कुमार, सहायक निदेशक (सांख्यिकी) वाशिद इकबाल, तथा नाबार्ड की ओर से उप महाप्रबंधक भोला प्रसाद सिंह, सहायक महाप्रबंधक विजय कुमार एवं सहायक प्रबंधक सात्विक सत्यकाम देवता, द्वारा समझौता ज्ञापन पर विधिवत हस्ताक्षर किए गए। भारत सरकार द्वारा कृषि ऋण पर तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान के अतिरिक्त राज्य स्कीम मद से एक प्रतिशत ब्याज अनुदान देय है। राज्य के किसानों को वाणिज्यिक बैंको क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों/सहकारी बैंकों से तीन लाख रूपये तक फसल ऋण/किसान क्रेडिट कार्ड ऋण/अल्पावधि कृषि उत्पादन ऋण पर एक प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान राज्य योजना मद से देने का प्रावधान किया गया है। योजना का लाभ उन्हीं किसानों को देय होगा जो निर्धारित अवधि में ऋण का भुगतान करेंगे। इस योजना का उद्देश्य किसानों को कृषि ऋण पर लगने वाले ब्याज के बोझ को कम करना है ताकि किसान उत्साहित होकर अधिक-से-अधिक संस्थागत ऋण प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम के फलस्वरूप किसान आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाने के लिए बीज, उर्वरक, कीटनाशी, सिंचाई आदि में निवेश करने में सफल होंगे जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। नाबार्ड इस योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य एजेंसी नामित है। वित्तीय (शेष पृष्ठ 11 पर)

# जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू परिवार के छह सदस्यों समेत 41 लोगों पर आरोप तय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी से जुड़े कथित घोटाले के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि पूर्व रेल मंत्री लालू यादव ने अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। इस दौरान उन्होंने आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। यादव परिवार ने रेल अधिकारियों और अपने करीबी सहयोगियों की मिलीभगत से जमीनें हासिल की। अदालत ने इस मामले में 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए और 52 लोगों को बरी कर दिया, जिनमें रेल अधिकारी भी शामिल थे। सीबीआई की चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से पांच की मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ता अजाज अहमद ने कहा कि सीबीआई अदालत ने लालू प्रसाद यादव, मीसा भारती, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और हेमा यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी और 13 के तहत आरोप तय किए हैं। आरोप 29 जनवरी को तय किए जाएंगे। इससे पहले 19 दिसंबर को हुई सुनवाई में विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा था कि आरोप तय करने से जुड़े आदेश 9 जनवरी को सुबह 10:30 बजे सुनाए जाएंगे। इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत में एक सत्यापन रिपोर्ट दाखिल कर बताया था कि चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से पांच की मौत हो चुकी है।

C M Y K

# बिहार में सार्वजनिक वितरण प्रणाली होगी और अधिक सुदृढ़ : केन्द्रीय मंत्री

## केन्द्रीय मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया, बिहार सरकार की खाद्य मंत्री लेशी सिंह ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शुक्रवार को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार की खाद्य मंत्री लेशी सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव रवि शंकर, बिहार सरकार के प्रधान सचिव खाद्य अभय कुमार सिंह सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक पूर्वी अंचल मनोज कुमार गोगोई, भारतीय खाद्य निगम बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक





और वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय भंडारण निगम बिहार तथा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने बिहार में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर और निर्बाध रूप से खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ताकि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके। बैठक में खाद्य मंत्री लेशी सिंह ने भी खाद्य सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए किए जा रहे विभागीय प्रयासों की सराहना की। संयुक्त सचिव रवि शंकर ने राज्य से संबंधित लंबित मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधान सचिव खाद्य अभय कुमार सिंह ने राज्य में संचालित खाद्य एवं उपभोक्ता कल्याण योजनाओं, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति तथा खाद्य सुरक्षा से जुड़े विषयों की जानकारी दी। कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार गोगोई ने खाद्यान्न आपूर्ति, भंडारण व्यवस्था, वितरण प्रणाली और साइलो निर्माण की प्रगति पर प्रकाश डाला। केंद्रीय भंडारण निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक देबापति साहा चौधरी ने भी अपने विचार रखे।

# 'लैंड फॉर जॉब' मामले में लालू यादव परिवार पर आरोप तय, कानून के हाथ लंबे : संजय सरावगी

## लालू परिवार ने बिहार के सरकारी खजाने को लूटकर अपनी संपत्ति बनाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में राउज एवेन्यू स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, बेटी मीसा भारती सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के बाद बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि लालू यादव परिवार के गुनाह की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कानून के हाथ लंबे होते हैं। देश में कानून सबसे बड़ा है जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उस पर कानून अपना काम कर रहा है जो भ्रष्टाचार करेगा, घोटाला करेगा तो कोर्ट उस पर आरोप तय करेगा और उचित फैसला लेगा। कानून इस देश का सबसे बड़ा है। इसलिए जिन लोगों ने घोटाला किया है, भ्रष्टाचार किया है, निश्चित रूप से कानून उस तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जमीन के बदले नौकरी के मामले में कोर्ट ने भी



माना है कि एक व्यापक आपराधिक साजिश के तहत अपराध को अंजाम दिया गया है। उन्होंने आगे कहा 15 साल के 'जंगलराज' में बिहार में और भी बहुत सारे घोटाले हुए जिसके कारण हजारों करोड़ रुपए लालू परिवार के पास गए जिससे बिहार का विकास बाधित हुआ। इन घोटालों से बिहार बहुत बदनाम भी हुआ है। रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव ने जो घोटाला किया, वह राष्ट्रव्यापी था। बिहार में इन लोगों ने कई घोटाले किए। अदालत ने भी माना कि लालू यादव का पूरा परिवार राजनीतिक-आपराधिक सिंडिकेट चलाता है। पूरा परिवार अकूत संपत्ति बनाने का टूल समझकर राजनीति करता रहा है। इस परिवार ने बिहार के सरकारी खजाने को लूटकर अपनी संपत्ति बनाई है। बिहार की गरीब जनता को लूटा है। बिहार की जनता 'जंगलराज' स्थापित करने वाली भ्रष्टाचारी पार्टी और परिवार को अब कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले भी लालू यादव चारा घोटाला में सजा पा चुके हैं।

# पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय और यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन के बीच समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय ने छात्र हित, अकादमिक उन्नयन एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम उठाते हुए यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता विश्वविद्यालय के कुलपति के शैक्षणिक एवं छात्र-केंद्रित विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. अबू बकर रिजवी के मार्गदर्शन में यह समझौता संपन्न हुआ जो विश्वविद्यालय को नवाचार, अवसर और समावेशी शिक्षा की ओर ले जाने के उद्देश्य से किया गया है। यह अकादमिक सहयोग विश्वविद्यालय के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को



इंटर्नशिप, स्कॉलरशिप, करियर मार्गदर्शन एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन एक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था है जो देशभर में युवाओं के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास हेतु निरंतर कार्यरत है। संस्था विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के छात्रों को विभिन्न सरकारी, निजी एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत संचालित स्कॉलरशिप से जोड़ने, उन्हें जागरूक करने तथा स्कॉलरशिप की राशि प्राप्त कराने तक सहयोग प्रदान करती रही है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. अबू बकर रिजवी ने कहा कि यह समझौता छात्रों के लिए दीर्घकालिक लाभकारी सिद्ध होगा तथा विश्वविद्यालय के समग्र शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# विकसित भारत- 2047 पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम

## जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता लेंगी तब हमारा देश विकसित बनेगा : रामविलास कामत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सुपौल/निर्मली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा द्वारा सुपौल के निर्मली में स्थित भागीरथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में विकसित भारत@ 2047 पर आयोजित 2 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाप्त हो गया। दो दिवसीय इस चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के समापन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक रामविलास कामत ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमारा देश आजादी का 100 साल पूरा कर



शताब्दी वर्ष मना रहा होगा उसी वर्ष हमारा विकसित बिहार और विकसित भारत हो ये लक्ष्य लेकर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चहुंमुखी विकास का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 21 वर्ष के बाद 2047 में हमारा देश और राज्य तब विकसित हो सकेगा जब आप सभी जनता भारत एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे जन-कल्याणकारी योजनाओं का पूरी तरह लाभ लेंगे। उन्होंने खासकर बच्चों को अपील करते हुए कहा कि आज के युवा देश और राज्य का भविष्य हैं और जब युवा शिक्षित, सफल और सशक्त होंगे तब जा कर हमारा देश विकसित राष्ट्र बनेगा। निर्मली के इस भागीरथ उच्च माध्यमिक विद्यालय में इस तरह का भव्य आयोजन के लिए केन्द्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से यहां की आम जन जरूर लाभान्वित और जागरुक हुए होंगे।

समापन समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करता है। उन्होंने कहा कि निर्मली में इस तरह के भव्य चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन से यहां के आम जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवश्य जानकारी मिली होगी।

# सिल्क साड़ियों के खास कलेक्शंस देखने इस्कॉन मंदिर हॉल में लगी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इस्कॉन मंदिर हॉल में सिल्क इंडिया उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में खरीदारी को लेकर प्रतिदिन ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। प्रदर्शनी में वेडिंग समारोह और अन्य त्योहारों के लिए लगाए गए खास कलेक्शंस लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। प्रदर्शनी में लगे 80 से अधिक स्टालों पर भारत के कई राज्यों की विशेष सिल्क साड़ियां ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस प्रदर्शनी में देश के कोने - कोने से आए बुनकरों द्वारा सिल्क की सभी वैराइटीज का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में उचित मूल्य पर बेहतर क्वालिटी के कपड़े मिल रहे हैं। सिल्क इंडिया



आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने बताया कि इस आयोजन का मकसद बुनकरों की कला को लोगों के सामने लाना है। प्रदर्शनी में ग्राहकों को अलग-अलग राज्यों के प्रसिद्ध सिल्क साड़ियों का बेहतरीन संग्रह मिलेगा जिनमें उड़ीसा की संभलपुरी इक्कत सिल्क, बिहार की ऑर्गेनिक टस्सर सिल्क, असम की मूगा एवं एरी सिल्क, कर्नाटक की क्रेप, जॉर्जेट और अत्रृणी सिल्क, तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, यूपी की मलबरी, जमवार और जामदानी सिल्क, छत्तीसगढ़ की कोसा सिल्क, जम्मू एंड कश्मीर की चीनों और टेडी सिल्क, राजस्थान की कोटा सिल्क, पंजाब की फुलकारी ड्रेस सहित अन्य राज्यों की सिल्क और ड्रेस मटेरियल शामिल है। उन्होंने कहा कि वेडिंग समारोह के खास कलेक्शंस के साथ हीं विविध कार्यक्रमों के अनुकूल प्रदर्शनी में साड़ियों के साथ हीं स्टोल्स, दुपट्टा, कुर्ता, शर्ट, ज्वेलरी सहित घरेलू सजावट के कई सामान उपलब्ध हैं। हम ग्राहकों को सिल्क साड़ियों पर विशेष छूट दे रहे हैं। यह प्रदर्शनी सुबह 10:00 बजे से रात 9:00 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला है जिसमें ग्राहकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। यहां ऑनलाइन पेमेंट की सभी सुविधाएं यहां मौजूद हैं। इस प्रदर्शनी का समापन 18 जनवरी, 2026 को होगा।

# मगध महिला कॉलेज में मनाया गया प्रवासी भारतीय दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मगध महिला कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त द्वितीय सचिव एवं चांसरी प्रमुख विदेश मंत्रालय, भारत सरकार शंभु अमिताभ ने प्रवासी भारतीयों की वैश्विक भूमिका एवं राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. एन. पी. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना एवं वैश्विक दृष्टि विकसित करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ ज्योति दुबे ने किया।

# रत्नेश कुमार गौतम, बीमा आयुक्त ने किया कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रत्नेश कुमार गौतम, बीमा आयुक्त, मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ़, पटना का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सनोज कुमार द्वारा उनका आवश्यक सहयोग किया गया। उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान अस्पताल के सभी विभागों एवं वार्डों का गहनतापूर्वक जायजा लिया गया। उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में भर्ती महिला एवं पुरुष मरीजों से उनके स्वास्थ्य, अस्पताल की साफ-सफाई, अस्पताल की ओर से मिलनेवाले भोजन, चिकित्सकों तथा वार्ड



अटेंडेंट का मरीजों के प्रति ध्यान एवं अन्य परेशानियों के बारे में मंतव्य लिया गया। सभी मरीजों द्वारा बताया गया कि वे अस्पताल की व्यवस्था, अस्पताल की साफ-सफाई, चिकित्सकों तथा वार्ड अटेंडेंट का मरीजों के प्रति व्यवहार, अस्पताल की ओर से मिलने वाले भोजन आदि से पूर्ण रूप से संतुष्ट हैं। बीमा आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान अस्पताल के दवा भंडार से तीन प्रकार की दवाइयां को रेंडमली लेकर उनकी गुणवत्ता जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक को परामर्श दिया गया कि भौतिक चिकित्सा विभाग में फिजियोथेरेपी एवं एक्सरसाइज संबंधी सभी आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की जाए ताकि बीमित व्यक्तियों को इनका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

# भारतीय रेलवे ने 2026 की समय सारणी में 549 ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय रेलवे ने ट्रेन समय सारणी 2026 के अंतर्गत अनेक नई ट्रेनें शुरू करने के अलावा मौजूदा सेवाओं का विस्तार किया और ट्रेनों के फेरे बढ़ाए। इसके साथ ही कई ट्रेनों को सुपरफास्ट में तब्दील किया और विभिन्न रेलवे जोन में सेवाओं की गति बढ़ाई गई। मध्य रेलवे जोन में 4 नई ट्रेनें चलाई गईं, 6 का विस्तार किया गया और 30 ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई गई। इसी तरह पूर्व तटीय रेलवे में 4 नई ट्रेनों चलाई गईं, 4 का विस्तार किया गया और 3 ट्रेनों की गति बढ़ाई गई। पूर्व मध्य रेलवे में



उल्लेखनीय विस्तार करते हुए 20 नई ट्रेनें चलाई गईं, 20 का विस्तार किया गया और 12 ट्रेनों की गति बढ़ाई गई। पूर्व रेलवे में भी 6 नई ट्रेनें चलाई गईं, 4 का विस्तार किया गया और 32 ट्रेनों की गति बढ़ाई गई। उत्तर मध्य रेलवे ने 2 नई ट्रेनों शुरू कीं, 4 का विस्तार किया, 2 के फेरे बढ़ाए और 1 ट्रेन की गति बढ़ाई। उत्तर पूर्व रेलवे ने 8 नई ट्रेनें जोड़ीं, 4 का विस्तार किया, 2 के फेरे बढ़ाए और 12 ट्रेनों की गति में इजाफा किया। उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे ने 10 नई ट्रेनें शुरू कीं और 36 ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई। इसी तरह उत्तर रेलवे ने 20 नई ट्रेनें शुरू कीं, 10 का विस्तार किया और 24 ट्रेनों की गति बढ़ाई। उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपनी सेवा में 12 नई ट्रेनें जोड़ीं, 6 का विस्तार किया, 2 के फेरे बढ़ाए और 89 ट्रेनों की गति में वृद्धि की। दक्षिण रेलवे ने 6 नई ट्रेनें शुरू कीं, 4 का विस्तार किया, 2 को सुपरफास्ट में परिवर्तित किया और 75 ट्रेनों की गति बढ़ाई। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने 8 नई ट्रेनें शुरू कीं, 6 का विस्तार किया, 8 को सुपरफास्ट में तब्दील किया और 117 ट्रेनों की गति बढ़ाई जो सभी जोनों में सबसे ज्यादा है। पश्चिम मध्य रेलवे ने 8 नई ट्रेनें शुरू कीं और 27 ट्रेनों की गति बढ़ाई। वहीं, पश्चिम रेलवे ने 10 नई ट्रेनें शुरू कीं, 10 ट्रेनों का विस्तार किया, 2 ट्रेनों के फ़ेरे बढ़ाए और 80 ट्रेनों की गति में सुधार किया। कुल मिलाकर, ट्रेनों की समय सारिणी 2026 के तहत, 122 नई ट्रेनें शुरू की गईं, 86 ट्रेनों का विस्तार किया गया, 8 ट्रेनों के फेरे बढ़ाये गए, 10 ट्रेनों को सुपरफास्ट ट्रेनों में बदला गया और 549 ट्रेनों की गति बढ़ाई गई।

# जिला बाल संरक्षण इकाई ने दो बच्चों को प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर में सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिला बाल संरक्षण इकाई, गया के सहायक निदेशक अविनाश कुमार द्वारा विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए दो बच्चों को प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर में सौंपा गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न की गई। इस अवसर पर एक बच्चे को पश्चिम बंगाल के दंपति को, जबकि दूसरे बच्चे को तमिलनाडु की एक एकल महिला को प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर में सौंपा गया। बच्चों के भविष्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। पूरी प्रक्रिया के दौरान बाल संरक्षण पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी,



विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के समन्वयक सहित जिला बाल संरक्षण इकाई के अन्य कर्मी मौजूद रहे। सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य स्थिति, दस्तावेजों की जांच और अभिभावकों की पात्रता से जुड़ी प्रक्रिया पूरी की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों ने बताया कि यह संपूर्ण प्रक्रिया किशोर न्याय अधिनियम तथा केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न की गई है। बच्चों को सुरक्षित, संवेदनशील और अनुकूल पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना ही प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि फोस्टर केयर अवधि के दौरान बच्चों की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

# स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, अर्जक नेता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** ग्राम पंचायत तिनेरी अंतर्गत मौला विगहा स्थित शेर-ए-बिहार यादव टोला में शुक्रवार को स्मरणीया बढ़िया देवी के प्रथम स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। सभा की अध्यक्षता पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय पुण्यदेव यादव ने की जबकि संचालन विनोद यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्मरणीया बढ़िया देवी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान, पारिवारिक मूल्यों, सरल स्वभाव तथा अनुकरणीय जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अर्जक नेता स्व. वीरेंद्र अर्जक के विचारों का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों एवं अंधविश्वासों के नाम पर नकली देवी-देवताओं के माध्यम से मानसिक, दैहिक और आर्थिक शोषण किया जाता रहा है। उन्होंने 'पहले बूझो, फिर मानो' का संदेश देते हुए वैज्ञानिक सोच अपनाने पर बल दिया। सभा में उपस्थित लोगों ने स्मरणीया बढ़िया देवी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा जीवन-मरण की सत्यता पर विचार व्यक्त किए। मौके पर अर्जक संघ के जिलाध्यक्ष बसंत वर्मा, डॉ. तुलसी यादव, शंभूनाथ यादव, शिक्षक शत्रुघ्न यादव, देवमोहन यादव, लक्ष्मण यादव, विकास यादव, राहुल बैठा, ब्रह्मदेव यादव, इंद्रदेव यादव, रमेश यादव सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम अर्जक विधि से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# विद्युत स्पर्शाघात से मौत मामले में परिजनों को मिला 4 लाख का मुआवजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** अनुमंडल अंतर्गत इमामगंज प्रखंड अंतर्गत टनकवार गांव निवासी टुन्नी देवी ने अपने पति स्वर्गीय रितेश सिंह की विद्युत स्पर्शाघात से हुई मृत्यु के बाद मुआवजा नहीं मिलने को लेकर लोक शिकायत निवारण में परिवाद दायर किया था। मामले की सुनवाई लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष की गई जिसमें परिवादी टुन्नी देवी एवं लोक प्राधिकार सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, इमामगंज उपस्थित हुए। परिवाद में कहा गया कि रितेश सिंह की मृत्यु बिजली के खंभे में पहले से प्रवाहित करंट के संपर्क में आने से हुई थी जबकि विद्युत विभाग द्वारा इसे मृतक की लापरवाही बताते हुए मुआवजा देने से इंकार कर दिया गया था। विभाग की ओर से प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में दावा किया गया कि रितेश सिंह कृषि मोटर के सर्विस तार को निम्न विभव के तार में टोका फंसाने के दौरान करंट की चपेट में आए। हालांकि सुनवाई के दौरान घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों ने स्पष्ट रूप से बताया कि बिजली के खंभे में पहले से करंट प्रवाहित था जिससे रितेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए थे, जो वर्तमान में जीवित हैं। परिवादी ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने चार लाख रुपये मुआवजा मिलने का झांसा देकर ग्रामीणों से संयुक्त जांच प्रतिवेदन पर गलत तथ्यों के आधार पर हस्ताक्षर कराए। अभिलेखों के सूक्ष्म अवलोकन से यह भी स्पष्ट हुआ कि मृत्यु की वास्तविक तिथि 23 जुलाई 2021 थी जबकि जांच प्रतिवेदन में गलत तिथि अंकित की गई थी। लोक शिकायत निवारण में यह पाया गया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई और मामले को लंबे समय तक उलझाए रखा गया। अंततः लोक निवारण पदाधिकारी द्वारा आदेश पारित करते हुए सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, इमामगंज को मृतक के परिवार को नियमानुसार 4,00,000 रुपये मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

# डीआईसी में पीएमएफएमई आवेदन सृजन हेतु विशेष कैंप का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पीएमएफएमई में अधिकाधिक आवेदन सृजन हेतु 10 से 24 जनवरी 26 तक जिला उद्योग केंद्र रोहतास के सभागार में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इच्छुक आवेदक कार्यालय में आकर अपना आवेदन ऑनलाइन भर सकते हैं। विदित हो कि इस योजना में रोहतास जिले का कुल भौतिक लक्ष्य 340 है। कैम्प में उक्त नवसृजन आवेदन को शीघ्र बैंक भेजकर इन्हें स्वीकृति /भुगतान की जाएगी। कैंप में आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में न्यूनतम आठवीं पास पैन, आधार, बिजली बिल, जमीन रसीद, रेंट एग्रीमेंट, राशन कार्ड, पासबुक, मशीन कोटेशन एवं जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। उपरोक्त योजना से संबंधित अधिक जानकारी हेतु निम्न नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सासाराम व डिहरी प्रखंड के डी.आर.पी. अरीन कुमार 8486162890 डिहरी, विक्रमगंज, नासरीगंज, अकोढ़ी गोला प्रखंड के डी.आर.पी. गोविंदा कुमार- 6202964276। सासाराम, कोचस व करगहर प्रखंड के डी.आर.पी. प्रिंस कुमार - 6205879079। नोखा, संझौली, नासरीगंज, राजपुर व डिहरी प्रखंड के डी.आर.पी. गौरव कुमार, राज कुमार - 7668688305 / 6201344301। बिक्रमगंज, दावथ, सूर्यपुरा व काराकाट प्रखंड के डी0आर0पी ममता कुमार राय - 9122736538। सासाराम, डिहरी, तिलौथू, अकोढ़ीगोला, नौहट्टा व रोहतास प्रखंड के डी0आर0पी अजय कुमार चौधरी- 6205491476। शिवसागर, चेनारी व करगहर प्रखंड के डी0आर0पी जय प्रकाश सोनी - 9801100802। कोचस, दिनारा व करगहर के डी0आर0पी अरुण कुमार - 8271003305।

# कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** रोहतास जिले के काराकाट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले के टॉप-10 कुख्यात अपराधियों में शुमार राकेश पासवान को गिरफ्तार किया। राकेश पासवान पिता बहादुर पासवान निवासी ग्राम किरही थाना काराकाट के खिलाफ नौ गंभीर मामले दर्ज हैं जिनमें डकैती, लूट और बिहार मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। वह कई वर्षों से फरार चल रहा था। बिक्रमगंज एसडीपीओ सह एएसपी संकेत कुमार (आईपीएस) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 8 जनवरी 2026 को गुप्त सूचना मिली कि राकेश अपने गांव किरही पहुंचा है। काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें डीआईयू रोहतास के जवान भी शामिल थे। टीम ने तत्काल छापेमारी अभियान चलाया और आरोपी को उसके गांव में धर दबोचा। पूछताछ के दौरान राकेश ने अपनी संलिप्तता कबूल करते हुए सहयोगियों के नाम भी उगल दिए। पुलिस ने इनके खिलाफ छापेमारी तेज कर दी है। राकेश के खिलाफ प्रमुख मामले इस प्रकार हैं- काराकाट थाना कांड संख्या 322/19, 433/24 (मद्य निषेध अधिनियम), 320/19, 330/19, 268/19, 149/21, 03/23, 09/23 तथा बिक्रमगंज थाना कांड 26/18। इनमें डकैती, लूट और शराब तस्करी जैसे संगीन अपराध शामिल हैं। एएसपी संकेत कुमार (आईपीएस) ने इस कार्रवाई को अपराधियों के लिए सख्त चेतावनी बताया। उन्होंने गिरफ्तारी में योगदान देने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की। इस सफलता से इलाके में पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है और अपराधी तत्वों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तारीफ की तथा अपराधमुक्त रोहतास के लिए सहयोग का भरोसा जताया।

## बिजली मीटर वेरीफिकेशन के नाम पर 3.46 लाख की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में बघेला थाना क्षेत्र के एघरा गांव निवासी शुभम कुमार तिवारी ने बिजली मीटर वेरिफिकेशन के नाम पर तीन लाख 46 हजार 329 रूपये की ठगी की प्राथमिकी कराया है। पुलिस के अनुसार बिजली विभाग का अधिकारी बताकर मीटर वेरीफिकेशन करने के लिए 12 का रिचार्ज करने को कहा गया जब उन्होंने 12 रूपये भेजा। उसके बाद उनके बैंक खाता से तीन लाख 46 हजार से अधिक राशि की ठगी कर ली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी रेसुब डिहरी ऑन-सोन रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार, साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन एवं सी आई बी गया के प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय, आरक्षी कमलेश कुमार सभी संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में गश्त व अपराधी गतिविधि निगरानी करते हुए न्यू पार्किंग एरिया के पास एक व्यक्ति रमेश लाल सोनकर, उम्र 48 वर्ष, पिता स्व. पागल सोनकर, ग्राम जारा बस्ती, थाना रामगढ़, जिला रामगढ़ (झारखंड) को एक बैग में कुल 10 लीटर छबीली देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया जिसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते स्थानीय थानाध्यक्ष नगर डिहरी को उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त, जब्त शराब मय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया।

# दो साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना की पुलिस ने शुक्रवार को डिहरी नगर थाना के पश्चिमी मोहन बीघा से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार गत 27 नवंबर को बिहार पुलिस मुख्यालय के आर्थिक एवं साइबर अपराध प्रभाग के द्वारा साइबर अपराध में उपयोग किये गए बैंक खाता के सत्यापन हेतु एक पत्र जिले के एसपी को प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि एसपी ने पत्र में अंकित साइबर अपराध में किये गए बैंक खाता का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसकी जांच को साइबर थाना के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। उन्होंने बताया कि गठित टीम के द्वारा बैंक खाता का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करना प्रारंभ किया गया। सत्यापन एवं जांच के क्रम में युको बैंक के खाता संख्या - 35170110012604 आई एफ एस सी कोड 0003517 के धारक का जांच किया गया। जांच के क्रम में पता चला कि खाता के धारक डिहरी नगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी मोहन बिगहा निवासी कुमार गौरव है। इन्होंने अपना उक्त बैंक अकाउन्ट का पासबुक एटीएम कार्ड व अकाउन्ट से लिंक सीम प्रति माह छह हजार रूपये के लाभ में अपने ही मुहल्ले के नितेश राज उर्फ मनतु, पिता राजकुमार गुप्ता के माध्यम से साइबर अपराधियों तक पहुंचाया था जिसका उपयोग साइबर फ्रॉड के लिये किया जा रहा था एवं बदले में उक्त दोनों अभियुक्त को पैसा मिल रहा था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रोहतास साइबर थाना कांड में गुरुवार को प्राथमिकी किया गया। खाता संचालक कुमार गौरव पे.- नगेन्द्र कुमार शर्मा व नितेश राज उर्फ मनतु, पिता-राजकुमार गुप्ता दोनों पश्चिमी मोहन बिगहा मुहल्ला थाना-डिहरी नगर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कांड में अन्य लोगों की संलिप्ता की बिन्दु पर अग्रिम अनुसंधान जारी है। इनके पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

# पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** राज्य के 39 पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके लिए इच्छुक छात्राएं 10 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा एवं नामांकन पूरी तरह निःशुल्क होगा। पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने राज्य के सभी जिलों में संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। इन विद्यालयों में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को निःशुल्क आवासन एवं शिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। वही 6 से 9 वर्ग तक की रिक्त सीटों पर भी नामांकन होगा जिसके लिए 1 मार्च 2026 को परीक्षा का आयोजन होगा। विभाग के अनुसार कक्षा 6, 7, 8 और 9 में संभावित रिक्तियों के विरुद्ध आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। नामांकन के लिए छात्राओं का चयन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। यह परीक्षा 2 घंटे की होगी जिसमें कुल 100 अंकों के प्रश्न (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान से 20-20 अंक) पूछे जाएंगे। आवेदिका के माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख रुपये होनी चाहिए। आयु सीमा 01.04.2026 को कक्षा 6 के लिए 10-13 वर्ष, कक्षा 7 के लिए 11-14 वर्ष, कक्षा 8 के लिए 12-15 वर्ष और कक्षा 9 के लिए 13-16 वर्ष निर्धारित है। इच्छुक छात्राएं विभागीय वेबसाइट के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। किसी भी कठिनाई की स्थिति में आवेदक अपने जिले के 'जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय' में संपर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट या संबंधित जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग ने 25 बसों पर 3.10 लाख का लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** बिहार परिवहन विभाग के निर्देशानुसार देशभर में मनाए जा रहे 'सड़क सुरक्षा माह 2026' के अवसर पर कैमूर जिले में यात्री बसों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में संचालित इस विशेष प्रवर्तन अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के सफर को सुरक्षित बनाना और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना था। जांच के दायरे में रहे सुरक्षा उपकरण, अभियान के दौरान यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। दस्तावेज में वैध परमिट और फिटनेस प्रमाण पत्र की जांच की गई। तकनीकी सुरक्षा में वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस इमरजेंसी एग्जिट और पैनिक बटन। अग्निशामक यंत्र और प्राथमिक उपचार किट। जांच दल ने जिले के विभिन्न मार्गों पर कुल 100 यात्री बसों की आकस्मिक जांच की। 25 बसें नियमों का उल्लंघन करते हुए पाई गईं। इन पर मोटर वाहन अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। उल्लंघनकर्ता वाहन स्वामियों से कुल 3,10,000 (तीन लाख दस हजार रुपये) का जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी, कैमूर ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले वाहन संचालकों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा सुरक्षा मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पैनिक बटन और वीएलटीडी जैसे उपकरण यात्रियों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। इस तरह के विशेष जांच अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। परिवहन विभाग ने सभी बस संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को दुरुस्त रखें और यातायात नियमों का पालन करें ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# मारिशस के लिए चयन पर लक्षिता के लिए सम्मान समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दावथ/बिक्रमगंज (रोहतास)।** पटेल सेवा संघ के तत्वावधान में कोआथ में एक समान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने किया। यह अवसर था कोआथ निवासी डॉ संजीव चौधरी की पुत्री लक्षिता चौधरी जो शतरंज की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन किया है, जो मार्च 2026 में होने वाले एशियाड खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है और अब वह भारत का प्रतिनिधित्व देश से बाहर मारिशस में करेंगी। लक्षिता ने हाल ही में 17वीं नेशनल स्कूल चैंपियनशिप में बेहतरीन खेल दिखाया और देश के टॉप 10 खिलाड़ियों में जगह बनाई। इस प्रदर्शन की वजह से उन्हें एशियाड चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिला। लक्षिता उत्तराखंड के ऋषिकेश पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ती हैं और रोहतास जिले के दावथ प्रखंड के कोआथ नगर पंचायत में रहने वाले डॉ. संजीव चौधरी की बेटी हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जगतानंद चौधरी, संयोजक अभिषेक पटेल, उपाध्यक्ष रवि पटेल, अरविंद चौधरी महासचिव सभाचंद चौधरी, शिवमंदिर पाण्डेय, मनोज चौधरी, अरविंद पटेल, कामेश्वर चौधरी, चन्दबोस चौधरी, डॉ सुरेंद्र चौधरी, श्री नाथ सिंह, हनुमान चौधरी, विजय भास्कर पटेल, स्वामी राजेंद्र योगी, अमित पटेल, श्याम बिहारी चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने सम्मान समारोह में बच्ची के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

# गायत्री यज्ञ का उद्देश्य समाज में संस्कारों का संचार : आचार्य लालबिहारी सिंह

**24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हवन-पूजन व भंडारा के साथ संपन्न, मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ वातावरण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आरएसके पब्लिक स्कूल परिसर में अखंड दीप जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हवन-पूजन एवं भंडारा के साथ विधिवत संपन्न हो गया। यज्ञ के दौरान वेद मंत्रों और गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर अपने परिवार एवं समाज की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली के आचार्य लालबिहारी सिंह ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गायत्री यज्ञ का मूल उद्देश्य लोगों के जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों का विकास करना है। संस्कारहीन जीवन दिशाहीन हो जाता है। उन्होंने यज्ञ के माध्यम से सत्कार, सहयोग और सेवा भाव को जीवन में उतारने का आह्वान किया। यज्ञ समिति के संरक्षक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि यज्ञ समाज को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है जो व्यक्ति को आत्मिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाता है। वहीं आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह एवं कोषाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू ने संयुक्त रूप से कहा कि गायत्री यज्ञ के माध्यम से राष्ट्र को समर्थ और सशक्त बनाया जा सकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जाप और यज्ञ करे तो यह धरती स्वर्ग के समान बन सकती है।

# गहने चोरी के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की शिवसागर पुलिस ने ज्वेलर्स दुकान से गहना चोरी के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्वर्ण व्यवसायी आदित्य कुमार सोनी के द्वारा शिवसागर थाना पर लिखित शिकायत की गई कि उनके दुकान से समय करीब 1:30 बजे दोपहर में तीन अज्ञात महिला के द्वारा कुछ ज्वेलरी चोरी कर ली गई है। इस शिकायत को गंभीरता से लिया गया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए ज्वेलर्स का दुकान एवं अगल-बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी के फुटेज का अवलोकन किया गया जिसमें तीन महिलाओं की पहचान की गयी। थानाध्यक्ष, शिवसागर थाना के द्वारा सी0सी0टी0वी0 में आये तीनों महिलाओं के घरों पर छापामारी की गई जहां से तीनों महिलाओं को आदित्य कुमार सोनी के दुकान से चोरी गये चांदी का एक जोड़ी पायल तथा चांदी का एक मछली के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिलाओं से पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि ये लोग आदित्य कुमार सोनी के ज्वेलर्स के दुकान पर गये थे जहां से मौका देखकर एक जोड़ी चांदी का पायल तथा एक चांदी का बना मछली चुरा लिये थे। तीनों गिरफ्तार महिलाओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# प्रधानमंत्री मातृत्व योजना में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रधानमंत्री मातृ योजना को लेकर शुक्रवार को जांच शिविर का आयोजन किया गया जहां क्षेत्र के भिन्न-भिन्न गांव से आई 125 गर्भवती महिलाओं की जांच कर जरुरत की दवा और स्वास्थ्य रहने के लिए सुझाव दिया गया। जांच दल में रहे डॉ नीरज कुमार ने बताया कि ऐसी महिलाओं की खून, बीपी, शुगर, वजन, युरिन आदि की जरूरत की जांच की गई। जरुरत के हिसाब से दवा दी गई। वही सीएचओ अर्चना ने बताया कि स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित पौष्टिक आहार में दूध, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल लेना चाहिए। इसके साथ ही कहा गया कि आवश्यकता से अधिक वजन न उठाएं। समय-समय पर अपना स्वास्थ्य जांच कराते रहें। ताकि आगे किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। अगर घर पर किसी प्रकार की परेशानी होती है तो आशा से सम्पर्क कर तत्काल अपने स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं जहां जांच कर उपचार किया जा सके जिससे जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य रहें। वहीं केन्द्र गर्भवती महिलाओं को जांच कराने लेकर आई आशा कार्यकर्ता ने बताया कि जांच कराने आई कई गर्भवती महिलाओं में कुछ को नाश्ता मिला तो कुछ को नहीं मिला पाया है जबकि सरकार के नियमानुसार जांच कराने आई सभी गर्भवती महिलाओं को नाश्ता देना अनिवार्य है। जांच दल में जीएन एम शिव शंकर कुमार, सीएच ओ अर्चना कुमारी, एएन एम रिसी बाला कुमारी आदि मौजूद रही।

# अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नो इंट्री का नया आदेश जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भारी वाहनों के लिए नो एंट्री का नया आदेश विक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार के द्वारा जारी किया गया है। इसके संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बिक्रमगंज नगर परिषद् क्षेत्र में नो-इंट्री सुबह 09:00 बजे से शाम 09:00 बजे तक प्रभावी है। उक्त नो-इंट्री को प्रभावी करने हेतु नटवार-दिनारा रोड में 'नो इन्ट्री' स्थल नोनहर मोड़ चयनित है, नासरीगंज-बिक्रमगंज रोड में सलेमपुर पुल के पास 'नो इन्ट्री' स्थल चयनित है तथा डुमरांव से बिक्रमगंज रोड में भारी वाहन के लिए 'नो इन्ट्री' स्थल संत ग्लोबल प्राइवेट स्कूल के पास चयनित हैं। परन्तु आरा से बिक्रमगंज आने वाली भारी वाहनों का 'नो इन्ट्री' बिंदु तथा सासाराम से बिक्रमगंज आने वाली वाहन के लिए 'नो इन्ट्री' बिंदु निर्धारित नहीं किया गया है जिसके कारण भारी वाहन अन्यत्र जगहों पर लगाये पाये जाते थे। सम्यक विरोपरान्त आरा-बिक्रमगंज रोड से आने वाली भारी वाहन के लिए 'नो इन्ट्री' को धावा पुल (मंदिर के पास) बाये साइड एवं सासाराम-बिक्रमगंज रोड से आने वाली भारी वाहन के लिए 'नो इन्ट्री' को पटेल कॉलेज के सामने रोड के बाया साइड निर्धारित किया जाता है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, बिक्रमगंज को निदेश दिया गया है कि भारी वाहनों का परिचालन बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। 'नो इन्ट्री' के संबंध में पूर्व से निर्गत आदेश यथावत रखा गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा किए गए इस तरह के कार्य से जहां आम शहर वासी खुश है तो वही लोगों ने इसकी तारीफ की।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मझियाव टीम ने जीता खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय के रामपुर खेल मैदान में शुक्रवार को मेरा युवा भारत कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट आयोजन का समापन महिला फुलबॉल एवं पुरुष फुटबॉल का फाइनल मैच के साथ समापन हुआ। मैच का उद्घाटन जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल एवं भभुआ विधायक भारत बिंद एवं थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर, गेंद को किक मारकर किया। इस प्रतियोगिता में 16 पुरुष टीम एम बालिका फुटबॉल टीम की चार टीम के साथ प्रखंड स्तर पर चार महिला कबड्डी टीम ने भाग लिया था। प्रतियोगिता आयोजन की अध्यक्षता सुशील करौलिया एवं आयोजक शहीद जगदेव क्लब बहेरी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक ओमप्रकाश कुमार थे। महिला एवं पुरूष फुटबॉल मैच शुरू होने से पहले भभुआ विधायक भरत बिंद, अजय पटेल, जदयू जिलाध्यक्ष, सीमा पांडेय, डॉ प्रदीप कुमार, पैक्स अध्यक्ष शिवजी सिंह सभी लोगों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सर्वप्रथम फाइनल मैच में पहुंची महिला टीम लक्ष्मी स्पोर्ट्स क्लब बेलाव बनाम युवा स्पोर्ट्स क्लब बेलाव के बीच खेला गया। फाइनल मैच तीस मिनट का खेला गया जो पहले हाफ तक दोनों टीम बराबरी पर रही। दूसरे हाफ का मैच शुरू होने के पांचवें मिनट में सबार टीम की स्कोरर गुड़िया कुमारी ने गोल दाग अपने टीम को एक शून्य से बढ़त दिलाई। उसके बाद खेलते हुए सबार टीम की चिंता कुमारी ने दूसरा गोल करते हुए अपने टीम को दो शून्य से बेलाव की टीम से बढ़त बनाई जो मैच का अंतिम निर्णायक रहा। दोनों टीम के बीच काफी रोमांचक खेल खेला गया जहां दर्शकों से खचाखच भरे मैदान के चारों तरफ दर्शकों द्वारा खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए खेलप्रेमी नजर आए। एसी टीसी कम्प्यूटर संटर बेलाव के प्रोपराइटर विकास कुमार सिंह ने बेलाव टीम के सभी महिला खिलाड़ियों को एसीडीसी कोर्स निशुल्क कराने की बात कही। वही उसके बाद दूसरा पुरुष फाइनल मैच का शुभारंभ हुआ। यह फाइनल मैच अमीजीत एलेबेन मझियाव बनाम कैमुरांचल फुटबॉल क्लब हुड्डी के बीच खेला गया। यह मैच 59 मिनट का खेला गया। मैच के पहले हाफ तक दोनों टीम द्वारा कोई गोल नहीं किया जा सका। सेकेंड हाफ के शुरू होने के पांच मिनट बाद मझियाव के जर्सी नम्बर 17 महावीर कुमार ने गोल दाग अपने टीम को एक शून्य से बढ़त बनाया। वही उसके बाद पन्द्रहवें मिनट में मझियाव की टीम ने दूसरा गोल कर अपने टीम को दो शून्य से बढ़त दिलाई। उसके बाद 24वें मिनट में हुड्डी की टीम ने एक गोल किया, लेकिन मझियाव की टीम ने एक गोल से बढ़त बना कर शील्ड पर कब्जा जमाया। वही खिलाड़ियों ने भी उपस्थित दर्शकों का खेल के माध्यम से दिल जीत लिया दोनों टीमों के बीच खेल काफी रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच में रेफरी की भूमिका में ओमप्रकाश कुमार वही लाइंस मैन की भूमिका विनोद कुमार गुप्ता व आनन्द कुमार ने निभाया। मौके पर अभय सिंह, अभिशेक कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, धनंज्जय पासवान, मनोज गुरुजी, संदीप कुमार, मिथिलेश गुप्ता, गोलू गुप्ता सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मोजूद रहे।


**कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 22/2025-26 दिनांकः 08.01.2026

**1. कार्य की विस्तृत विवरणी :**

| क्र. | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Construction of 10 Nos bathroom, At- KGBV Gidhour. | 1321700 | 2500 | 26500 | 04 months |
| 02 | Construction of 4 nos toilet, At- KGBV Gidhour. | 1052900 | 2500 | 21500 | 04 months |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15/01/2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 16.01.2026 से 22.01.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.01.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 370423 District(25-26)#D

## एक नजर

### जेपी सेनानी के निधन पर सोखोदेवरा आश्रम में शोक सभा आयोजित

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के जोगाचक गांव निवासी व खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष व जेपी सेनानी कपिलदेव मिस्त्री के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम में शोक सभा का आयोजन किया गया। ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शोक सभा में लोगों ने दो मिनट का मौन रखा एवं मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक सभा को सम्बोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के डॉ. भारत भूषण शर्मा ने कहा कि दिवंगत कपिलदेव मिस्त्री एक बहुत ही मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वे काफी वर्षों तक ग्राम निर्माण मण्डल से जुड़े रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विभाग के वैज्ञानिक रौशन कुमार ने कहा कि कपिलदेव मिस्त्री के निधन से केवीके ने अपना एक मार्गदर्शक खो दिया। शोक सभा में वैज्ञानिक डॉ. शशांक शेखर सिंह,सुचिता तिर्की,धीरेंद्र कुमार मन्नू,पिंटू पासवान आदि मौजूद रहे।

### जिला समन्वयक ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित सभागार भवन में शुक्रवार को जिला समन्वयक किरण कुरेशिया ने प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत के मुखिया,स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं अन्य सम्बन्धित कर्मियों के साथ स्वच्छता को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया। इस दरम्यान उन्होंने पंचायतों में सफाई पर एवं खुले में शौचमुक्त करने को लेकर सरकार की योजना को सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी लोगों को स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिए,ताकि लोग स्वस्थ रह सकें। उन्होंने सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों से हर घर से प्रत्येक दिन कचड़ा उठाव कराने को कहा तथा स्वच्छता शुल्क संग्रह करने का भी निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,प्रखण्ड समन्वयक उपेंद्र कुमार,कार्यपालक सहायक अजित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रार्थना सभा में छात्रा बेहोश

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरनारायणपुर में शुक्रवार को अफरातफरी का माहौल बन गया। विद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा हो रही थी। इसी बीच आठवीं कक्षा की एक छात्रा सुषमा कुमारी बेहोश होकर भूमि पर गिर गई। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक छात्र व छात्राएं आवक रह गए। सूचना पर उसके स्वजन व ग्रामीणों पहुंचे। तब आनन फानन में उसे वहां से उठाकर कार्यालय कक्ष में लेकर आये,और ग्रामीण चिकित्सक ने उसे इलाज किये। इलाज के बाद वह जब ठीक हो गई,तो लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के पीछे ठंड की वजह बताया जा रहा है।

### डीडीसी ने प्रखण्ड कार्यालय का किया निरीक्षण

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू ने पकरीबरावां प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को अभिलेखों के रख रखाव को दुरुस्त करने, कैशबुक को अद्यतन करने सहित अन्य कई निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण किया। डीडीसी ने पकरी में आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की। बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर उन्होंने सेविका को आवश्यक निर्देश दिए। सेविका ने बताया कि ठंड की बजह से कम बच्चे हैं। उन्होंने इंटर विद्यालय पकरीबरावां की जांच की। विद्यालय में कम बच्चे रहने के कारण प्रधानाध्यापक को अभिभावकों से नियमित संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया।

### नवादा को जाम से मिलेगी राहत, चार महीने में शुरू होगा आरओबी निर्माण

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** नवादा शहर में लंबे समय से चली आ रही जाम की गंभीर समस्या से जल्द निजात मिलने वाली है। सांसद विवेक ठाकुर ने स्पष्ट किया है कि शहर में रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण हर हाल में किया जाएगा और सभी वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद चार महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जिससे जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि आरओबी निर्माण को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और रेल मंत्रालय स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियां मिल चुकी हैं। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया कानून के तहत पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

सांसद ने कहा कि आरओबी निर्माण केवल नवादा शहर के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लोगों के लिए राहत लेकर आएगा। आए दिन रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से स्कूली बच्चों, मरीजों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी होती है। आरओबी बनने से आवागमन सुगम होगा और समय की भी बचत होगी। उन्होंने विरोध करने वालों से अपील की कि वे किसी भी तरह के भ्रम में न रहें और विकास कार्यों में सहयोग करें। सांसद ने भरोसा दिलाया कि निर्माण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी और तय समय-सीमा के भीतर काम शुरू होगा। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि नवादा के विकास के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और जाम जैसी बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

### पुलिस लाइन में वाहन परेड, सभी सरकारी वाहनों की हुई बारीकी से जांच

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर आज पुलिस लाइन में वाहन परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भारत सोनी स्वयं पुलिस विभाग के सभी सरकारी वाहनों की विस्तृत जांच करबाए। जिसमें वाहनों की स्थिति, फिटनेस, दस्तावेज, सायरन, लाइट, वायरलेस सेट तथा अन्य आवश्यक उपकरणों की कार्यशीलता का परीक्षण शामिल था। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वाहन हमेशा चालू अवस्था में रखे जाएँ, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने वाहनों की नियमित सर्विसिंग, साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। वाहन परेड के माध्यम से पुलिस बल की आपातकालीन तैयारी और कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### इतसंग भदवा में डाक चौपाल आयोजित

**बिहारशरीफ।** भारतीय डाक विभाग की कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए रहुई प्रखंड के इतासंग भदवा गांव में डाक चौपाल का आयोजन किया गया । इस चौपाल के माध्यम से ग्रामीण जनता को डाकघर से मिलने वाली सभी सेवाओं के बारे में बताया गया। इसका मुख्य उदेश्य ग्रामीण जनता को डाक विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं एवं डिजिटल सेवा की जानकारी देना था। इस डाक चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने बढ़-चढ़कर अपनी भागेदारी दर्ज की। कार्यकर्म के अध्यक्षता कर रहे नालंदा डाक मंडल के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डाक निदेशालय के निर्देश पर पुरे सर्किल में इस तरह के डाक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। डाक चौपाल में जन प्रतिनिधि के रूप में इतासंग पंचायत के मुखिया नीलम देवी, उप प्रमुख राकेश रंजन एवं समाजसेवी रौशन कुमार इत्यादि भी उपस्थित होकर डाक विभाग की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर नालंदा डाक मंडल के पूर्वी डाक निरीक्षक रंजित कुमार, दक्षिणी डाक निरीक्षिक रामाशीष कुमार, उतरी डाक निरीक्षक विकाश राय, पश्चिमी डाक निरीक्षक इन्द्रेश विक्रांत, ग्राहक संतुस्टी निरीक्षक अभिषेक कुमार तथा उप डाकपाल अमिताभ कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर बड़ा साइबर फ्रॉड

## तीन साइबर ठग गिरफ्तार, 14 मोबाइल व दो लैपटॉप जब्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवादा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पकरीबरावां थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए भोले-भाले लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह लंबे समय से लोगों को मोटे मुनाफे का झांसा देकर ऑनलाइन गेमिंग में फंसाता था और फिर उनके बैंक खातों से लाखों रुपये की ठगी करता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पकरीबरावां थाना क्षेत्र में साइबर ठगी की गुप्त सूचना मिलने के बाद विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी जांच और लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने एक ठिकाने पर छापेमारी कर तीनों अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप और लिंक के माध्यम से लोगों को जाल में फंसाते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में आपत्तिजनक और ठगी में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है। बरामद सामान में 14 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, विभिन्न बैंकों के 25 एटीएम कार्ड, 22 पासबुक, दो चेक बुक, विभिन्न कंपनियों के 16 सिम कार्ड, एक एयरटेल का राउटर तथा तीन डाटा शीट का रजिस्टर शामिल है। पुलिस का मानना है कि इन उपकरणों का इस्तेमाल फर्जी खाते खोलने, लेन-देन करने और ठगी की रकम को इधर-उधर करने में किया जाता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब्त दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों की गहन जांच की जा रही है, जिससे इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और ठगी की कुल राशि का खुलासा हो सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क का संबंध किसी बड़े साइबर गिरोह से तो नहीं है। नवादा पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान ऑनलाइन गेमिंग ऐप, लिंक या कॉल के झांसे में न आएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# सांसद निधि को लेकर सियासी घमासान

**इंदौर की संस्था को राशि जारी करने पर विपक्ष ने उठाए सवाल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर द्वारा अपने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमपीएलएडीएस) से इंदौर स्थित अक्षय अकेडमी सोसायटी को स्कूल–कॉलेज के रूम एवं कमरा निर्माण के लिए राशि जारी किए जाने को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार सांसद विवेक ठाकुर ने 28 जुलाई 2025 को उक्त संस्था को सांसद निधि से राशि स्वीकृत की थी। इस मामले को लेकर विपक्षी दलों ने कड़ा एतराज जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया है।

विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा सांसद अपनी सांसद निधि की राशि केवल अपने संसदीय क्षेत्र में ही खर्च कर सकते हैं, ऐसे में नवादा के सांसद द्वारा इंदौर स्थित संस्था को राशि जारी करना नियमों के विपरीत है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह सीधे तौर पर सांसद निधि के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है और इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। वहीं, इस पूरे मामले पर सत्तापक्ष के नेताओं का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कोई भी सहयोग राष्ट्र निर्माण की दिशा में कदम है। उनका दावा है कि नियमों के तहत और उचित प्रक्रिया अपनाकर ही राशि जारी की गई है। हालांकि, सांसद विवेक ठाकुर ने यह कहा है कि सांसद अपने विकास राशि को जरूरत पड़ने पर 50 लाख तक दूसरे क्षेत्र में खर्च कर सकता है इस पर किसी को एतराज करने की जरूरत नहीं है। फिलहाल यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आने वाले दिनों में इस पर प्रशासनिक या कानूनी स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जताई जा रही है।

# सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर विपक्ष को घेरा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में रोजगार, ग्रामीण विकास और गरीब कल्याण को लेकर विपक्ष लगातार भ्रम फैलाने का काम कर रहा है, जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में गांव, गरीब और मजदूर के हित में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि रोजगार गारंटी और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को लेकर जानबूझकर तथ्यहीन बातें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण रोजगार योजनाओं का उद्देश्य केवल काम उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों की बुनियादी संरचना को मजबूत करना भी है। सड़कों, तालाबों, सिंचाई व्यवस्था, जल संरक्षण और अन्य विकास कार्यों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने पारदर्शिता के साथ योजनाओं को लागू किया है। अब बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं रही, जिससे लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। डिजिटल भुगतान, आधार आधारित सत्यापन और ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था से भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगी है। सांसद ने दावा किया कि इससे गरीबों का आत्मसम्मान बढ़ा है और उन्हें समय पर मजदूरी मिल रही है। प्रेस वार्ता में सांसद विवेक ठाकुर ने यह भी कहा कि विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वह तथ्यों के आधार पर निर्णय लें और विकास कार्यों को देखें। इस मौके पर नवादा विधायक विभा देवी, हिसुआ विधायक अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, रालोसपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, हम जिला अध्यक्ष मनोज कुमार और जिला अध्यक्ष अशोक मांझी सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को डीएम ने किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम परिवहन विभाग बिहार, पटना के निदेशानुसार आयोजित किया गया है, जिसके तहत 1 से 31 जनवरी 2026 तक जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

जागरूकता रथ के माध्यम से सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान "कोहरे में सुरक्षित ड्राइविंग—अपनी जान बचाएं" संदेश के साथ लोगों को सावधानी बरतने की अपील की गई। कोहरे के मौसम में दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ने को देखते हुए निम्नलिखित सुरक्षित ड्राइविंग टिप्स दिए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएँ मानवीय भूल एवं लापरवाही के कारण होती है। जिन्हें




सावधानी और नियमों का पालन कर रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि "सड़क सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा।" जिलाधिकारी ने आमजनों से अपील किया कि सभी मिलकर यातायात नियमों का पालन करें और बहुमूल्य जीवन की रक्षा करें।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोक शिकायत अधिनियम के तहत डीएम ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा द्वितीय अपील से संबंधित 16 मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कई मामलों का निष्पादन तत्काल किया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित लोक प्राधिकारों को आवश्यक निर्देश देकर निवारण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। सुनवाई में रखे गए मामलों में से कुछ का समाधान सुनवाई से पहले ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर दिया गया था। शेष मामलों पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से विचार कर आवश्यक आदेश जारी किए।

सुनवाई की गई महत्वपूर्ण मामलों में मेंहदीनगर आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार गबन की शिकायत (परिवादी–सत्येन्द्र कुमार) के द्वारा किया गया जिसका जिलाधिकारी द्वारा निष्पादन किया गया। इसी तरह मिर्जापुर में अवैध शराब निर्माण की शिकायत (परिवादी–गोपाल शरण सिंह) के द्वारा किया गया जिसपर जिलाधिकारी ने उत्पाद अधीक्षक, मद्य निषेध से रिपोर्ट तलब की। गबन एवं अनियमितता से जुड़े मामले (परिवादी–अमिरक कुमार) की सुनवाई तिथि आगे बढ़ाई गई। दखल–कब्जा दिलाने की शिकायत (परिवादी–राम उदय प्रसाद) का निपटारा किया गया। फटबंदी विवाद (परिवादी–सतीश कुमार) का समाधान जिलाधिकारी ने कराया। अतिक्रमण से संबंधित मामला (परिवादी–बखोरी यादव) का निष्पादन किया गया। चिरकुट का नकल निकालने का मामला (परिवादी–सुरेश प्रसाद सिंह) का निपटारा किया गया। मकान पर ताला लगाकर कब्जा करने की शिकायत (परिवादी–पारस नाथ प्रसाद) का निष्पादन किया गया। सैनिक हेल्प डेस्क के माध्यम से सहायता (परिवादी–विभाष कुमार पाठक) की शिकायत का समाधान किया गया। मिठाई फैक्ट्री द्वारा प्रदूषण की शिकायत (परिवादी–रितेश कुमार) का निवारण किया गया। रसीद में रकबा कम दिखाने की शिकायत (परिवादी–नकुल कुमार) का समाधान हुआ।

कोविड-19 कार्य भुगतान (परिवादी–अशोक शर्मा) संबंधी सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई। गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी (परिवादी–रंजीत कुमार) के मामले का निष्पादन किया गया। 11 हजार वोल्ट तार एवं पोल हटाने की शिकायत (परिवादी–अनुष्का सिंह) का समाधान किया गया। सरकारी भवन हेतु भूमि अधिग्रहण स्वीकृति (परिवादी–राजेश कुमार) से संबंधित मामले का निवारण किया गया। सुनवाई के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने पर चर्चा

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, नीलिमा साहू ने की। बैठक में बिंदुवार चर्चा करते हुए पूर्व बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। साथ ही पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन नहीं करने वाले विभागों की समीक्षा की गई तथा शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिषद की खाली भूमि का राजस्व हित में उपयोग किए जाने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इसके अंतर्गत लीज पॉलिसी के माध्यम से भूमि देने अथवा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने हेतु किसी कंपनी को भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिला परिषद कार्यालय द्वारा योजनाओं से संबंधित एनओसी विगत सात माह पूर्व मांगे जाने के बावजूद अद्यतन एनओसी प्राप्त नहीं होने के विषय पर भी गंभीरता से विचार किया गया। संबंधित विभागों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड रोह के पंचायत डुमरी में उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए नए भवन निर्माण पर चर्चा की गई तथा आवश्यक पहल करने पर सहमति बनी। आज की बैठक में माननीय विधायक, विभा देवी, विधायक, गोविंदपुर विनिता मेहता, विधायक,वारिसलीगंज अनिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सम्मानित जिला परिषद सदस्य/सदस्या एवं प्रखंड प्रमुख आदि उपस्थित थे।

# समाहरणालय सभागार में जन सुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज समाहरणालय सभागार में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पाण्डेय द्वारा जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएँ एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। आज कुल 63 शिकायतें दर्ज की गईं।कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं, कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जाँच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया।

आज की जन सुनवाई में प्रखंड-काशीचक, थाना-शाहपुर, ग्राम एवं पो०-पार्वती के डब्लू रविदास द्वारा बनाए गए घर को परती भूमि बताकर कब्जा करने के संबंध में; थाना-नवादा, ग्राम-सिसवां के अनिल कुमार द्वारा विवादित संपत्ति का दाखिल-खारिज रोकने के संबंध में; थाना-रजौली, पंचायत-मुरहैना, ग्राम-चमोथा, टोला-तुर विगहा के अर्जुन चौधरी द्वारा भूमि विवाद के संबंध में; प्रखंड-पकरीबरावां के सेवानिवृत्त पंचायत सचिव राजेन्द्र पासवान द्वारा उपार्जित अवकाश की स्वीकृति के संबंध में;



अनुमंडल-रजौली, थाना-मेसकौर, ग्राम-लक्ष्मण विगहा के सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा अधिकारी के यहाँ कार्य नहीं करने के संबंध में; प्रखंड-मेसकौर, पो०-मंझवे, ग्राम-कटहरा के जयनंदन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नलकूप योजना के अंतर्गत भुगतान की राशि नहीं दिए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य लोगों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।जन सुनवाई में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि, "आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र किया जाएगा।"

# 10 जनवरी तक पंचायतों में शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ दिलाने की दिशा में प्रखंड प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर हिसुआ प्रखंड की सभी पंचायतों में फार्मर आईडी निर्माण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 9 और 10 जनवरी को प्रत्येक पंचायत सरकार भवन में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाना सभी किसानों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी से यह कार्य मिशन मोड में शुरू किया गया है, जबकि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसकी अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है।

# सांसद ने सुनीं जनता की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा संसदीय कार्यालय में सांसद विवेक ठाकुर ने शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 25 फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर कार्यालय पहुंचे। फरियादियों ने भूमि विवाद, राशन, पेंशन, बिजली, सड़क, आवास योजना सहित अन्य जनसमस्याओं से सांसद को अवगत कराया।

सांसद विवेक ठाकुर ने सभी फरियादियों की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनता की शिकायतों का समयबद्ध निपटारा उनकी प्राथमिकता है। सांसद ने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन मामलों का समाधान जिला स्तर पर संभव है, उन्हें तुरंत कराया जाएगा।

# रोगी कल्याण समिति के मनोनीत सदस्यों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरनौसा की नामित रोगी कल्याण समिति के सदस्यों को प्रखंड बिसूत्री अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की ओर से सम्मानित किया गया। यह आयोजन सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी की नई शुरुआत का प्रतीक बना, जहां सेवा, समर्पण और सुधार की उम्मीदें साथ-साथ रखी गईं। सम्मानित किए गए मनोनीत सदस्यों में अमरजीत कुमार सिंह, रंजीत कुमार एवं कमलेश मांझी शामिल रहे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा की रोगी कल्याण समिति के लिए कुल छह सदस्यों को मनोनीत किया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–16, दिनांकः 07.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–16, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल – आसनसोल मंडल में लार्ज स्पैन जंपर/जी जंपर आदि का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 1,84,64,132.58, **बयाना राशिः** रु. 2,42,300/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 04.02.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-300/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू–272–156–टी1–61, दिनांक 07.01.2026,** मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना, पूर्व रेलवे, तीसरा तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों जिनके पास समप्रकृति के कार्य का पर्याप्त अनुभव है एवं न्यूनतम पात्रता मानदंड की संतुष्टि करते हैं, से निर्धारित प्रारूप में 'खुली' ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के कालूबथान–छोटा अमबोना खंड में एएफटीसी और ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम को डुअल एमएसडीएसी से प्रतिस्थापन एवं सीतारामपुर–बराकार खंड में एबीएस के लिए एमएसडीएसी के साथ डुअल डिटेक्शन का प्रावधान (दो पैकेट प्रणाली निविदा)। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.12,69,58,707.58, **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु.7,84,800/– **कार्य की समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **निविदा कागजात ऑनलाइन जमा देने के लिए अंतिम तिथि और समय (बंद होना):** दिनांक 30.01.2026 को 15.00 बजे तक। **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। **बोली–पूर्व सम्मेलन :** लागू नहीं। **वेबसाइट का पता, समय और तिथि जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 07.01.2026 से। **बोली के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 30.01.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा बोली जमा की जा सकती है:** 1.बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। 2. निविदाकार ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेल की ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत अवश्य रहें। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, यदि आवश्यक हुए, तो केवल इस साइट पर दिए जाएंगे। 3. बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

CON-62/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में सुनी गईं 200 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक आमजनों ने अपनी समस्याएं रखीं। जनता दरबार में आए सभी आवेदकों की बात सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फतेहपुर पिपरा के एक आवेदक ने शिकायत की कि उनके गांव के किसी भी किसान से पैक्स द्वारा अब तक धान की खरीद नहीं की गई है और न ही किसानों को उचित राशि का भुगतान हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को अविलंब जांच कराने का निर्देश दिया। बोधगया बकरौर के एक आवेदक ने बताया कि अपर समाहर्ता के यहां जमाबंदी रद्दीकरण वाद की सुनवाई के बाद जमाबंदी रसीद कटने लगी थी, लेकिन बाद में अंचलाधिकारी बोधगया द्वारा पुनः जमाबंदी रद्द कर दी गई। इस मामले की जांच के लिए सहायक समाहर्ता को निर्देशित किया गया। मोहनपुर बहेरी के आवेदक ने धान खरीद में अनियमितता और प्रति क्विंटल पांच किलोग्राम अतिरिक्त धान लेने की शिकायत की। जिला पदाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को गंभीरता से जांच कर किसानों से उचित दर और सही मात्रा में धान खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मानपुर सोहैपुर वार्ड संख्या 10 में नल-जल योजना बंद रहने की शिकायत पर कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निरीक्षण कर योजना चालू कराने का आदेश दिया गया। जनता दरबार में अतिक्रमण, अवैध कब्जा, जमाबंदी, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, आवास योजना और भूमिहीन महिलाओं को भूमि उपलब्ध कराने से जुड़े कई आवेदन आए। इन सभी मामलों में संबंधित अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त और अपर समाहर्ता राजस्व को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की समस्याओं के संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम है।

## 219 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की रुकी पेंशन पुनः चालू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिले के कुल 219 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की पेंशन जो तकनीकी एवं अन्य कारणों से पिछले छह माह से रुकी हुई थी उसे पुनः चालू करने की स्वीकृति जिलाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा दी गई है। इसके साथ ही सभी लाभुकों को बकाया राशि सहित वर्तमान माह की पेंशन उनके बैंक खातों में भेज दी गई है। जिला प्रशासन के अनुसार बेलागंज प्रखंड के 5, नगर प्रखंड के 53, वजीरगंज प्रखंड के 44, बाराचट्टी प्रखंड के 10, टिकारी प्रखंड के 9, गुरुआ प्रखंड के 17, फतेहपुर प्रखंड के 33, डोभी प्रखंड के 3, मोहनपुर प्रखंड के 8, बोधगया प्रखंड के 8, कोच प्रखंड के 8, इमामगंज प्रखंड के 18 तथा मानपुर प्रखंड के 3 पेंशनधारियों की पेंशन पुनः चालू की गई है। इन सभी लाभुकों को अब नियमित रूप से हर माह पेंशन राशि प्राप्त होती रहेगी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि तकनीकी कारणों के चलते इन पेंशनधारियों की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा था जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। संबंधित विभागों से समन्वय कर सभी मामलों की जांच कराई गई और पात्र पेंशनधारियों की पेंशन बहाल करने का निर्णय लिया गया। प्रशासन का कहना है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्ध, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। इसलिए भविष्य में इस प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए पेंशन भुगतान व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाएगी। ताकि पात्र लाभुकों को समय पर पेंशन की राशि मिलती रहे।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति शशि प्रताप शाही ने नववर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। भेंट के दौरान कुलपति शशि प्रताप शाही ने नितिन नवीन को मगध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं विकासात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत संरचना को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने, शोध कार्यों के विस्तार तथा छात्र हित में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। नितिन नवीन ने मगध विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहल समाज और राष्ट्र के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कुलपति शशि प्रताप शाही ने भविष्य में मगध विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक कार्यक्रमों में नितिन नवीन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। नितिन नवीन ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करने की बात कही। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इसे मगध विश्वविद्यालय और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय, सहयोग और संवाद की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है जिससे विश्वविद्यालय के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## ठंड की चपेट में आने से 80 वर्षीया वृद्धा की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** अंचल कार्यालय स्थित आरटीपीएस कार्यालय के पास शुक्रवार को कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से एक 80 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान कुरमावां पंचायत के बेदौली गांव निवासी शांति देवी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शांति देवी किसी कार्य से प्रखंड कार्यालय आई थीं। अत्यधिक ठंड के कारण आरटीपीएस कार्यालय के सामने अचानक वह गिरकर बेहोश हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुरमावां पंचायत समिति पति सत्येंद्र पासवान ने बताया कि वृद्धा सुबह से प्रखंड कार्यालय में थीं और ठंड काफी अधिक थी। यदि परिसर में अलाव की व्यवस्था रहती तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। वहीं उतरेंण समिति ने भी प्रखंड परिसर में अलाव की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई।

## सब्जी लदी पिकअप से 151 कार्टन विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने सब्जी लदे एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई बहेरा थाना गेट के सामने की गई जहां जांच के दौरान पिकअप से विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब के कुल 151 कार्टन जिसकी मात्रा लगभग 1450.2 लीटर बताई जा रही है, जब्त की गई। इस मामले में पुलिस ने पिकअप चालक प्रदीप पासवान (उम्र करीब 30 वर्ष), पिता रामानंद पासवान, निवासी छोटकी नवादा, थाना डेल्हा, जिला गया को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि उक्त शराब हजारीबाग से लाई जा रही थी और इसे पटना पहुंचाया जाना था। शराब तस्करी को छिपाने के लिए पिकअप में ऊपर से सब्जी लदी हुई थी। ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। बहेरा थाना पुलिस ने वाहन को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ब्रजेश शर्मा की ट्रेन से कटकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** देश सेवा में समर्पित सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के सब इंस्पेक्टर ब्रजेश शर्मा की दानापुर रेलवे स्टेशन पर हुए एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना गुरुवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे हुई। ट्रेन में चढ़ने के दौरान उनका पैर अचानक फिसल गया जिससे वे असंतुलित होकर ट्रेन की चपेट में आ गए। ब्रजेश शर्मा पंचानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के रहने वाले थे। वे सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में उनकी तैनाती थी।

# पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा हेतु केंद्रीय अधिकारियों का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को गया जिले का महत्वपूर्ण दौरा किया गया। इस दौरान भारत सरकार के वैज्ञानिक विक्रम ढाका, बिहार अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी के वरीय अभियंता सतीश कुमार, भारत सरकार के मानद प्रतिनिधि एवं पीएम सूर्य घर योजना के बिहार-झारखंड प्रमोटर विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दौरे के क्रम में फतेहपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में योजना की प्रगति को लेकर एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण साहू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक विक्रम ढाका ने कहा कि सरकार का उद्देश्य 'सूरज से दोस्ती, बिजली से आजादी' के संकल्प को साकार करना है जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आम नागरिकों को अनुदान और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ऋण सुविधा दी जा रही है। ताकि लोग बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब दो लाख रुपये तक के ऋण में किसी प्रकार का सिविल स्कोर नहीं देखा जाएगा और अनुदान की राशि सीधे लाभार्थी के ऋण खाते में भेजी जाएगी। बैठक में ब्रेडा, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण गया के सहायक अभियंता रितेश कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता मानपुर अजय कुमार, भारत सरकार के अधिकृत सोलर वेंडर टैलीसिया एनर्जीज की प्रतिनिधि श्वेता श्रीवास्तव, अंकित कुमार, कौशल कुमार, कालीचरण सहित अन्य पदाधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे। बैठक के बाद अधिकारियों ने गया सदर के चंदौती प्रखंड अंतर्गत मां मंगला गौरी क्षेत्र में विकास कुमार के आवास का भ्रमण किया, जहां स्थापित सोलर ऊर्जा प्रणाली का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सोलर संयंत्र की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे पीएम सूर्य घर योजना का आदर्श मॉडल बताया और आम लोगों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

# 'भारतीय ज्ञान परंपरा' का वैश्विक परिप्रेक्ष्य विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया में स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, आईक्यूएसी, वैश्विक संस्कृति मंच नई दिल्ली एवं भारतीय शिक्षण मंडल दक्षिण बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक परिप्रेक्ष्य' विषय पर शुक्रवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ बी आर के सिन्हा एवं मंच का संचालन डॉ एकता वर्मा ने किया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम सत्र का उद्घाटन लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ मुरली मनोहर पाठक, भारतीय ज्ञान परंपरा भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय प्रमुख डॉ राजेंद्र कुमार अनायत, विशिष्ट अतिथि बिहार राज्य संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मृत्युंजय झा, सारस्वत अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल के प्रमुख प्रो पुरुषोत्तम राणा एवं वैश्विक संस्कृत मंच के महासचिव डॉ राजेश कुमार मिश्रा, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य विवेकानंद गिरी, मगध विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो बी. आर. के सिन्हा सहित मंचासीन अतिथियों ने वैदिक मंगलाचरण और शंख ध्वनि के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत परंपरानुसार छात्राओं ने लयबद्ध ढंग से कुलगीत की प्रस्तुति दी। आगत अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, विष्णु चरण एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर किया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को यादगार बनाने के लिए संस्कृत विभाग द्वारा प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण एवं डॉ एकता वर्मा के द्वारा लिखित पुस्तक 'योग दर्शन की भास्वती टीका' का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

# गया में फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेज, सभी योजनाओं के लिए आईडी अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार सरकार के कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत राज्य के प्रत्येक किसान की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान बनाई जा रही है जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे, पारदर्शी और बिना किसी बिचौलिये के किसानों तक पहुंच सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य सरकार ने राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित सभी कृषि और किसान कल्याण योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी गया शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में वीडियो सम्मेलन के माध्यम से सभी अंचल अधिकारियों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों और अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि विशेष अभियान के दौरान तेजी और आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में शिविर लगाकर किसानों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराया जाए। किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने के लिए नजदीकी किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक या हल्का कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और भूमि से संबंधित दस्तावेज आवश्यक हैं। किसानों की सुविधा के लिए कृषि विभाग का हेल्पलाइन नंबर 18001801551 तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का हेल्पलाइन नंबर 18003456215 जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करा लें। ताकि किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहें।

# इलाज के दौरान गर्भस्थ शिशु की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी-चतरा मोड़ स्थित त्रिदेव अल्ट्रासाउंड में इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला के पेट में पल रहे शिशु की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालकों पर अवैध रूप से क्लीनिक संचालन और इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। डोभी में यह पहला मामला नहीं है। परिजनों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व एक गर्भवती महिला जांच के लिए त्रिदेव अल्ट्रासाउंड पहुंची थी। महिला को वहीं इलाज के नाम पर दो प्रकार के इंजेक्शन दे दिए गए। इंजेक्शन लेने के बाद महिला के पेट में दर्द रहना शुरू हो गया जिसके बाद वह घर चली गई। एक सप्ताह बाद गुरुवार को जब महिला दोबारा जांच के लिए पहुंची और अल्ट्रासाउंड कराया तो बताया गया कि गर्भ में पल रहा बच्चा मर चुका है। उसके बाद परिजनों ने गुरुवार शाम करीब 6 बजे त्रिदेव अल्ट्रासाउंड के मुख्य गेट पर हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि वे इस पूरे मामले को लेकर थाना में लिखित आवेदन देंगे। वहीं पूछताछ के दौरान डोभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने कहा कि उन्हें इस मामले की सूचना मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर कार्रवाई की जाती तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता था।

# कड़ाके की ठंढ में भी सरकारी तौर पर वजीरगंज क्षेत्र में नहीं हो रही अलाव की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड और शीतलहर की चपेट में है। बीते एक सप्ताह से लगातार पड़ रही भीषण ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके वजीरगंज अंचल कार्यालय एवं नगर पंचायत की ओर से कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश है। ठंडी हवाओं के चलते गलन इतनी बढ़ गई है कि लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। जानकारी के मुताबिक नगर में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से गरीब तबके के लोग, मजदूर, बुजुर्ग, राहगीरों और यात्रियों को सुबह-शाम भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीतलहर के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग बेहद जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। चाय की दुकानों पर ठंड से राहत के लिए लोग चूल्हे पर हाथ सेंकते जरूर दिखते हैं, मगर खुले स्थानों पर रुकना मुश्किल हो गया है। तरवां बाजार निवासी मदन साव ने बताया कि इस कड़ाके की ठंढ में सरकारी तौर पर समुचित तरीके से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। हालांकि नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एवं सीओ का कहना है कि सरकारी तौर पर लगातार अलग-अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, लेकिन हकीकत यह है कि सिर्फ सीओ की डायरी में अलाव जल रहा है और सरकारी स्तर पर इक्के-दुक्के स्थानों पर सिर्फ कभी-कभी जला कर इतिश्री किया जा रहा है।

## प्रखंड मुख्यालय में गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए शुक्रवार को कोंच प्रखंड मुख्यालय में गरीबों एवं असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया जहां प्रखंड प्रमुख मनी देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कंबल का वितरण किया। इस दौरान बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी गई। बीडीओ विपुल भारद्वाज ने कहा कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं प्रखंड प्रमुख मनी देवी ने इसे मानवीय सेवा बताते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, बीपीआरओ, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव कमलेश शर्मा, जयंत कुमार नाजीर, धनंजय कुमार सहित प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, पटना के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी द्वारा रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वजीरगंज, गया जी में जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाना तथा 'विकसित भारत @ 2047' के संकल्प के प्रति जनभागीदारी को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण से हुआ जिसमें भानु कुमार झा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, सीबीसी ने युवाओं को भारत का भविष्य बताते हुए विकसित भारत की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच से ही एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का निर्माण संभव है। अभय कुमार, समाजसेवी एवं पैक्स अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास, किसानों के सशक्तिकरण और सहकारी प्रयासों को विकसित भारत की मजबूत आधारशिला बताया। प्रभाकर कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, वजीरगंज ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अमरनाथ सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वजीरगंज, गया जी ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, पटना द्वारा वजीरगंज जैसे क्षेत्र में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना सं०– एस–टी/सोन/ई–खुली निविदा/25–26/22**

मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 02.02.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। (1) **ई–निविदा सं०:** एस&टी/सोन./ई–खुली निविदा/25–26/22, **कार्य का नाम (मद सं० सहित):** सोनपुर डिवीज़न में RDSO स्पेसिफिकेशन नंबर TI/SPC/RCC/SCADA/0134 के अनुसार AMC के साथ पूरे SCADA सिस्टम का रिप्लेसमेंट/अपग्रेडेशन। **अनुमानित लागत (रु. में):** 5,63,84,091.31, **बयाने की राशि (रू. में):** 4,32,000.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 0.00, **समापन अवधि:** एल.ओ.ए.जारी होने की तिथि से 06 (छः) माह तक। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 06.01.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/ निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमे कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनीयर**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/1590/एसईई/एसएण्डटी/टी/25–26/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है । ई. निविदा सं० :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–05–25–26, **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेल के अन्तर्गत बिक्रमशिला –कटारिया नई रेल लिंक परियोजना के संबंध में गाइड बंड, लॉन्चिंग एप्रन और संबंधित नदी संरक्षण कार्यो आदि के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)।, **अंकलित मूल्य (रु):** 202,38,86,197.00, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु):** 0.00, **अग्रधन राशि (रु) :** 1,02,69,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 821 दिन, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 19–02–2026 at 12:15 बजे ।, सी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www-ireps-gov-in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।**

पीआर/1587/सीओएन/एमएचएक्स/पटना/सीओएनएसटी/टी/25–26/36

संपादकीय

# अब ग्रीनलैंड को ग्रसने की तैयारी

अमेरिका को फिर से 'ग्रेट' बनाने का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का असली चेहरा सामने आ रहा है। एक ताकतवर लुटेरे की माफिक वेनेजुएला के बाद अब अन्य देशों की खनिज संपदा तथा उनके रणनीतिक महत्व के मद्देनजर उन्हें हथियाना चाहते हैं और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। उनकी नजर अब विशालकाय ग्रीनलैंड द्वीप पर है। ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के दावे का पश्चिमी यूरोपीय देशों ने कड़ा विरोध किया है। ट्रंप ने ग्रीनलैंड की खनिज संपदा और रणनीतिक महत्व को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया है। बीते रविवार को ट्रंप ने फिर दोहराया कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बनना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया जब डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने ट्रंप से ग्रीनलैंड को लेकर 'धमकी भरी भाषा' बंद करने की अपील की थी। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करना अनुचित है। इसी संदर्भ में 7 यूरोपीय देशों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि ग्रीनलैंड वहां के रहवासियों का है। यूरोपीय नेताओं ने ग्रीनलैंड के बारे में ट्रंप की टिप्पणियों के मद्देनजर द्वीपीय देश की संप्रभुता का बचाव किया। अपने बयान में इन नेताओं ने कहा कि आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा केवल सामूहिक रूप से ही सुनिश्चित की जा सकती है नाटो सहयोगियों (जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका भी शामिल है) के साथ मिलकर-संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को बनाए रखा जाए। इसमें संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की अवध्यता शामिल है। ये सार्वभौमिक सिद्धांत हैं और हम इनकी रक्षा करना कभी नहीं छोड़ेंगे। दरसअल ट्रंप ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो द्वारा 1823 में प्रणीत 'मुनरो डॉक्ट्रिन' को 'डोनरो डॉक्ट्रिन' के नाम से फिर से जिंदा कर दिया है। 'मुनरो डॉक्ट्रिन' के मुताबिक़ पश्चिमी गोलार्ध यानी अमेरिकी महाद्वीप को यूरोपीय शक्तियों के प्रभाव से मुक्त रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के पास पहले से ही ग्रीनलैंड में एक सैन्य अड्डा 'पिटुफिक स्पेस बेस' है। लेकिन ट्रंप इस पूरे द्वीप पर अमेरिका का कब्जा चाहते हैं। ट्रंप का तर्क है कि ग्रीनलैंड हमे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से चाहिए। क्योंकि यह क्षेत्र 'हर जगह रूसी और चीनी जहाजों से भरा हुआ है।' ग्रीनलैंड द्वीप डेनमार्क साम्राज्य अर्द्धस्वायत्त हिस्सा और अमेरिका के उत्तर-पूर्व में क़रीब 3200 किमी की दूरी पर स्थित है। लगभग 21.6 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला यह द्वीप संसाधनों से समृद्ध है। यहां की जनसंख्या मात्र 56 हजार है, जिनमें 90 फीसदी इनुइट मूल के लोग हैं। सवाल यह है कि अमेरिका इस पर कब्जा क्यों चाहता है? तो इसका उत्तर यह है कि अमेरिका का यहां यह उन रेयर अर्थ मिनरल्स से समृद्ध इलाक़ा है, जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य साजो सामान बनाने के लिहाज से काफ़ी अहम हैं। वर्तमान में, चीन रेयर अर्थ मिनरल्स के उत्पादन में अमेरिका से बहुत आगे है। अमेरिका इस क्षेत्र में उसे पीछे छोड़ना चाहता है। इसके अलावा ग्रीनलैंड उत्तरी अटलांटिक में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक स्थान रखता है। यहाँ से आर्कटिक सर्कल तक पहुंच मिलती है, जिसका महत्व तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि आने वाले वर्षों में ध्रुवीय बर्फ पिघलने से नए समुद्री मार्ग खुलने की उम्मीद है। हालांकि ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ़्रेडरिक नीलसन ने ट्रंप को जवाब देते हुए द्वीप पर अमेरिकी नियंत्रण की धारणा को 'काल्पनिक' बताया। उन्होंने कहा कि हम संवाद के लिए तैयार हैं। लेकिन यह उचित तरीके से और अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों का सम्मान करते हुए होना चाहिए। यह बात स्पष्ट है कि ग्रीनलैंड पर क़ब्ज़ा करने का अमेरिका का कोई भी प्रयास उसे नेटो के किसी अन्य सदस्य देश के साथ संघर्ष में डाल देगा, जिससे संभवतः गठबंधन ख़तरे में पड़ जाएगा।

# हमारी संस्कृति का गौरव और स्वाभिमान



**अम्बिका कुशवाहा अम्बी**

हम भारतीय हैं, और हिंदी हमारी संस्कृति का गौरव है। आज हिंदी न केवल भारत की राजभाषा है, बल्कि विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में तीसरे स्थान पर है। भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएँ बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है।

सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह दिनकर और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वर्तमान में समसामयिकी मुद्दे पर चर्चित लेखक नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप' हिंदी में अपनी मजबूत लेखनी द्वारा हिंदी को बढ़ावा दे रहे हैं।

हालाँकि, संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आँका जाता है।

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है। हिंदी भारत की आत्मा है और हजारों वर्ष पुरानी है। यह हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में हिंदी के प्रति विरोध देखा जाता है, जहाँ इसे थोपने की आशंका जताई जाती है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदी हमारी एकता का सूत्र है। दूसरी भाषाएँ सीखना उत्तम है, किंतु अपनी मातृभाषा को तिरस्कृत करना अपनी जड़ों से कटना है। हिंदी में बोलना, लिखना और पढ़ना न केवल भाषा को समृद्ध करेगा, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाएगा।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है, हालाँकि अभी यह पूर्ण नहीं हुई है।

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहाँ संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं। हिंदी हमारी जन्मभूमि की आत्मा है। हिंदी बोलने, लिखने, पढ़ने और सीखने में हमें शर्म नहीं, बल्कि गर्व होना चाहिए। देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

**---- अम्बिका कुशवाहा अम्बी**
**पटना-1 (बिहार)**

# कब्ज़े की संस्कृति में घिरता विश्व

निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जब जार्ज़ डब्ल्यू बुश ने ईराक पर ताबड़तोड़ हमले किए तो उन दिनों अख़बारों की सुर्ख़ियों में थे तेल। ईराक की मूल संपदा पर अमेरिका की वक्र आँखें थीं। उसे परमाणु ज़खीरे से ज्यादा तेल पर अपनी प्रभुत्व जमाने की ज़ल्दी थी। पश्चिम की लालच बहुत ही विघ्नकारी रही हैं और समय-समय पर इससे पूरा विश्व परेशान हुआ है। अब वेनेजुएला में जो हो रहा है वहां भी कुछ ऐसी ही लालच है। आर्थिक प्रभुत्व की यह परोक्ष लड़ाई नहीं है अपितु अब तो यह सब साफ-साफ दिखने लगा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप क्या चाहते हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उनकी पत्नी के साथ रात्रि के प्रहर में गिरफ्तार करवाकर अमेरिका भले अपनी पीठ थपथपा रहा हो लेकिन यह उसकी बड़ी हार है। पूरे विश्व में उसकी खूब निंदा हो रही है। अपने डॉलर की चिंता ट्रंप को बेचैन कर रही है लेकिन साथ ही उनकी चिंता यह है कि रूस और चीन उनके मुकाबले कहीं खड़े न हो जाएँ। डरे हुए ट्रंप अब किसी भी स्तर पर जाकर सीरियल कार्रवाई विश्व के कई मुल्कों में करवा सकते हैं, इससे तो बुद्धिजीवी यही कयास लगा रहे हैं। यह किडनैपिंग का इंटरनेशनल स्वरूप है जिसे अमेरिका ने शुरू किया है। उसने ओसामा बिन लादेन जैसा भी प्रयोग किया था, जो उसे एक दिन भारी पड़ा। अब मादुरो जैसे राष्ट्रपतियों को उठाने की कोशिश अमेरिका ने करके नई किडनैपिंग कल्चर को जन्म दिया है जिसका प्रभाव उसे भविष्य में झेलने पड़ेंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। वैश्विक स्तर पर किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता व उसकी स्वाधीनता के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न ट्रीटीज की अवमानना है। मानवाधिकारों का उल्लंघन है। आमजन की गरिमा व स्वतंत्रता, सुरक्षा व जीवन के अधिकार के साथ खेलने का हक किसी भी राष्ट्र को नहीं है लेकिन अब जो कब्ज़ा की संस्कृति अपना पांव पसारने लगी है इससे चिंता इस बात की हो रही है कि क्या अब कोई भी देश का राष्ट्रपति भी अपनी टेरीट्रीज में सुरक्षित नहीं है? क्या वह कभी भी किस साम्राज्यशाली देश द्वारा उठाया जा सकता है? यदि ऐसा है तो थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज के देशों के राष्ट्राध्यक्षों को एक बार आपस में बैठक करना अब ज़रूरी हो गया है की वे सुरक्षित कैसे रहेंगे? उन्हें इसके लिए संयुक्त राष्ट्र में ही सही अगली महासभा में इस क्रिमिनल कार्रवाई के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ उठानी होगी नहीं तो स्थितियां बहुत ही भयानक होने वाली हैं। कब्ज़े की संस्कृति की चर्चा में अब ग्रीनलैंड केंद्र में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ-साफ कह दिया हिया कि ग्रीनलैंड वह लेकर रहेंगे। ट्रंप की चेतावनियों के बाद यूरोप के सात लीडर ग्रीनलैंड के साथ एकजुटता जता चुके हैं कि ग्रीनलैंड, ग्रीनलैंड के लोगों का है और भौगोलिक अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। डेनमार्क और ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर फैसला लेने का हक केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड का ही है। वहां की सरकार और नागरिकों का है। इन देश के नेतृत्वकर्ताओं का मानना है कि संप्रभुता, भौगोलिक अखंडता और सीमाओं की यथास्थिति को लेकर यूएन चार्टर में दर्ज सिद्धांतों के पालन की अहमियत पर जोर हम देंगे और डेनमार्क से ग्रीनलैंड की खरीद-फरोख्त या कब्जे की संस्कृति से हम बचाने का प्रयास करेंगे। मानव जीवन की गरिमा बनाए रखना, ये सभी देशों की अपनी प्रतिबद्धताएं हैं। संविधान-सम्मत या किसी चार्टर के सम्मान में भी इसका ख्याल रखना ज़रूरी है। लेकिन इसके बावजूद आए दिन कई जगहों से मानवाधिकार उल्लंघन की खबरें आती रहती हैं। अब जब राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री उठाने की संस्कृति कब्ज़े की संस्कृति की मजबूती के लिए उठ खड़ी हो रही हैं तो वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाज़ा भी आज लगाना मुश्किल है। सबसे अहम् बात यहाँ यह है कि यूरोपीय नेतृत्वकर्ताओं की बात तो अब पूरी होगी भी कि नहीं, इस पर भी शंका जताई जा रही है। यूएन महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक ने स्वयं वेनेजुएला स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की और कहा कि यूएन चार्टर का पालन कोई ऐच्छिक विकल्प नहीं है। यह हम सभी को राह दिखाने वाले ढाँचा है। शान्तिपूर्ण स्थिति और संकटों में भी, जैसा कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के रूप में आज वेनेजुएला में घटित हुआ है। यूएन चार्टर का अनुच्छेद 2 स्पष्ट कहता है कि संयुक्त राष्ट के तमाम सदस्य देश, अपने अन्तरराष्ट्रीय संबंधों में, किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता और राजनैतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध किसी तरह के बल प्रयोग से बचेंगे। इसमें ऐसे उपाय भी शामिल हैं जो संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्य से मेल नहीं खाते हों।

अध्यात्म

## सुलझन के लिये सद्?गुरु की बुद्धि से चलो

एक बार एक महात्मा जी के दरबार मे एक राहगीर आया और उसने पुछा की ह? महात्मन सद्?गुरु की आज्ञा का पालन कैसे करना चाहिये? महात्मा जी ने कहा की बहुत समय पहले की बात है की दो राज्य बिल्कुल पास पास मे थे एक राज्य बहुत बड़ा और एक राज्य छोटा था। बड़े राज्य के पास अच्छीखासी सेना थी और छोटे राज्य के पास ठीक ढाक सेना थी। बड़े राज्य के राजा विजय प्रताप के मन मे पाप आया की क्यों न इस छोटे राज्य को अपने राज्य मे शामिल कर लिया जायें और उसने छोटे राज्य पर आक्रमण करने की तैयारी शुरू कर दी इधर छोटे राज्य के राजा धर्मराज अपने गुरुवर के पास गये। और उधर विजयप्रताप को उनके गुरू ने समझाया की बेटा युध्द से पहले एक बार अपना दूत वहाँ भेजकर धर्मराज जी को समझा दो की वो आत्मसमर्पण कर दे तो बड़ी जनहानी रुक जायेगी और बिना युध्द के आपका काम हो जायेगा और एक बात का ध्यान रखना की वहाँ उसे भेजना जो आपके लिये सबसे अहम हो और वहाँ की पलपल की जानकारी आपको दे सके। राजा ने सोचा मेरे लिये सबसे अहम तो मैं ही हूँ, और विजयप्रताप स्वयं भेश बदलकर गये। राजा धर्मराज और राजा विजयप्रताप एक ऊँची पहाडी पर माँ काली के मन्दिर मे मिले राजा विजयप्रताप ने अपना प्रस्ताव रखा तो राजा धर्मराज ने कहा ह? देव पहले आप मेरी एक बात सुनिये फिर आप कहोगे तो मैं आपका प्रस्ताव मान लूँगा और राजा धर्मराज जी ने ताली बजाई एक सैनिक आया धर्मराज जी ने कहा जाओ उस पहाडी से नीचे कुद जाओ सैनिक भागकर गया और पहाडी से नीचे जा कुदा फिर धर्मराज ने ताली बजाई एक सैनिक आया और राजा ने वही कहा और सैनिक पहाडी से नीचे जा कुदा ह? वत्स इस तरह धर्मराज जी ने तीन बार ताली बजाई सैनिक आये और इस तरह सैनिक बिना कुछ कहे पहाडी से जा कुदे। विजयप्रताप ने कहा अरे ये कैसा पागलपन तो धर्मराज जी ने कहा ह? मित्र जब तक ऐसे स्वामी भक्त योद्धा हमारे पास है तब तक हम कभी हार स्वीकार नही कर सकते और राजा विजयप्रताप तत्काल उठे अपने राज्य पहुँचे और उन्होंने भी वैसे ही किया पर कोई भी पहाडी से न कुदा सब तर्क-कुतर्क करने लगे फिर राजा तत्काल धर्मराज जी के पास पहुँचे और उन्होंने धर्मराज जी के आगे अपना मस्तक झुका दिया।

राहगीर: ऐसे स्वामी-भक्त सैनिक बड़े ही आदरणीय और दुर्लभ है देव।

महात्मा: हाँ वत्स यही तो मैं आपसे कह रहा हूँ की जब सद्गुरु कुछ कहे तो बिना कुछ बोले उसकी पालना कर लेना बड़े लाभ मे रहोगे। महात्मा जी ने आगे कहा की ये तीन सैनिक और कोई नही है ये तीन तन, मन और धन जब भी सद्?गुरु कुछ कहे तो रणभूमि मे तन मन धन से कुद पड़ना और ह? वत्स ये कभी न भुलना की सद्?गुरु के समान कोई हितेषी नही है। और सद्?गुरु और सच्चे सन्त से तर्क वितर्क कभी मत करना क्योंकि जो तर्क वितर्क मे उलझते है वो फिर उलझते ही चले जाते है और जो नही करते है वो सुलझ जाते है। उलझन के लिये अपनी बुद्धि लगाओ और सुलझन के लिये सद्?गुरु की बुद्धि से चलो अर्थात जो भी सद्?गुरु कहे उसे तत्काल मान लो। और सद्?गुरु वही है जो तुम्हारा तार हरि से जोड़कर हरि को आगे करके स्वयं पिछे हट जायें ऐसे सद्गुरु का आदेश परमधर्म है।

# संविधान और जमीन के बीच फँसा नागरिक

**शहर की सुबह अक्सर अख़बारों की सुर्ख़ियों से नहीं, फुटपाथ पर सिमटी नींद से शुरू होती है। किसी बस स्टैंड के कोने में ठिठुरता शरीर, किसी निर्माणाधीन इमारत के साये में पड़ी चादर, किसी नाले के किनारे जलती छोटी-सी आग। यही वह दृश्य है जो भारत के तेज़ी से बढ़ते शहरी विकास के समानांतर चलता है। विकास की ऊँची इमारतों के नीचे एक ऐसी आबादी सांस लेती है जिसका कोई स्थायी पता नहीं होता। नोबल नॉन प्रॉफिट के मुताबिक भारत में बेघर लोगों की संख्या लगभग 1.77 मिलियन तक पहुँच चुकी है। यह कोई स्थिर आँकड़ा नहीं है। यह हर दिन बढ़ता हुआ सच है।**



रत की आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी गरीबी की रेखा के आसपास जीता है। इसी असुरक्षा की जमीन पर बेघर होने की समस्या फैलती चली जाती है। एक छोटी-सी बीमारी, काम का छूट जाना, गांव में सूखा, कर्ज़ का दबाव, पारिवारिक टूटन। ये सभी कारण किसी व्यक्ति को धीरे-धीरे उस स्थिति तक ले आते हैं जहाँ छत केवल आसमान रह जाती है। देश में बेघर लोगों की संख्या पुरुषों में अधिक है। अधिकतर की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच है। यही वह आयु है जिसे कामकाजी और उत्पादक माना जाता है। यही वह वर्ग है जो शहरों की अर्थव्यवस्था को चलाने में अदृश्य भूमिका निभाता है। बेघर होने की समस्या का चेहरा ग्रामीण कम और शहरी अधिक है। अनुमान है कि भारत के लगभग 85 प्रतिशत बेघर लोग शहरों में रहते हैं। शहर अवसरों का वादा करते हैं। रोजगार का सपना दिखाते हैं। बेहतर जीवन की आशा जगाते हैं। इसी आशा के सहारे लाखों लोग गांवों से शहरों की ओर निकल पड़ते हैं। कुछ लोग निर्माण स्थलों पर पहुंचते हैं। कुछ ढाबों में काम करते हैं। कुछ रिक्शा चलाते हैं। कुछ अस्थायी मजदूरी में खप जाते हैं। सभी के पास एक बात समान होती है अस्थिरता।

'इंडिया इन फैक्ट्स' के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 3,29,125 लोग बेघर हैं। महाराष्ट्र में यह संख्या 2,10,908 है। राजस्थान में 1,81,544 लोग इस स्थिति में जी रहे हैं। मध्य प्रदेश में 1,46,435 लोग बेघर हैं। ये केवल संख्या नहीं हैं। ये उतने ही अधूरे सपने हैं। उतनी ही टूटी हुई उम्मीदें हैं। उतनी ही कहानियाँ हैं जो किसी रिपोर्ट में दर्ज होकर ठहर जाती हैं। प्रवासी श्रमिकों की स्थिति इस संकट को और गहरा करती है। प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो के अनुसार जनगणना 2011 में देश में अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिकों की संख्या 4,14,22,917 दर्ज की गई थी। ये वे लोग हैं जिन्होंने अपने गांव, अपनी भाषा, अपनी पहचान से बाहर निकलकर नए प्रदेशों में श्रम बेचा। मध्य प्रदेश में ही 24,15,635 प्रवासी श्रमिकों के आने का रिकॉर्ड है। इन लोगों का बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में काम करता है। इनके पास सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। स्थायी आवास नहीं होता। कानूनी संरक्षण अक्सर कागजों तक सीमित रहता है। देश के विभिन्न शहरों में यह संकट साफ़ दिखाई देता है। रेलवे स्टेशन के आसपास, सब्जी मंडी के पीछे, अस्पतालों के बाहर, पुलों के नीचे। प्रवासी कामगार और बेघर लोग दिन भर मेहनत करते हैं। शाम होते ही उनके पास लौटने के लिए कोई घर नहीं होता। नगर की रोशनी उनके लिए उत्सव नहीं होती। वह केवल एक और लंबी रात की शुरुआत होती है। इन परिस्थितियों में व्यक्ति की गरिमा पर सबसे गहरी चोट पड़ती है। संविधान हर नागरिक को गरिमा के साथ जीने का अधिकार देता है। सामाजिक और आर्थिक न्याय की बात करता है। समान अवसर की गारंटी देता है। जब कोई व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर होता है, तब यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं होती। यह व्यवस्था की सामूहिक असफलता होती है। बेघर और प्रवासी लोग अक्सर अदृश्य माने जाते हैं। वे मतदाता सूची में होते हुए भी राजनीतिक प्राथमिकता नहीं बनते। वे शहर के निर्माण में शामिल होते हुए भी उसके लाभ से वंचित रहते हैं। महामारी के समय यह सच्चाई और निर्मम रूप में सामने आई। पैदल चलते मजदूर, भूखे बच्चे, बंद फैक्ट्रियां, खाली जेबें। उस समय समाज ने पहली बार बड़े पैमाने पर उन्हें देखा। फिर धीरे-धीरे वे फिर से अनदेखे हो गए। बेघर होना केवल छत न होने का सवाल नहीं है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पहचान सभी से जुड़ा है। बिना पैसे के इलाज मुश्किल हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई टूट जाती है। पुलिस और प्रशासन के साथ संबंध डर और अविश्वास से भरे रहते हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति और अधिक असुरक्षित हो जाती है। शहरों की योजना में इन लोगों के लिए स्थान अक्सर नहीं होता। स्मार्ट सिटी की कल्पना में फुटपाथ पर सोने वाला व्यक्ति फिट नहीं बैठता। विकास के नक्शों में उसकी जरूरतें नहीं दिखतीं। नाइट शेल्टर सीमित हैं। स्वच्छता सुविधाएं अपर्याप्त हैं। रोजगार योजनाएं कागज़ी बनकर रह जाती हैं। फिर भी इन चेहरों में जिजीविषा की कमी नहीं है। हर सुबह वे फिर काम की तलाश में निकलते हैं। किसी ठेकेदार की आवाज पर दौड़ पड़ते हैं। किसी निर्माण स्थल पर ईंट उठाते हैं। किसी होटल में बर्तन मांजते हैं। यह संघर्ष रोज़ दोहराया जाता है। बिना शिकायत। बिना मंच। ऐसे में सवाल यह है कि क्या यह देश इन नागरिकों को केवल श्रम की इकाई मानकर संतुष्ट रह सकता है। क्या विकास की परिभाषा में उनके लिए सुरक्षित आवास, स्थायी रोजगार, सामाजिक सुरक्षा शामिल नहीं होनी चाहिए। क्या संविधान के मूल्य केवल पुस्तकों में सजाने के लिए हैं। अहमदाबाद हो या लखनऊ, मुंबई हो या जयपुर, हर शहर की आत्मा उसके सबसे कमजोर नागरिक से पहचानी जाती है।

जब तक बेघर और प्रवासी लोग हाशिये पर रहेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। यह समाज की सामूहिक चेतना का प्रश्न है। नागरिक होने का अर्थ केवल अधिकार लेना नहीं होता। जिम्मेदारी निभाना भी होता है। इन लोगों को दया नहीं चाहिए। उन्हें अवसर चाहिए। सम्मान चाहिए। स्थिरता चाहिए। जब किसी व्यक्ति को घर मिलता है, तब केवल एक छत नहीं मिलती। उसे पहचान मिलती है। सुरक्षा मिलती है। भविष्य की कल्पना करने की आजादी मिलती है। भारत जैसे युवा देश के लिए यह चेतावनी है। जो हाथ शहरों को बनाते हैं, यदि वही हाथ सबसे अधिक असुरक्षित हैं, तब व्यवस्था को स्वयं से प्रश्न पूछना होगा। बेघर और प्रवासी लोगों की कहानी किसी एक शहर की नहीं है। यह पूरे देश का आईना है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। युवा जातक प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। क्रोध में आकर किसी विषय पर प्रतिक्रिया न दें। रुकी हुई परियोजनाओं को शुरू करने के लिये मेहनत करेंगे।

**मिथुन**
अपने लक्ष्यों को लेकर काफी भावुक हो सकते हैं। आप पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सभी कार्य समय पर पूर्ण होते रहेंगे।

**कर्क**
नये कार्य की शुरुआत न करें। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है। अनावश्यक बातें रिलेशन को प्रभावित कर सकती है। बच्चों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिये।

**सिंह**
ऐसे कोई काम न करें जिनमें आपकी छवि दाँव पर लगी हो। आपके पास नयी जिम्मेदारियाँ आ सकती हैं, जिनका आप निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

**कन्या**
राजनीतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने सम्बन्ध मधुर रखें।

**तुला**
आज रिश्तेदारों के साथ अचानक मुलाक़ात हो सकती है। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। घर का वातावरण काफी मधुर रहने वाला है।

**वृश्चिक**
करियर को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने गुप्त रहस्य और विद्या किसी से साझा न करें।

**धनु**
आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। विवाह योग्य सन्तान के विवाह की चिन्ता हो सकती है। उच्च अधिकारी आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ धीमापन हो सकता है।

**मकर**
नकारात्मक परिस्थितियों के बीच भी संयम बनाकर रखें। यद्यपि लोगों के ऊपर आपका प्रभाव काफी अच्छा रहेगा। परिजनों से सलाह लेकर काम करना लाभकारी होगा।

**कुंभ**
जीवनसाथी आपकी अतिरिक्त देखभाल करेगा। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। बाहरी व्यक्तियों का पारिवारिक जीवन में हस्तक्षेप न होने दें।

**मीन**
यदि आवश्यक न हो तो बड़े आर्थिक लेन-देन आज कम करें। नया करियर शुरू करने का विचार बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआरपीएफ के जवान की ट्रेन से गिरने से मौत

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर- बिहटा रेल खंड के बीच सादिशोपुर स्टेशन पर ट्रेन से गिरने से ट्रेन के चपेट आने से सीआरपीएफ के जवान की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक का पहचान गया के टेकरी थाने के भगवानपुर निवासी दुधेश्वर सिंह के 50 वर्षीय पुत्र ब्रजेश शर्मा के रूप में किया गया है. मृतक सीआरपीएफ में तैनात थे. जीआरपी दानापुर ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया.मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक छुट्टी पर घर आया था और गुरूवार को आरा अपने परिवार के घर गये थे और रात में आरा से दानापुर ट्रेन से आने के दौरान सादिशोपुर स्टेशन के पास टेन से गिरने दोरान ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई. जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रेन से गिरने के दौरान ब्रजेश शर्मा की मौत हो गई है.

### ऑनलाइन ट्रांसफार करने के बहाने मोबाइल लेकर चंपत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कैश के बदले ऑनलाइन ट्रांसफर करने के बहाने मेरा मोबाइल लेकर चंपत हो गये. मेरे खाते से 65 हजार रुपए अवैध निकासी करने का मामला सामने आया है. इस संबंध में पारस थाने के कुरथौल न्यू एतवारपुर निवासी राम किशोर भारती ने खगौल थाना में दो अज्ञात के विरूद्ध लिखित शिकायत किया है. लिखित शिकायत में राम किशोर ने बताया कि दानापुर स्टेशन से उतारकर डीआरएम ऑफिस जा रहे थे. इसी दौरान दल्लूचक के पास दो अनजान व्यक्ति ने कैश के बदले ऑनलाइन ट्रांसफार करने को कहा. मैंने अपने मोबाइल पर बैलेंस चेक करने के दौरान यूपीआई पिन कोड देख लिया और दोनों ने कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा और मोबाइल लेकर फरार हो गया. मेरे खाते से 65 हजार रुपए अवैध निकासी कर लिया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला का छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि दोनों व्यक्ति का पहचान किया जा सकेंगे.

### चोरों ने मोबाइल व चप्पल दुकान से पौने दो लाख की संपत्ति उड़ाई

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते देर रात बेखौफ चोरों ने थाने के जयराम बाजार स्थित दिलीप रेडियो दुकान का दरवाजा तोडकर करीब पौने दो लाख की संपत्ति चोरी करने का मामला सामने आया है. इस संबंध में जयराम बाजार निवासी मनोरमा देवी ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में मनोरमा देवी ने बताया कि गुरूवार को सुबह आया तो देखा कि दुकान के दरवाजा टूटे हुआ है और दुकान में सारा सामान बिखरे पडे हुए है. उन्होंने बताया कि दुकान में ग्राहकों का रिपेयरिंग के लिए रखे एमआई सैंमग समेत 12 पीस मोबाइल , चार्जर, एयर फोन एसेसिरिज समेत कीमती सामान चोरी कर ले गये है. साथ ही चप्पल दुकान में घुसकर पांच हजार नगद रुपए और दस हजार का कीमती चप्पल चोरी कर ले गये है. उन्होंने बताया कि चोरों ने करीब पौने दो लाख की संपत्ति चोरी कर ले गये है.थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाला जा रहा है , ताकि चोरों का पहचान किया जा सकेंगे.

### बाढ़ में जमीनी विवाद के दौरान लहराया कट्टा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में जमीनी विवाद के दौरान बर्चस्व को लेकर अपराधी ने कट्टा लहरा कर लोगों को भयभीत करने का प्रयास किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बलराम यादव की तलाश शुरू कर दी। हालांकि पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। मूल रूप से आरोपी पंडारक थाने के गोपकीता गांव का रहने वाला है जो बाढ़ के गुलाब बाग में रह रहा था। गुलाबबाग में अजय कुमार और बलराम प्रसाद के बीच जमीन विवाद को लेकर तनाव चल रहा था। इस जमीन की नापी के दौरान दोनों के बीच मारपीट हो गई। दोनों ने थाने में एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई ।इसके बाद पुलिस को बलराम यादव पिता रामदुलार यादव का देसी कट्टा लहराता हुआ वीडियो मिला। इस संबंध में जांच पड़ताल की गई। वीडियो सही मिलने के बाद सब इंस्पेक्टर पवन कुमार के बयान पर सार्वजनिक जगह पर हथियार दिखाकर शांति भंग करने के आरोप में थाने में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### बाढ़ में महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में घर में सो रही महिला के साथ मनचलों ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब महिला ने विरोध किया तो उसे आरोपी ने पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। इस संबंध में महिला के द्वारा थाने में बिलंब से आरोपी विमलेश महतो आदि के खिलाफ अस्मत लूटने के प्रयास का केस दर्ज कराया है। महिला के अनुसार जब वह 5 जनवरी की रात में अपने घर में सो रही थी, इसी दौरान आरोपी ने उसकी खिड़की से रुपए फेका। इसके बाद अश्लील डिमांड की। बाद में वह दरवाजा को तोड़कर घर में घुस गया और उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोग भी घर में घुस गए और उसे पकड़ने का प्रयास किया। महिला ने किसी तरह अपनी इज्जत बचाई। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी विमलेश महतो के विरुद्ध के केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है ।

### बाढ़ स्टेशन में ऊपरी पुल बनाने की मांग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के दैनिक यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर सामान्य लोगों के लिए उत्तर और दक्षिण दिशा में ओवरब्रिज बनाने की मांग की है ।यात्रियों का कहना है कि प्लेटफार्म संख्या एक पर सिर्फ एक ही निकास गेट है। ट्रेन रुकने के बाद यात्रियों को निकलने में काफी दिक्कत होती है। दैनिक यात्री मधुकर सिंहा, नवीन, लालबाबू, अशोक कुमार सिंहा सुरेंद्र पासवान आदि ने डीआरएम से इस समस्या को दूर कराने की मांग की है।

### फरार जालसाज गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जालसाजी के मामले में फरार चल रहे पंकज कुमार को पुलिस ने बीते रात गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार पंकज कुमार तकियापर का निवासी है. प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि जालसाली के मामले में फरार चल रहे पंकज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार पंकज से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दानापुर रेलवे स्टेशन के सामने लगने वाले जाम से यात्रियों को मिली निजात

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेल नए जमाने के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है. इसी क्रम में दानापुर व बिहटा के बीच बनने वाली एलिवेटेड पुल के कार्य के एक भाग के रूप में व रेलवे द्वारा दानापुर रेलवे स्टेशन को और अधिक आधुनिक व सुविधायुक्त बनाने के क्रम में रेलवे व एनएचएआई के संयुक्त प्रयास से उत्तर दिशा में दानापुर रेलवे स्टेशन के सामने पूर्व में बने सड़क के समानांतर एक और सड़क का निर्माण किया गया है. जिससे स्टेशन के सामने लगने वाले जाम से यात्रियों को काफी फायदा मिलेगा. दानापुर रेलवे स्टेशन को विकसित करने के मास्टर प्लान के साथ ही एलिवेटेड पुल के निर्माण हेतु दानापुर मंडल के द्वारा एनएचएआई को रेलवे की जमीन भी हस्तांतरित की गई है. जिसके बाद ही इस सड़क आवागमन शुरू हो गया है. इस सड़क के निर्माण के पश्चात सड़क यातायात में सुगमता होगी व स्टेशन के ठीक सामने वाली सड़क पर यातायात का दबाव कम हो जाएगा. फिलहाल इस सड़क को यातायात के लिए खोल दिया गया है. अब आरा-बिहटा-नेऊरा की तरफ से आने वाली गाड़ियों का आवागमन इस नई सड़क से किया जा रहा है तथा पूर्व में बनी सड़क का इस्तेमाल नेऊरा-बिहटा-आरा की तरफ जाने के लिए किया जा रहा है. जिससे स्टेशन के सामने लगने वाली जाम की समस्या खत्म हो चुकी है. दानापुर मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा के लिए हर प्रकार से निरंतर प्रयास करता रहता है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा.

### जीविका-पशुपालन विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्थित राम मनोहर लोहिया खेल के मैदान में शुक्रवार को पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जीविका और पशुपालन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया था। इसमें कुल 187 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई।शिविर का उद्घाटन जीविका बनकटवा के परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार सोनू ने फीता काटकर किया। उन्होंने पशुपालकों को ठंड के मौसम में पशुओं के उचित रखरखाव और पोषण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि पशुओं की नियमित देखभाल, समय पर पानी, मिनरल और कृमिनाशक दवाएं देना आवश्यक है। उन्होंने पशु चिकित्सकों से नियमित चिकित्सीय सलाह लेने पर भी जोर दिया।इस शिविर में पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार और सहायक वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# बफीर्ली हवाओं ने बिहार को जकड़ा, 15 जिलों में तापमान 6 डिग्री से नीचे

## गयाजी सबसे ठंडा पारा 4.5 डिग्री • ठंड से राज्य में 3 की मौत, फिलहाल राहत के आसार नहीं





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में ठंड ने इस बार अपना सबसे कठोर रूप दिखाना शुरू कर दिया है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण बफीर्ली पछुआ हवाएं मैदानी इलाकों तक पहुंच रही हैं। इन हवाओं ने प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि दिन में निकलने वाली धूप भी ठंड से राहत नहीं दे पा रही और रातें और ज्यादा कंपकंपा देने वाली हो गई हैं।आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं. मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। गयाजी प्रदेश का सबसे ठंडा जिला बना हुआ है, जहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भागलपुर के सबौर में पारा 5.0 डिग्री तक पहुंच गया है। शेखपुरा, छपरा, किशनगंज और भागलपुर सहित कई जिलों में शीतलहर का असर बना हुआ है। राजधानी पटना समेत 36 जिलों में कोल्ड डे की स्थिति दर्ज की गई है, जबकि दरभंगा और बक्सर में हालात और ज्यादा गंभीर रहे। ठंड के साथ-साथ घने कोहरे ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह के समय अधिकांश जिलों में 10 बजे तक दृश्यता बेहद कम रही। कई इलाकों में सड़कें धुंध में ढकी रहीं। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में दृश्यता घटकर 40 मीटर तक पहुंच गई। कोहरे के कारण यातायात प्रभावित रहा और वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कड़ाके की ठंड अब जानलेवा साबित होने लगी है। भागलपुर के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र स्थित गुरहट्टा चौक पर शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ठंड लगने से हुई है। यह घटना ठंड के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, खासकर गरीब और बेघर लोगों के लिए।

**बच्चों पर ठंड का सबसे गहरा असर**

इस भीषण ठंड का सबसे अधिक असर बच्चों पर देखा जा रहा है। राजधानी पटना में बीते सात दिनों के भीतर एक हजार से अधिक बच्चे विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचे हैं। इनमें से करीब 400 बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती करना पड़ा। इलाज के दौरान पीएमसीएच में दो और आईजीआईएमएस में एक बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों के अनुसार 6 महीने से 15 वर्ष तक के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।पटना एम्स के पेडियाट्रिक चाइल्ड डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्र मोहन कुमार ने बताया कि अस्पताल का पेडियाट्रिक वार्ड पूरी तरह भरा हुआ है और सभी 90 बेड फिलहाल फुल हैं। उन्होंने बताया कि 6 माह से 12 माह तक के बच्चे सबसे ज्यादा बीमार होकर आ रहे हैं। इनमें सांस लेने में दिक्कत, सर्दी-खांसी और निमोनिया जैसे लक्षण प्रमुख हैं। प्रतिदिन लगभग 150 बच्चे इलाज के लिए एम्स पहुंच रहे हैं और इसकी मुख्य वजह ठंड है। चिकित्सकों के मुताबिक ठंड के मौसम में बच्चों को घर के अंदर सुरक्षित रखना सबसे जरूरी है। साफ-सफाई, पर्याप्त गर्म कपड़े और मौसम के अनुसार खानपान से बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। लक्षण दिखते ही इलाज में देरी करना खतरनाक साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार करीब 20 प्रतिशत बच्चे कोल्ड डायरिया की चपेट में हैं, जबकि निमोनिया के मामलों में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। उल्टी-दस्त, तेज बुखार, बलगम वाली खांसी, ठंड लगना और सांस फूलना इसके प्रमुख लक्षण बताए गए हैं।

**स्कूल बंद, प्रशासन अलर्ट**

बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है। पटना और नालंदा में आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। वैशाली में दसवीं कक्षा तक के स्कूल 11 जनवरी तक बंद रहेंगे। बेगूसराय, मुंगेर, सुपौल, भोजपुर और भागलपुर में आठवीं कक्षा तक के स्कूल 10 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं बांका में 12 जनवरी और बक्सर में 13 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले सात दिनों तक प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा और कई जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहने की संभावना है। तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन फिलहाल ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

## बिहार पशु विज्ञान विवि में आज होगा कैट शो का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंतर्गत बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में शनिवार को निदेशालय प्रसार शिक्षा द्वारा कैट शो का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वर्ष 2020 से लगातार प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में कैट ओनर्स (बिल्ली पालक) भाग लेते हैं। हर वर्ष प्रतिभागियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो पालतू पशुओं के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। कैट शो में विभिन्न नस्लों की बिल्लियों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही पालतू बिल्लियों के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण एवं समुचित देखभाल से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य जिम्मेदार पेट केयर को बढ़ावा देना और पशु कल्याण के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा ऐसे आयोजनों से विश्वविद्यालय और समाज के बीच मजबूत संवाद स्थापित होता है।

**कैट शो में विभिन्न नस्लों की बिल्लियों को प्रदर्शित किया जाएगा**

यह न केवल पालतू पशुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि पशु कल्याण को भी नई दिशा देता है। वहीं निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने बताया, इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में पालतू पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है और वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन की जानकारी मिलती है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को पशु स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूक किया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के साथ-साथ आम दर्शकों के भी पहुंचने की संभावना है, जिससे यह आयोजन जनभागीदारी का एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है।

## कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में 'राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम' पर प्रशिक्षण आयोजित





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 09 जनवरी, 2025 को 'राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चार मॉड्यूल्स पर आधारित था, जिनका मुख्य उद्देश्य यह समझ विकसित करना था कि प्रत्येक कार्य—चाहे वह छोटा हो या बड़ा—नागरिकों के जीवन पर किस प्रकार प्रभाव डालता है। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक प्रशिक्षण न होकर सेवा भाव एवं स्वधर्म जैसे मूल्यों पर आधारित सोच में परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल था। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों द्वारा अर्जित ज्ञान एवं मॉड्यूल्स की समझ का आकलन करने हेतु मूल्यांकन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नचिकेत कोटवालिवाले, निदेशक, केंद्रीय कटाई उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभावी सार्वजनिक सेवा के लिए निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, ईमानदारी तथा नागरिकों के कल्याण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की मानसिकता, कौशल और व्यावसायिक दक्षता में परिवर्तन लाकर उन्हें उभरती प्रशासनिक चुनौतियों के लिए तैयार करना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने अपने वक्तव्य में कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, समर्पण और समाज की सेवा की सच्ची भावना के साथ सबसे कठिन लक्ष्यों को भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता पर बल दिया तथा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक कार्यों में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा उसे शुरू करना होता है—एक बार पहला कदम उठा लेने पर सब कुछ संभव हो जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय सह-अध्यक्ष डॉ. पी. सी. चंद्रन, पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. रोहन कुमार रमण एवं डॉ. सौरभ कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संचालन में श्री अनिल कुमार, श्री विजय बाबू राम तथा श्री गौतम रंजन ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। संस्थान के मीडिया सदस्य सचिव श्री उमेश कुमार मिश्र ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 42 प्रतिभागियों ने सहभागिता की तथा कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## एनटीपीसी का पाइप फटा, किसानों की कई बीघा फसल बर्बाद



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक प्रखंड क्षेत्र के किसान एक बार फिर एनटीपीसी की लापरवाही का शिकार हुए हैं। कभी कीड़ा खोरी तो कभी एनटीपीसी के पाइप फटने से निकलने वाले पानी के कारण किसानों की खेती लगातार प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शुक्रवार को एनटीपीसी का एक पाइप अचानक फट गया, जिससे फव्वारे के रूप में तेज पानी निकलने लगा। इस पानी से आसपास के किसानों के कई बीघा खेत जलमग्न हो गए और उसमें लगी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। पीड़ित किसानों ने बताया कि किसी का 10 कट्ठा तो किसी का एक बीघा खेत प्रभावित हुआ है। अब तक लगभग 10 बीघा में लगी खेती नष्ट हो चुकी है। किसानों का कहना है कि पानी के साथ एनटीपीसी से निकलने वाली राख (छाई) खेतों में जमा हो गई है, जिससे अब उस जमीन पर नई फसल लगाना भी मुश्किल हो गया है। फसल के नष्ट होने से किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। फिलहाल पीड़ित किसानों ने एनटीपीसी प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है और जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## दानापुर में 385 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ ने तेजस एक्सप्रेस कोच संख्या ए/4 से 385 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार प्रिंस कुमार इस्लामपुर बस स्टैंड इस्लामपुर नवादा का निवासी है. गिरफ्तार तस्कर प्रिंस व अंग्रेजी शराब को दानापुर जीआरपी के हवाले कर दिया. आरपीएफ के सअनि अरूण कुमार तिवारी ने जीआरपी थाना में मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से राजेंद्रनगर टर्मिनल तक तेजस एक्सप्रेस को स्कॉट कर आ रहे थे. इसी दौरान कोच संख्या ए/4 के सीट संख्या 20 व 22 के बीच चार ट्रॉली बैग व दो पिठु बैग रखा हुआ था और प्रिंस कुमार बैठा हुआ था.जब प्रिंस से ट्रॉली बैग व पिठू बैग के बारे में पूछताछ किया तो बताया कि मेरा है. जब बैग का तलाशी लिया तो अंग्रेजी शराब का बोतल था.जो 385 बोतल अंग्रेजी शराब है और 97.650 लीटर शराब है. गिरफ्तार प्रिंस कुमार और बरामद अंग्रेजी शराब को जीआरपी दानापुर के हवाले कर दिया गया है. जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर गिरफ्तार प्रिंस से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज जायेगा.

## पुलिस ने की थार गाड़ी की पहचान

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते रात थाना क्षेत्र के गोला रोड टी प्वांइट के पास बेलगाम थार गाड़ी ने चार लोगों को धक्का मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है. आक्रोशित लोगों ने गाडी चालक को जमकर पिटाई कर छोड दिया गया था. लोगों ने गाडी में आग लगा दिया था. जले हुए गाडी का नंबर से पहचान कर लिया गया है. पुलिस गाडी मालिक के विरूद्ध कारवाई करने में जुट गई है. बता दे कि बुधवार की रात थार गाडी चालक शराब के नशे में बुलेट, स्कूटी व दो साइकिल सवार को रौंद दिया गया था.

## सांसद ने किया बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में खेल और खिलाड़ियों का चौमुखी विकास : राधा मोहन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 32 वीं बिहार राज्य जूनियर बालक, बालिका बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शुक्रवार को किया। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि बिहार के विभिन्न जिले से आए बालक बालिका खिलाड़ियों स्वागत करते हुए उनके कोच मैनेजर विभिन्न जिले से आए खेल तकनीकी पदाधिकारी सभी खेल संघ के जिला सचिव, पटना से चलकर आए भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के संयुक्त सचिव सह बिहार के सचिव गौरी शंकर बहुत-बहुत बधाई देता हूँ कि आपने इस प्रतियोगिता को मोतिहारी में करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि इस प्रतियोगिता को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में कोई भी कमी नजर नहीं आएगी। साथ ही साथ बिहार के सचिव गौरी जी को हम आश्वासन देते हैं कि भविष्य में कोई भी बड़ा से बड़ा आयोजन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर का टूनार्मेंट चंपारण की धरती पर जब भी आयोजित की जाएगी काफी सफल आयोजन के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में खेल खिलाड़ियों का चौमुखी विकास हो रहा है। हम खिलाड़ियों को विश्वास दिला रहे हैं कि चंपारण के साथ आने वाले दिनों में ईस्ट जोन रेलवे में भी बॉल बैडमिंटन के खिलाड़ियों की नियुक्ति की जाएगी। हम यह भी जानते हैं कि बॉल बैडमिंटन खेल अपनी भारत की मिट्टी से उपजा हुआ खेल है और इस खेल में भी 6 अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ी हुए जो इस देश के राष्ट्रपति महोदय के द्वारा सम्मानित किए गए। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले दिन में इस खेल में चंपारण से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जाएंगे ।

## भीषण ठंड में सिस्टम 'फ्रीज', मैनपुर अंडा पंचायत में पीएम किसान रजिस्ट्रेशन ठप



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक ओर कड़ाके की ठंड और दूसरी ओर तकनीकी अव्यवस्था के बीच फुलवारी प्रखंड के मैनपुर अंडा पंचायत में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आयोजित रजिस्ट्रेशन कैंप किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गया. शनिवार सुबह से ही सैकड़ों किसान ठिठुरते हुए कैंप स्थल पर जुटे रहे, लेकिन सर्वर की खराबी के कारण दिनभर इंतजार के बाद भी अधिकांश को बिना काम कराए लौटना पड़ा. सुबह 10 बजे से लाइन में लगे किसान शाम तक सिस्टम ठीक होने की आस में बैठे रहे, मगर तकनीक ने साथ नहीं दिया. कैंप में मौजूद किसानों के अनुसार सर्वर बार-बार डाउन होने के कारण शनिवार को केवल आठ किसानों का ही रजिस्ट्रेशन हो सका, जबकि इससे एक दिन पहले भी महज सात किसानों का काम हुआ था. लगातार दो दिनों में सिर्फ 15 रजिस्ट्रेशन होना व्यवस्था की नाकामी को उजागर करता है. इस दौरान मैनपुरा, बाबूचक, मंझौली, खड़कचक, बसंत चक और आसपास के गांवों से आए बुजुर्ग किसान लाठी के सहारे ठंड में कांपते हुए अपनी बारी का इंतजार करते रहे. कई बुजुर्गों की हालत ऐसी थी कि घंटों खड़े रहना उनके लिए मुश्किल हो रहा था, फिर भी वे उम्मीद में डटे रहे. कैंप पर तैनात कर्मचारी और कृषि विभाग के कर्मी तकनीकी समस्या दूर कराने का प्रयास करते रहे, लेकिन इंटरनेट और सर्वर की गड़बड़ी के आगे उनके प्रयास बेअसर साबित हुए. काम न होने से किसानों में नाराजगी भी देखने को मिली. किसानों का कहना है कि सरकार की योजनाएं कागज पर भले ही बड़ी दिखती हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है. बिना पूरी तकनीकी तैयारी और पर्याप्त संसाधनों के ऐसे कैंप लगाना बुजुर्ग किसानों के साथ अन्याय है, खासकर तब जब उन्हें भीषण ठंड में घंटों इंतजार करना पड़े. किसानों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसे कैंप लगाने से पहले सर्वर, इंटरनेट और तकनीकी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार ठंड में लाइन लगाकर निराश न लौटना पड़े और योजना का वास्तविक लाभ समय पर मिल सके.

## पत्तल के बंडल के नीचे छिपाकर लाई जा रही 80 कार्टन विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र में शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गौरीचक पुलिस और मद निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार की रात एक पीकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. पत्तल के बंडलों के नीचे छुपाकर लाई जा रही 80 कार्टून विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार गाड़ी संख्या इफ01ऋ्ट 3320 पीकअप मसौढ़ी की ओर से हाजीपुर जा रही थी. गोपनीय सूचना के आधार पर गौरीचक थाना के पास वाहन को रोककर तलाशी ली गई. जांच के दौरान पत्तल के बंडलों के नीचे छिपाकर रखे गए 750 मिलीलीटर के 50 कार्टून और 375 मिलीलीटर के 30 कार्टून विदेशी शराब बरामद किए गए. बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 720 लीटर आंकी गई है. इस मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय राम प्रसाद राय, निवासी भानपुर बलदेव, थाना गाड़ोल, जिला वैशाली के रूप में की गई है. पुलिस द्वारा वाहन और उसमें रखे अन्य सामान की भी गहन जांच की जा रही है, ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके. कार्रवाई का नेतृत्व गौरीचक थाना के परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सह थाना अध्यक्ष विनय कुमार रंजन ने किया.

## संक्षिप्त समाचार

### मॉक ड्रिल सफल, 12 मिनट में दबोचे गए छद्म अपराधी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के व्यावसायिक इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए पुलिस ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया, जो पूरी तरह सफल रहा। इस दौरान पुलिस ने 12 मिनट के भीतर लूट के छद्म अपराधियों को दबोच लिया। मॉक ड्रिल के तहत एसडीपीओ विवेक दीप ने जिला कंट्रोल रूम को लूट की सूचना दी और अपराधियों का हुलिया भेजा। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और महज छह मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गई। फिर 12 मिनट के भीतर मनुआपुल रोड पर अपराधियों को पकड़ लिया। हालांकि, पकड़े गए युवक अपराधी नहीं थे, यह मॉक ड्रिल का हिस्सा था। इस अभ्यास का उद्देश्य पुलिस की सक्रियता और समन्वय की क्षमता का परीक्षण करना था। बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि ऐसे अभ्यास भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके।

### एसपी ने वाहनों की परेड का किया निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस की तत्परता और संसाधनों की स्थिति की जांच के लिए शुक्रवार को एसपी ने पुलिस केंद्र में विभिन्न थानों, पुलिस अंचल कार्यालयों और पुलिस केंद्र के वाहनों की परेड कर निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस वाहनों की कार्यक्षमता और रखरखाव की स्थिति को परखा गया। निरीक्षण के दौरान वाहनों में लगे सायरन लाइट, हूटर, लाठी, बॉडी प्रोटेक्टर, प्राथमिक उपचार किट सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की जांच की गई। एसपी ने यह भी देखा कि आपात स्थिति में पुलिस वाहन पूरी तरह सक्षम और त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहें। साथ ही गाड़ियों की साफ-सफाई, तकनीकी स्थिति और नियमित मेंटेनेंस को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने परिवहन शाखा के परिचारियों और चालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी वाहन हमेशा दुरुस्त अवस्था में रहें और उपकरणों की नियमित जांच की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेने की चेतावनी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन के डीएसपी देवानंद राउत, परिवहन शाखा के परिचारी व अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे।

### बार्डर से शराब जब्त, एक धराया एक फरार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने झझरी से गोवास के पीछे पुआल में छुपा कर रखे 25 लीटर शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि भाजू राय को जेल भेजा गया है। वही 44 वी बटालियन के नगरदेही एसएसबी ने बार्डर से 63न्यूज उजक बोतल शराब को जब्त किया है। मौके से कारोबारी फरार बताया जाता है।

### भूमि विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपूर थाना के भथूहवा गांव में रास्ते को लेकर हुई विवाद में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। मानपूर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि लालबाबू महतो के आवेदन पर मेघनाथ महतो सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### नरकटियागंज के एसडीएम बने अभिजीत कुमार गोविन्दा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामान्य प्रशासन विभाग ने बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में बड़ा फेरबदल किया है। इस संदर्भ में बिहार सरकार के उप सचिव राजीव रंजन दास ने आदेश पत्र किया है। जारी आदेश पत्र में नरकटियागंज के अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता का स्थानांतरण नालंदा जिला के राजगीर में हुआ है। जबकि अभिजीत कुमार गोविन्दा को नरकटियागंज अनुमंडल का नया अनुमंडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। अभिजीत कुमार गोविन्दा इससे पूर्व मुख्यमंत्री सचिवालय में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। बता दें कि एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने 1 सितंबर 2023 को नरकटियागंज के अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यभार संभाला था।

### एक करोड़ 65 लाख 19 हजार की लागत से पेवर ब्लॉक इंटरलोकिंग का कार्य प्रगति पर : महापौर

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर निगम अंतर्गत छतौनी चौक से नरेगा पार्क तक मुख्य सड़क के दोनों ओर ₹1,65,29,600/- (एक करोड़ पैंसठ लाख उनतीस हजार छह सौ रुपये) की लागत से पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग एवं फुटपाथ निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह कार्य शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के पूर्ण होने से पैदल यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही सड़क की चौड़ाई में वृद्धि होने से यातायात जाम की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। यह कार्य क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। उक्त निर्माण कार्य से विशेष रूप से छतौनी बस स्टैंड, नरेगा पार्क एवं मिशन चौक की ओर आने-जाने वाले शहरवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। नगर निगम मोतिहारी शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर गुणवत्तापूर्ण फुटपाथ एवं सड़क विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। नगर निगम मोतिहारी नागरिकों से अपील करता है कि निर्माण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके।





### पारसोनिखेम टोल प्लाजा द्वारा फर्स्ट एड किट का वितरण

**चकिया(पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के अंतर्गत कोटवा मुजफ्फरपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड परसोनीखेम टोल प्लाजा द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत एनएच-27 के आसपास स्थित विभिन्न सरकारी विद्यालयों एवं थाना परिसरों में फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम 08 जनवरी 2026 एवं 09 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं या आपात स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा प्रबंधन की टीम ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों तथा थाना अधिकारियों को फर्स्ट एड किट प्रदान की एवं इसके उपयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उपस्थित अधिकारियों ने इस सराहनीय पहल के लिए टोल प्लाजा प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कोटवा मुजफ्फरपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भविष्य में भी सड़क सुरक्षा, जन-जागरूकता एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### सुगौली के यशस्वी झा का बिहार रूरल लीग के लिए टीम में चयन

**मोतिहारी नवाब्स टीम की संभालेंगे कमान, लोगों ने दी शुभकामनाएं**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में क्रिकेट की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले बिहार रूरल लीग के लिए टीमों की घोषणा की जा रही है। इस कड़ी में मोतिहारी की ओर से 'मोतिहारी नाबाब्स' टीम की घोषणा की गई। इस 15 सदस्यीय टीम में सुगौली के यशस्वी झा के चयन से इलाके में खुशी का माहौल है।खुशी तब दोगुनी हो गई जब प्रबंधन ने यशस्वी को नेतृत्व करने का भी मौका दिया।यशस्वी झा पूर्वी चंपारण के सुगौली प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया गाँव के निवासी हैं,वे कुमुद पब्लिक स्कूल में 7 वी कक्षा के छात्र है और स्कूल में ही पढ़ाई के साथ साथ अपना अभ्यास भी करते है ।यशस्वी को क्रिकेट में रुचि है,वे पढ़ाई के साथ क्रिकेट में भी अव्वल स्थान प्राप्त करना चाहते है। यशस्वी की इस सफलता पर परिजन के साथ साथ उनके शिक्षक, सुगौली विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, फुलवरिया पंचायत के मुखिया अवधेश कुशवाहा,दक्षिणी सुगांव के मुखिया प्रभाकर मिश्र,पैक्स अध्यक्ष संजीव शर्मा,श्याम शर्मा,विकास शर्मा,प्रभाकर शर्मा सहित कई अन्य लोगों ने बधाई व शुभकामनाएँ दी है।




# विकसित गांव की संकल्पना को पूरा करेगा 'जी राम जी अधिनियम' : राधा मोहन सिंह









**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मोतिहारी के द्वारा मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में विकसित भारत 'जी राम जी' अधिनियम- 2025 से संबंधित व्यापक जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सांसद राधा मोहन सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, विधायक हरसिद्धि कृष्णनंदन पासवान, विधायक पिपरा श्याम बाबू प्रसाद यादव, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद गुप्ता, ललन चौधरी राज्य अध्यक्ष मछुआरा आयोग बिहार, पवन राज, दीपक पटेल सहित उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता सुश्री प्रिया रानी,निदेशक डीआरडीए (एनईपी) डॉ. कुंदन कुमार एवं पूर्वी चंपारण जिला के पांच प्रखंड- मोतिहारी, कोटवा,पिपराकोठी, तुरकौलिया, चकिया के पंचायत स्तरीय जन प्रतिनिधिगण से लेकर प्रखंड प्रमुख तथा ग्रामीण विकास विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मिंगण उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रारंभ में सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त के द्वारा माननीय सभी अतिथिगण का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि गण, पदाधिकारी एवं कार्मिगण को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)एक्ट, 2025' विकसित गांव की संकल्पना को पूरा करने में सफल साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रही है। यह अधिनियम विकसित भारत अभियान को और गति प्रदान करेगा। सांसद ने कहा कि यह नया अधिनियम मनरेगा अधिनियम का ही विकसित रूप है जो एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान करेगा। नए अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता को लेकर कड़ा प्रावधान किया गया है। एक सप्ताह के अंदर अगर मजदूरी का भुगतान नहीं होता है तो ठीक 15 दिन के बाद ब्याज के साथ मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम में कार्य का दायरा भी बढ़ाया गया है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पंचायती राज व्यवस्था और सुदृढ होगी। माननीय सांसद ने कहा कि जल से संबंधित ग्रामीण स्तर पर सभी कार्यक्रम, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, जीविका, प्रतिकूल मौसम में रिलीफ का कार्य, आपदा प्रबंधन आदि विषयों को भी इसमें शामिल किया गया है। कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि गण से माननीय सांसद ने आह्वान किया कि आप अच्छे से इस अधिनियम को पढ़ें और इसे आत्मसात करें ।यह आपके लिए जरूरी है। अच्छी जानकारी रखने पर ही इसका अच्छा परिणाम सामने आ पाएगा।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया भारतीय संसद के द्वारा हाल ही में यह अधिनियम पारित किया गया है जो देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़कर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करेगा। इस अधिनियम की खास बातें यह है की कई बार मजदूरी में देरी होने की शिकायतें मिलती थी परंतु यदि अब मजदूरी में देरी होती है तो प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा मजदूरी के साथ दिया जाएगा। इसमें पारदर्शिता रखी जाएगी और यह संपूर्ण व्यवस्था डिजिटल होगी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत कार्यों की आयोजन ग्राम पंचायत के माध्यम से की जाएगी जिन्हें ग्राम पंचायत ही तैयार करेंगे। नए अधिनियम में प्रशासनिक मद में भी राशि बढ़ाई गई है और इसकी सीमा 6 प्रतिशत से बढ़कर 9% कर दी गई है जिससे ग्राम रोजगार सेवक, फील्ड अस्सिटेंट एवं तकनीकी सहायकों की सेवाएं सुरक्षित रह सकेगा और उनका क्षमता विकास होगा जिससे योजना का संचालन और सुगम होगा। जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम पदाधिकारी इस योजना के संचालन के उत्तरदाई होंगे। ग्राम पंचायत श्रमिकों का पंजीकरण करने, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने तथा कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर कम से कम 50% कार्यों के निष्पादन के लिए उत्तरदाई होगा। ग्राम सभा के माध्यम से ही इस संपूर्ण कार्यक्रम का नियमित सामाजिक अंकेक्षण भी किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी कि दर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी तब तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित मजदूरी दर ही लागू मानी जाएंगे। कार्यशाला में निदेशक डीआरडीए एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी/ कर्मीगण को व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।

## पीएम किसान निधि के लाभुकों का बन रहा फार्मर आईडी व ई-केवाईसी



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में शुक्रवार को प्रखंड कृषि विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां पीएम किसान योजना के लाभुक किसानों का ई-केवाईसी और फार्मर आईडी बनाया गया। सीओ आराधना कुमारी ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्री-स्टैक परियोजना के तहत किसानों का ऑनलाइन डेटा तैयार किया जा रहा है, ताकि सभी किसानों को एक विशिष्ट फार्मर आईडी से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान के पहले चरण में 6 से 21 जनवरी तक प्रखंड की सभी पंचायतों में किसानों का ऑनलाइन डेटा बकेट तैयार किया जाएगा। बताया कि इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए बीटीएम, एटीएम, राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार, पंचायत कार्यालय सहायकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। किसानों को ई-केवाईसी और फार्मर आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड, पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक जमीन का दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। सीओ ने बताया कि किसानों का शिविर में ही अपना ऑनलाइन पंजीकरण और सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। कैंप का आयोजन प्रखंड के हराज गोढीया, महुआवा, कपूरपकड़ी, सेमरा, खोड़ा, खड़तरी, दिपही धरहरवा, हरबोलवा, परेवा, सरसावा सहित अन्य पंचायतों के पंचायत कृषि कार्यालय, पंचायत भवन और चयनित स्थलों पर किया जा रहा है। शिविर में पहुंचे किसानों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी।

## बीआरसी में पहुंची पाठ्य पुस्तकों की खेप

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विद्यालयों के बच्चों को जल्द ही नए सत्र की किताबें मिलने लगेंगी। वर्ष 2026-27 के लिए पुस्तकों का आगमन रामनगर प्रखंड संसाधन केंद्र में हो चुका है और सीआरसी स्तर से वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रामनगर प्रखंड में कुल 267 विद्यालय संचालित हैं। इनमें चार मदरसा, एक संस्कृत उच्च विद्यालय, दो आवासीय विद्यालय शामिल हैं, जिनमें एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय तथा डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय प्रमुख हैं। वर्तमान में कुल 174 विद्यालयों के लिए पुस्तकों का वितरण किया जाना है। हालांकि अभी तक वर्ग 2 और वर्ग 8 के बच्चों की किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि सभी कक्षाओं की पुस्तकें जनवरी माह समाप्त होने से पहले बच्चों तक पहुंचा दी जाएंगी। जिन कक्षाओं की पुस्तकें शेष हैं, उसके लिए डिमांड भेज दी गई है और जल्द ही आपूर्ति हो जाएगी।उन्होंने बताया कि रामनगर प्रखंड में कुल 20 सीआरसी हैं।

## रक्सौल में बेतिया राज की जमीन पर नोटिस से हड़कंप, सलामी व लीज शर्तों ने बढ़ाई चिंता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल शहर में बेतिया राज की जमीन को लेकर प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। वर्षों से उक्त जमीन पर रह रहे और व्यवसाय कर रहे लोगों को अतिक्रमण से संबंधित नोटिस मिलने से भय और असमंजस का माहौल बन गया है। प्रशासनिक नोटिस के अनुसार बेतिया राज की संपत्ति के रूप में दर्ज जमीन पर काबिज लोगों को अब वैध रूप से रहने या व्यवसाय करने के लिए भारी शर्तों का सामना करना होगा। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि जमीन पर बने रहने के लिए प्रति डिसमिल 26 लाख रुपये सलामी देनी होगी, साथ ही सलामी राशि का 5 प्रतिशत वार्षिक रेंट भी देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा लीज की अवधि मात्र 30 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसे लेकर लोगों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। नोटिस मिलने के बाद प्रभावित परिवारों और दुकानदारों का कहना है कि वे दशकों से इस जमीन पर काबिज हैं। कई लोगों के पास पुराने दस्तावेज, रसीदें और स्थानीय स्तर पर हुए समझौतों के प्रमाण भी मौजूद हैं। ऐसे में अचानक भारी-भरकम सलामी और सीमित अवधि की लीज की शर्तें थोपे जाने से लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी भी प्रकार की कठोर कार्रवाई से पहले सभी पक्षों की विधिवत सुनवाई की जाए और प्रस्तुत दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच की जाए। लोगों का कहना है कि मौजूदा शर्तें आम नागरिकों और छोटे दुकानदारों के लिए असंभव हैं। वहीं प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई सरकारी अभिलेखों के आधार पर की जा रही है और नोटिस का उद्देश्य जमीन की कानूनी स्थिति स्पष्ट करना है। प्रशासन का दावा है कि सभी पहलुओं पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।वही इस मामले को लेकर रक्सौल में राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता नूरुल्लाह खान ने दावा किया है कि उनके पास कुछ वैध दस्तावेज हैं जिनके आधार पर वह कह सकते हैं कि रक्सौल के लोगों को जो नोटिस मिल रहा है वह पूरी तरह से अवैध है। उन्होंने कहा कि जब इस रक्सौल की जमीन की अब तक सैकड़ो बार खरीद बिक्री और दाखिल खारिज वगैरह से राजस्व की उगाही हो चुकी है तो अब यह एकाएक अवैध कैसे हो गई। लोगों में इसको ले कर चर्चा तेज हो गई है। प्रभावित लोग एकजुट होकर आगे की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। फिलहाल बेतिया राज की जमीन को लेकर जारी नोटिस और उस पर लगी शर्तों ने पूरे रक्सौल में बेचैनी और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है।

## जमादार राय बने ऑल इंडिया पंचायत परिषद के नेशनल सेक्रटरी



**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के लहलादपुर प्रखंड के मुरारपुर निवासी जमादार राय को भारत सरकार के उपक्रम ऑल इंडिया पंचायत परिषद का नेशनल सेक्रटरी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति दिल्ली के मयूर विहार में अवस्थित परिषद के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय व पूर्व सांसद सह राष्ट्रीय संरक्षक आरके सिन्हा के आदेश पर राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान ने की। श्री राय को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा गया कि वे सामाजिक व पंचायती राज के कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता हैं. उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अखिल भारतीय पंचायत परिषद के संगठन को मजबूत करेंगे और गांधी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने हेतु पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढीकरण, ग्राम विकास संबंधी कार्यों एवं परिषद द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। श्री राय ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि परिषद नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास किया है। उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मुझे सौंपी गई जिम्मेदारियों को मैं पूर्ण ईमानदारी, समर्पण व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाऊंगा. पंचायती राज के सशक्तीकरण, ग्राम स्वराज और ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को साकार करने में अपना सर्वोत्तम योगदान देना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अध्यक्ष और केंद्रीय टीम के सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। बैठक में उपस्थित महामंत्री ध्यान पाल ज्ञानोद, मोहनलाल शर्मा, रामवृक्ष प्रसाद, नितिन अग्रवाल, मोहन राठौर, मदन यादव ने श्री राय को बधाई दिया।

## गन्ना मूल्य अल्प वृद्धि पर किसानों ने जताई नराजगी

**यूपी के तर्ज पर गन्ना मूल्य निर्धारण की मांग**

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चालू पेराई सत्र के दौरान उच्च क्वालिटी के गन्ना के मूल्य में 20 रुपया प्रति क्विंटल व निम्न प्रभेद के गन्ना मुल्य में 15 रुपया प्रति क्विंटल मूल्य वृद्धि का ईख काश्तकार संघ ने विरोध किया है। गन्ना के नये मूल्य पर विरोध जताते हुए शुक्रवार को ईख काश्तकार संघ के किसानों ने बगह अनुमंडल के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने गन्ना मंत्री के इस फैसले का विरोध किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## अलीगढ़ कॉलेज के शीराज प्रतिनिधिमंडल के यात्रावृत्तान्त का प्रकाशन

**एक सदी पुराने यात्रावृत्तान्त के पहले संस्करण का विमोचन**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रो अरशद मसूद हाशमी द्वारा संकलित पुस्तक अलीगढ़ कॉलेज और शीराज का विमोचन समारोह उर्दू विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख प्रोफेसर मजहर किब्रिया ने कहा कि यह पुस्तक उर्दू यात्रावृत्तान्त लेखन और शोध संपादन के अध्याय में एक महत्वपूर्ण वृद्धी है, जो अलीगढ़ आंदोलन के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को समझने में नए रास्ते खोलती है। अलीगढ़ कॉलेज और शिराज" मुहम्मद एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (ए.एम.ओ. कॉलेज), अलीगढ़ के शिराज प्रतिनिधिमंडल के प्रतिष्ठित सदस्यों में से एक सैयद जलालुद्दीन हैदर द्वारा एक सदी से भी अधिक समय पहले लिखे गए एक दुर्लभ और अमूल्य यात्रावृत्तान्त का व्याख्यात्मक और आलोचनात्मक रूप से संपादित संस्करण है` भारतीय मुसलमानों के बीच बौद्धिक उत्तेजना और सांस्कृतिक पुनजार्गृति के दौर में लिखा गया यह यात्रावृत्तान्त केवल एक विदेशी यात्रा का रिकॉर्ड नहीं है; यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो अकादमिक भावना, कूटनीतिक आकांक्षाओं और सांस्कृतिक जिज्ञासा को दशार्ता है जिसने अलीगढ़ आंदोलन के शुरूआती दशकों को आकार दिया। इस अवसर पर पुस्तक में सर सैयद अकादमी अलीगढ़ के निदेशक प्रोफेसर शाफे किदवई के कथन को चर्चा का केंद्र बनाया गया कि उर्दू में इस प्रकार के विद्वत्तापूर्ण संपादन के उदाहरण कम मिलते हैं और यह पुस्तक उस कमी को पूरा करती है। उन्होंने यह भी बताया है कि पाठ के संपादन के दौरान ऐतिहासिक सहिष्णुता को चिह्नित किया गया है और शीराज प्रतिनिधिमंडल की प्रेरणाओं के संबंध में कुछ मान्यताओं को प्रामाणिक संदर्भों के प्रकाश में बहाल किया गया है। यदि लेखक के शैक्षणिक और शोध ज्ञान और आलोचनात्मक अंतर्दृष्टि की सराहना नहीं की जाती है तो यह कृतघ्न होगा। विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. समी अहमद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक शताब्दी से अधिक समय के बाद अलीगढ़ कॉलेज के शिराज प्रतिनिधिमंडल के इस यात्रावृत्तान्त का प्रकाशन उर्दू शोध की दुनिया में एक मूल्यवान शैक्षणिक उपलब्धि है। उन्होंने लेखक की शोध निष्ठा और पाठ की सुदृढ़ता पर विशेष ध्यान देने की सराहना की। प्रो अरशद मसूद हाशमी ने कहा कि 1903 में अलीगढ़ कॉलेज के शिराज प्रतिनिधिमंडल ने ईरान की यात्रा की थी, हालांकि, इससे संबंधित प्रामाणिक ग्रंथ और संदर्भ सामग्री लंबे समय तक छिपी रहीं। इस पुस्तक में सैयद जलालुद्दीन हैदर का यात्रावृत्तान्त प्रामाणिक नोट्स और ऐतिहासिक संदर्भों के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस यात्रावृत्तान्त में इस की गवाही भी मिलती है कि कैसे सैयद अहमद खान के अनुयायी मदर्सतुल उलूम के कल्याण व विकास के लिए सदैव तत्पर रहते थे। इस अवसर पर हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो अजय कुमार, उर्दू विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों के साथ-साथ अन्य विभागों के शिक्षक भी उपस्थित थे।



## भारतीय शास्त्रीय संगीत सनातन संस्कृति की देन : राजीव कुमार



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रसाद रत्नेश्वर संस्कृति प्रतिष्ठान ने शुक्रवार को लंदन से आये प्रवासी भारतीय एवं वैश्विक सांस्कृतिक संस्था 'कलासुधा' के निदेशक ई. राजीव कुमार को सम्मानित किया। प्रतिष्ठान की ओर से बोलते हुए प्रदर्श कला के लिए बिहार सरकार से राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी एवं साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर ने कहा कि मोतिहारी में जन्में एवं यूके के नागरिक राजीव कुमार एक सफल आयोजक के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंचीय प्रदर्शनों के द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्व स्तर लोकप्रिय बनाने में बहुत बड़ा योगदान कर रहे हैं। पेशे से आईटी इंजीनियर राजीव कुमार लंदन में बिहार महोत्सव के संयोजक भी है। पूरे भारत से अनेक नामचीन कलाकारों को लंदन आमंत्रित कर उनका कार्यक्रम करा चुके हैं। चर्चित कलासुधा कंसर्ट के निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि मोतिहारी एवं भारत आकर मैं भावों से भर जाता हूँ। चम्पारण की माटी ने मुझे कला का संस्कार दिया है। भारत की संस्कृति अनमोल है। भारतीय शास्त्रीय संगीत सनातन संस्कृति की अनुपम देन है। शास्त्रीय संगीत को मंचासीन करते समय मैं स्वयं को अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ महसूस करता हूँ। मुझे लगता है कि भारत भूमि पर जन्म लेने का ऋण चुका रहा हूँ। सोशल मीडिया पर कलासुधा सर्च करने पर आप भारत के अनेक बड़े कलाकारों के सधे हुए प्रदर्शन देखकर आनंदित हो सकते हैं।

## वाइब्रेंट विलेज भरतमई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 100 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित

**कड़ाके की ठंड में एसएसबी 47वीं बटालियन की मानवीय पहल**




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 47वीं बटालियन ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सीमावर्ती भरतमई गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर एक सराहनीय मानवीय पहल की। मेडिकल सिविक एक्शन (एमसीए) कार्यक्रम के अंतर्गत यह शिविर भरतमई मंदिर के समीप लगाया गया, जिसका उद्देश्य ठंड के मौसम में ग्रामीणों को त्वरित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर का संचालन 47वीं वाहिनी के कमांडेंट (मेडिकल) डॉ. निशिकान्त के कुशल मार्गदर्शन में ह्यसील्ह कंपनी, धूपवाटोला द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं डॉ. निशिकान्त ने की। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट श्री सचिन अपने समवाय के 10 जवानों के साथ उपस्थित रहे। एसएसबी जवानों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, अनुशासन और व्यवस्थाओं को बनाए रखते हुए बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की विशेष सुविधा का ध्यान रखा। चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। 100 से अधिक ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार का लाभ उठाया। खांसी, जुकाम, बुखार, उच्च रक्तचाप, मधुमेह (शुगर), घुटने व कमर दर्द, सांस फूलना तथा शरीर में जकड़न जैसी मौसमी व सामान्य बीमारियों की गहन जांच की गई। मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की गईं। ठंड के कारण दाद, खाज और खुजली से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही, जिन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को ठंड से बचाव के उपाय, स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने, नियमित दवाइयों के सेवन और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। शिविर का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित न रहकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी रहा। ग्रामीणों ने एसएसबी के इस जनकल्याणकारी प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पहल से न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं, बल्कि बल और आम जनता के बीच विश्वास, अपनापन और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रमों के माध्यम से वाइब्रेंट विलेज और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी सेवाएं निरंतर पहुंचाई जाती रहेंगी, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता सुनिश्चित की जा।

CMYK

# जन समस्याओं का डीएम ने किया निदान

**जनता दरबार**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के जिलाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जैसा कि ज्ञात हो प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना होता है। इस दौरान जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए।

इस दौरान इस बार कुल 30 मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार मे भूमि विवाद, इंदिरा आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भू-अर्जन, विद्युत विपत्र सुधार, शिक्षा विभाग, रानश कार्ड इत्यादि से संबंधित मामले प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार मे जिला पदाधिकारी के अलावा अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, विनय कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सुजीत सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, निदेशक, डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद राजीव कुमार सिन्हा, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, वरीय उप समाहर्ता, होमा इरफ़ान, वरीय उप समाहर्ता, नेहा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की अपीलीय मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त नौ अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित पांच मामलों पर विचार किया गया और कई मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस सुनवाई में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय प्राधिकारियों से जवाब-तलब किया। संबंधित प्राधिकारो की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया गया। कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारो को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामलो मे चार मामले अतिक्रमणवाद से संबंधित, दो मामला नाला निर्माण से संबंधित, एक मामला रास्ता निकासी से संबंधित, एक मामला आय प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित तथा एक मामला भूमि मापी से संबंधित थी। बताया गया कि सुनवाई में सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

## अपराजित लोहान बने जहानाबाद के नए पुलिस अधीक्षक

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो।** पटना ग्रामीण एसपी अपराजित लोहान को जहानाबाद का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके पहले नवंबर 2025 में दुलारचंद यादव हत्याकांड के बाद ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग के स्थान पर उन्हें पटना ग्रामीण एसपी नियुक्त किया गया था। वह आइआइटी बॉम्बे से केमिकल इंजीनियर हैं। वे 2020 बैच के बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। अपराजित लोहान तेज-तर्रार और सख्त छवि वाले अधिकारी माने जाते हैं। यूपीएससी परीक्षा में सफल होने से पहले इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति पटना के ट्रैफिक एसपी के रूप में भी रही है। वहीं जहानाबाद में पूर्व से पदस्थापित 2017 बैच के आइपीएस अधिकारी विनीत कुमार को सारण जिले का वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बनाया गया है। बिहार सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कुल 71 आइपीएस अधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए नए स्थान पर पदस्थापित किया गया है। वर्तमान में बड़े स्तर पर आइपीएस अधिकारी के स्थानांतरण के बाद ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था और सख्त बनाने की दिशा में यह एक पहल हो सकता है।

# पेयजल संकट और विकास योजनाओं पर मंथन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर पंचायत सभागार में विधायक प्रमोद कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पंचायत की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद मीरिख दरखशा ने की, जबकि संचालन वार्ड संख्या 6 के वार्ड पार्षद राजकुमार मिश्रा ने किया। बैठक की शुरुआत विधायक के सम्मान से हुई, जहां मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद आरती देवी एवं कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने बुके भेंट कर विधायक का अभिनंदन किया, वहीं वार्ड संख्या 7 के पार्षद रविन्द्र प्रसाद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में शहर के समग्र विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई। कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर क्षेत्र में वेंडिंग जोन के निर्माण हेतु स्थल चयन का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इसके तहत बस स्टैंड से कलाली रोड तक तथा कासमा रोड के किनारे वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा। जल-जीवन-हरियाली योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्ड संख्या 13 स्थित बुधवा महादेव तालाब के जीर्णोद्धार की जानकारी दी गई। साथ ही सार्वजनिक कुओं एवं तालाबों के पास सोख्ता निर्माण तथा नगर निकाय के स्वामित्व वाले भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत सभी होल्डिंग धारकों से 31 मार्च 2026 तक बिना ब्याज एकमुश्त गृह कर जमा करने की अपील की गई और वार्ड पार्षदों से इसमें सहयोग का अनुरोध किया गया। बैठक का सबसे संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दा पेयजल संकट रहा। वार्ड पार्षद राजकुमार मिश्रा ने कहा कि शहर के कई वार्डों में पीएचईडी की पेयजलापूर्ति योजना न तो पूरी है और न ही पर्याप्त। कई वार्डों में अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंची है, जबकि जहां पहुंची है वहां पानी की आपूर्ति नाकाफी है। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। कार्यपालक पदाधिकारी ने इस पर तत्काल डीप बोरिंग कराने का प्रस्ताव रखा। पीएचईडी के कनीय अभियंता ने बताया कि योजना तीन चरणों में पूरी होनी है, जिसमें दो चरण अंतिम दौर में हैं और तीसरे चरण में ग्रामीण विरोध के कारण कार्य बाधित है। विधायक ने इस पर तुरंत संवेदक से बात कर कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने नगर पंचायत में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता, अतिक्रमण के कारण बाधित योजनाओं और बस स्टैंड बंदोबस्ती में अनियमितताओं पर भी कड़ी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे।

## बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल का प्रशिक्षण आज से शुरू

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** शहर के आरबी आर खेल मैदान में बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ की आज शनिवार से 20 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। ग्राम रक्षा दल के जिला संगठन मंत्री अजय विद्यार्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरबीआई खेल मैदान में 10 जनवरी 2026 से लेकर 30 जनवरी 2026 तक सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम रक्षा दल के 500 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत जिले में धार्मिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों में पुलिस एवं सामाजिक कार्य की सहयोग में ग्राम रक्षा दल कार्य करेगी।

# ज्वलंत समस्याओं को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर पंचायत मिरिख की मुख्य पार्षद दरख़शा ने शहर की गंभीर और लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विधायक प्रमोद कुमार सिंह को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पेयजल संकट, रेल ओवर ब्रिज निर्माण तथा शहरी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्य पार्षद ने बताया कि इससे पूर्व मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान भी संबंधित मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा गया था। मुख्यमंत्री सचिवालय से कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को मुख्यमंत्री शहरी पेयजलापूर्ति योजना के तहत कई वार्डों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश मिला था, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। वर्तमान स्थिति यह है कि शहर का भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है और लगभग 90 प्रतिशत घरों में बोरिंग का पानी बंद हो चुका है, जिससे पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा वार्ड संख्या 7 के समीप रफीगंज–ओबरा पथ पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण तथा वार्ड संख्या 13 में निर्माणाधीन रेल ओवर ब्रिज को गया की ओर जोड़ने की मांग भी रखी गई। इन दोनों मामलों में मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत चयनित नाला योजनाओं पर भी कार्य में देरी पर खेद जताया गया। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सभी बिंदुओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर डॉ. गुलाम शहीद, डॉ. योगेंद्र यादव और हरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित टोटो पलटने से मां-बेटी समेत चालक जख्मी

**मदनपुर।** अनियंत्रित टोटो पलटने से दो महिला सहित तीन लोग जख्मी हो गए। घटना शुक्रवार को सलैया थाना क्षेत्र के पिरथु मोड़ की है। जख्मियों की पहचान थाना क्षेत्र के बेरी टोले बरई बिगहा निवासी गणेश चौरसिया की पत्नी रिना देवी, उसकी बेटी मुनी देवी एवं परसा निवासी मो. याशमीन अख्तर के रूप में की गई है। घटना के बाद सभी जख्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जख्मियों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार शिक्षा परियोजना जहानाबाद के सौजन्य से प्रखंड संसाधन केंद्र (समावेशी शिक्षा) मध्य विद्यालय, घोसी में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम समन्वयक जयंत कुमार आचार्य ने दिव्यांग बच्चों को क्या-क्या सुविधा विभाग द्वारा दी जा रही है इस संबंध मे दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रखंड साधन सेवी बालमुकुंद प्रसाद सिंह एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनवां के शिक्षक संतोष कुमार शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान इन्होंने सभी अभिभावकों को दिव्यांगता के कारण एवं बचाव, दिव्यांगता के प्रकार तथा दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं बताया गया कि इस प्रकार के आगे कार्यक्रम 10 जनवरी (शनिवार) से 12 जनवरी के मध्य विद्यालय अहियासा में आयोजित किया जाएगा। वहीं 13 जनवरी से 14 जनवरी तक मध्य विद्यालय शाहपुर एवं 16 जनवरी से 17 जनवरी को मध्य विद्यालय लखवार में आयोजन किया जाएगा।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में छात्र जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** सलैया थाना क्षेत्र के पिरथु मोड़ पर बाइक और ऑटो के बीच टक्कर में बाइक सवार छात्र जख्मी हो गया। घायल किशोर की पहचान थाना क्षेत्र के डिहवा निवासी उदय यादव के पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से किशोर को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज़ के बाद बेहतर इलाज़ के लिए किशोर को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार छात्र के सामने अचानक विपरीत दिशा से आ रही एक ऑटो टकरा गई जिसमें यह हादसा हो गई। बताया जाता है कि मनीष कुमार गाजीकर्मा हाई स्कूल में 12वीं की छात्र है। वह परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने स्कूल जा रहा था। इसी क्रम में उस जगह हादसे में जख्मी हो गया।

# पंचायत परिसीमन की मांग को लेकर मुखिया हुए एकजुट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड सभागार में पंचायत परिसीमन को लेकर मुखिया संघ की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें रफीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं ने एक स्वर में परिसीमन की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह कोटवारा मुखिया बिंदेश्वर प्रसाद यादव ने की।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय का मुखियाओं द्वारा अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। मुखियाओं ने कहा कि पंचायतों का अंतिम परिसीमन वर्ष 2001 में हुआ था, जबकि इसके बाद जनसंख्या और भौगोलिक विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान स्थिति में पंचायतों का संचालन कठिन होता जा रहा है, ऐसे में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार परिसीमन अनिवार्य हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुखियाओं से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया और स्पष्ट कहा कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र परिसीमन नहीं कराया गया, तो मुखिया संघ न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेगा। बैठक में मनरेगा की बकाया राशि का एक माह के भीतर भुगतान सहित अन्य मांगें भी प्रमुखता से उठाई गईं। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, उपप्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, पंचायत समिति सदस्य एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व उनके प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक ने यह साफ संकेत दे दिया कि पंचायत परिसीमन अब केवल मांग नहीं, बल्कि समय की पुकार बन चुका है।

# ओवरलोड हाइवा चढ़ने से पुलिया ध्वस्त, टूटा कई गांवों का संपर्क



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओवरलोड हाइवा पुलिया पर चढ़ने से अचानक ध्वस्त हो गया। मामला रफीगंज प्रखंड के बौर-बहादुरपुर गांव के पास का है। पुलिया कई साल से जर्जर अवस्था में था। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी खराब स्थिति को लेकर शिकायत भी की थी। लेकिन इनका कहना है कि कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज एक ओवरलोडेड हाइवा पुलिया पर चढ़ा, तभी पुलिया का एक बड़ा हिस्सा धंस गया और हाइवा बीच में ही फंस गया। हाइवा के फंसने से सड़क पूरी तरह बाधित हो गई और दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए। यह सड़क ओबरा बाजार को सीधे रफीगंज बाजार से जोड़ती है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों गांवों के लोग आवाजाही करते हैं। स्कूल जाने वाले छात्र, मरीज, व्यापारी और किसान इसी सड़क पर निर्भर हैं।

पुलिया के ध्वस्त हो जाने से लोगों को अब कई किलोमीटर लंबा ऑप्शनल रास्ता अपनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया करीब 15 साल पहले सांसद निधि से बनवाई गई थी। समय के साथ इसकी हालत खराब होती चली गई। करीब पांच साल पहले तत्कालीन बौर पंचायत मुखिया विनय प्रसाद उर्फ मिठू मुखिया की ओर से इसकी मरम्मती कराई गई थी, लेकिन वह मरम्मत भी अस्थायी साबित हुई। घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल हाइवा को हटाकर आवाजाही की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और जल्द से जल्द नए पुलिया का निर्माण कराया जाए।

## औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ की हालत बदतर, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग सं-139 की हालत इन दिनों काफी बदतर होती जा रही है। बता दें कि झारखंड सीमा स्थित संडा से औरंगाबाद तक सड़क काफी जर्जर हो गया है जिससे इस पथ से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि सड़क की उपरी परत कई स्थानों पर उखड़ चुकी है और छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इस सड़क पर वाहन चलाना जोखिम भरा है। बता दें कि यह पथ भारी मालवाहक वाहनों के साथ बसों, टेंपों और बाइक सवारों के लिए भी प्रमुख संपर्क मार्ग है परंतु बदहाल सड़क के कारण ट्रैफिक की रफ्तार थम गई है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर जहानाबाद में निकाला गया पैदल मार्च




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जहानाबाद में सड़क सुरक्षा को लेकर पैदल मार्च सह जागरूरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, विनय कुमार सिंह ने गांधी मैदान के निकट स्थित जिला परिवहन कार्यालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिवहन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जनवरी माह में सड़क सुरक्षा माह के तहत लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों द्वारा पैदल मार्च निकालकर आमजन तक सड़क सुरक्षा के मानकों की जानकारी पहुंचाई गई। रैली के दौरान अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। साथ ही, सड़क सुरक्षा माह के तहत जारी प्रशासनिक गाइडलाइन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ का भी परिचालन किया गया। पैदल मार्च जिला परिवहन कार्यालय से अस्पताल मोड़ तक निकाला गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार ने रैली में शामिल नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने का संकल्प लिया गया। साथ ही, दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जागरूकता रथ का परिचालन 6 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जिले के सभी पंचायतों के गांवों एवं टोलों में किया जा रहा है। वहीं, 03 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।रैली में अपर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह, मोटर यान निरीक्षक ब्रजकिशोर कुमार, जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पेमा गांव स्थित सूर्य मंदिर से चांदी के लाखों के मुकुट-छतरी चोरी

**नवबिहर टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र में पेमा मोड़ के समीप स्थित सूर्य मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के चांदी की मुकुट और छतरी की चोरी कर ली। ग्रामीण सुबह जब मंदिर पूजा करने पहुंचे तो देखा भगवान की मुकुट और छतरी की चोरी कर ली गई है इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाने को दिया। सूचना पर 112 की टीम मंदिर पहुंच जांच किया और मंदिर में चोरी का पुष्टि किया गया। मंदिर के पुजारी से संजय यादव ने बताया कि जब पूजा करने सुबह मंदिर पहुंचा तब मंदिर का ताला टूटा हुआ था मूर्ति से मुकुट एवं छतरी गायब था। पुजारी प्रतिदिन रात्रि में मंदिर बंद कर अपना घर चला जाता था। चोरों ने मंदिर में घुसकर सूर्य भगवान की प्रतिमा से मुकुट और छतरी चुरा ली। ग्रामीण सुनील शर्मा ने बताया कि मुकुट और छतरी दो किलो चांदी से बनाया गया था। चोरी किए गए गहनों की कीमत लाखों रुपए में है। चोरी की खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। मंदिर का निर्माण गांव के इंजिनियर कुंदन सिह ने ग्रामीणों के सहयोग से वर्ष 2006 में कराया गया था उसके बाद मंदिर में भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। मंदिर के सामने पूर्वी सोन नहर में आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालु वहा पहुंच कर अर्घ्य अर्पित कर मंदिर में पूजा अर्चना करते है। गोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। यह मंदिर मुख्य सड़क के किनारे स्थित है, जिससे चोरों के दुस्साहस पर सवाल उठ रहे हैं और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही चोरी की घटना का उद्भेदन किया जाएगा और आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। प्रखंड क्षेत्र में मूर्ति का मुकुट और छतरी का चोरी होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बच्चों की खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में हो भागीदारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद में 9 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले वार्षिक महोत्सव उमंग 2026 का भव्य शुभारंभ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि, अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं प्राध्यापकगण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं गुब्बारा उड़ाकर किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने अपने संबोधन में महाविद्यालय की शैक्षणिक, तकनीकी एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उमंग जैसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं और विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। विधायक श्री सिंह ने महाविद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है तथा उन्होंने महाविद्यालय से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इसके अतिरिक्त आर्ट एंड कल्चर क्लब 'सारंग' द्वारा 12 जनवरी 2026 को विविध सांस्कृतिक एवं कलात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उमंग 2026 के शुभारंभ के साथ ही महाविद्यालय परिसर में छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण व्याप्त है।

# धूमधाम से मनाई गई यदुनंदन महतो की 123वीं जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के होरिलगंज स्थित यदुनंदन महतो सेवा संस्था परिसर में समाजसेवी यदुनंदन महतो की 123वीं जयंती समारोहपूर्वक एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जहानाबाद के सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान समारोह की अध्यक्षता दांगी कमलेश कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं एवं अतिथियों ने यदुनंदन महतो के सामाजिक योगदान, उनके विचारों एवं आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित ऑल इंडिया दांगी समाज संघ के प्रधान महासचिव वीरेंद्र दांगी, पूर्व जिला पार्षद आभा रानी, प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रसाद दांगी, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार दांगी तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष अपूर्वकाश दांगी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने युवाओं से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदुनंदन महतो जी के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए। वहीं, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राहुल शर्मा ने भी युवाओं से समाज हित में संगठित होकर कार्य करने, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक बदलाव की दिशा में नेतृत्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का विकास युवा शक्ति के बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में दांगी सुनील कुमार विद्यार्थी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस दौरान समाज के महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करने एवं उनके नाम पर योजनाओं और संस्थानों को आगे बढ़ाने की मांग जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी गई। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी, युवा एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे और यदुनंदन महतो के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# धान अधिप्राप्ति कार्य में लघु एवं सीमांत किसानों को दी जायेगी प्राथमिकता : मंत्री

## सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शुक्रवार को मंत्री सहकारिता विभाग-सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डा. प्रमोद कुमार द्वारा जिले का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर मंत्री का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया गया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने सहकारिता विभाग एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से संबंधित योजनाओं एवं संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में मंत्री ने धान अधिप्राप्ति कार्य में लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान अनिवार्य रूप से 48 घंटे के भीतर किया जाए। उन्होंने जिले के अक्रियाशील एवं अवक्रमित पैक्स एवं व्यापार मंडलों को पुनः क्रियाशील एवं सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री ने यह भी कहा कि पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को केवल अधिप्राप्ति कार्य तक सीमित न रखते हुए उन्हें खाद-उर्वरक वितरण, जन वितरण प्रणाली, कॉमन सर्विस सेंटर तथा मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि उनकी कार्यक्षमता एवं आय में वृद्धि हो सके। इसके अतिरिक्त, सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों की भौगोलिक स्थिति एवं स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप नई सहकारी समितियों के निबंधन की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर शंभूसेन, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ-सह-नोडल पदाधिकारी, प्रभाकर कुमार, संयुक्त निबंधक, भागलपुर प्रमंडल, सत्येन्द्र प्रसाद पाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा मिथिलेश कुमार, प्रबंध निदेशक, बेगूसराय केन्द्रीय सहकारी बैंक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रसव पूर्व गर्भवतियों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा नितिन कुमार ने 47 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें 6 महिलाएं एनीमिक एवं एक महिला शुगर से ग्रसित पायी गयी। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। डा कुमार ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम, आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम ऊषा कुमारी, सीएचओ राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, सुमानी कुमारी, जूली कुमारी एल टी पंकज जोशी, एएनएम नंदन कुमारी, शशि कला कुमारी आदि सहित आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

### गर्भवती महिलाओं की हुई एएनसी जांच

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी भगवानपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैंप में परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 94 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। इस कैम्प में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को समझाया गया और जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दिए गए। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरीन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डा. ज्योति शबनम की उपस्थिति में एलटी फिरोज आलम, सीएचओ निशा, नवीन, राखी आदि के द्वारा किया गया। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया कि प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से किसी भी प्रकार की परेशानी का शुरुआती दौर में ही पता चल जाने से उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। खानपान के बारे में बताते हुए सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल की टेबलेट व ओआरएस दी गई तथा योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन की दवाइयां दी गयी। मौके पर हेल्थ मैनेजर आशुतोष गांधी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### दो नशेड़ी युवक गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवादददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौला पिकेट प्रभारी शराब पीकर हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान ईसापुर टीकापर गांव निवासी चंदन कुमार पिता जगदीश महतो तथा सुनील कुमार पिता जामुन महतो के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे थे, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी। इसकी सूचना मिलने पर नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया।

# जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण को लेकर दी गई ट्रेनिंग

### 21 दिनों के भीतर निबंधन कर प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के प्रावधान पर दिया गया बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में जिला स्तरीय जन्मदमृत्यु रजिस्ट्रीकरण से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का उद्देश्य जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण की प्रक्रिया को सुदृढ़, समयबद्ध एवं विधिसम्मत बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक तथा जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जन्मदमृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के सभी प्रावधानों एवं नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बिहार जन्मदमृत्यु रजिस्ट्रीकरण (प्रथम तथा द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 में किए गए संशोधनों के संबंध में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म एवं मृत्यु का निर्धारित समयावधि, अर्थात 21 दिनों के भीतर निबंधन कर प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के प्रावधान पर विशेष बल दिया गया। इस संदर्भ में सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी-सह-रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को निर्देशित किया गया कि वे उक्त प्रावधानों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त मृत्यु के कारणों के चिकित्सकीय प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा संबंधित त्रैमासिक प्रतिवेदन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त बेगूसराय, सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी अपर जिला रजिस्ट्रार-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी तथा सभी प्रखंडों के प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वयोवृद्ध पूर्व सरपंच रामचन्द्र मंडल का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** डंडारी प्रखड क्षेत्र के वांक पंचायत के पूर्व सरपंच सह समाज सेवी 80 वर्षीय रामचन्द्र मंडल का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर देखी गयी। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र शिक्षक परमानंद कुमार, जेई बिपिन कुमार, दो पुत्री, नाती, पोता पोती सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद ने कहा पूर्व सरपंच रामचन्द्र मंडल 1980 से 2000 ई तक 20 वर्ष सरपंच पद पर रहकर समाज सेवा किया। उनकी पहचान अनुमंडल स्तर तक थी। किसी के संकट की घड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर उपस्थित रहकर सहयोग करते थे। उनके निधन पर राजनीतिक, समाजिक जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके निधन पर जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष मो अहसन, मुखिया अमरजीत साहनी, सेवानिवृत्त प्रशाखा पदाधिकारी देवनंदन मंडल, प्रो उपेंद्र साह, एचएम पंकज कुमार, अधिवक्ता शशिरंजन, शिक्षक मो असरफ खान, अश्विनी कुमार, कुंदन कुमार, किशोरी साहू, शुशील कुमार सहित दर्जनों लोग ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के तहत 212 गर्भवतियों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के सीएचसी बड़हरा, एपीएचसी गजियापुर, कृष्णागढ़, सरैया में एक साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 212 गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण जांच की गई। इस दौरान वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, लंबाई व अन्य शामिल है। जांच किए गए गर्भवती महिलाओं में से वैसे गर्भवती महिला जो हाई रिस्क प्रेगनेंसी कि श्रेणी में आती हैं। चिन्हित कर उनका लगातार फॉलोअप किया जाता है। सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम और जरूरत के अनुसार



दवा दिया गया। सभी गर्भवतियों के लिए अल्कोहल की व्यवस्था की जाती है। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अरविंद कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा में कुल 95, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरैया में 58, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कृष्णगढ़ में 25 और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गजियापुर में 34 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच हुआ।

# विद्युत चोरी में दो लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के डीहपर गांव में विद्युत विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी के द्वारा विद्युत चोरी के खिलाफ बुधवार को सर्च अपरेशन चलाया गया। सर्च अपरेशन के दौरान डीहपर वार्ड संख्या 1 गांव निवासी स्व भोला प्रसाद सिंह के पुत्र महेश्वर सिंह के आवासीय परिसर में छापेमारी की गई जिसमें मीटर के बगल से बायपास कर बिजली चोरी की जा रही थी। जिससे नार्थ बिहार पावर कारपोरेशन लिमिटेड कंपनी को 37370 रुपए की अनुमानित नुकसान हुआ है। वहीं अजय ठाकुर के पुत्र नीरज कुमार ठाकुर के आवासीय परिसर की भी जांच की गई जिसमें विभागीय तार से सर्विस तार को जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी जिससे कंपनी को 10886 रुपए की नुकसान हुई है। जानकारी देते हुए वीरपुर आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता भगवानपुर शिल्पी कुमारी, मोहित कुमार पांडेय, मानव बल रंजीत पंडित, राजाराम महतों, फुलटून राम, नकुल कुमार महतों शामिल थे। इस संबंध जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में वीरपुर पुलिस जुट गई हैं।

### अधेड़ व्यक्ति छह दिनों से लापता

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के वीरपुर पूर्वी वार्ड संख्या 7 गांव निवासी करीब 60 वर्षीय मोहम्मद सफीक विगत छह दिनों से घर से गायब हैं। जिसकी जानकारी देते हुए उनके करीब 21 वर्षीय पुत्र सहआलम ने बताया कि मेरे पिता का विगत कुछ दिनों से मानसिक रूप से संतुलन बिगड़ा हुआ था जिसको लेकर बेगुसराय से इनका इलाज चल रहा था। इसी क्रम में तीन जनवरी को दोपहर दो बजे वीरपुर टम टम स्टैंड से गायब हो गए जिनको अपने स्तर से काफी खोजबीन किए लेकिन कुछ अता पता नहीं चल पाया। इसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि गुमशुद्गी का आवेदन आया है जिसको लेकर मामला दर्ज कर जगह जगह लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अगर किन्हीं को ये दिखे तो वीरपुर थाना के दूरभाष नंबर 9431822831 एवं परिजन 7282879491पर सूचना दे सकते हैं।

# शिक्षा सागर फाउंडेशन के समारोह में भोजपुर की बहू सम्मानित

### राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक अभिनन्दन 2026 सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** शिक्षा सागर फाउंडेशन के तत्वावधान में कोटा, राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भोजपुर की बहू श्रीशा सुरभी को उनके शैक्षणिक नवाचार और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान भोजपुर जिला के गौरव की बात है। शिक्षिका श्रीशा सुरभी उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लगुनिया रघुकंठ समस्तीपुर में पदस्थापित है। इनके पति रंजीत सिंह बड़हरा के आरके




इंटरनेशनल स्कूल सेमरिया पड़रिया में शिक्षक है। जो आरा शहर के यदुवंशी नगर जीरो माइल के निवासी हैं। शिक्षिका सुरभी ने कहा कि सम्मान समारोह के दौरान आयोजक शैलेश कुमार प्रजापति ने बताया कि सम्मान का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर थे। जिन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। श्रीशा सुरभी ने बताया कि यह सम्मान बिहार के शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों की पहचान है और आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव को मिथिला रत्न सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति संजय कुमार और कुलसचिव घनश्याम राय को मिथिला रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान 22-23 दिसंबर 2025 को पुनौराधाम, सीतामढ़ी में आयोजित 23वें अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन में प्रदान किया जाना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से दोनों उस समय समारोह में उपस्थित नहीं हो सके थे। शुक्रवार को मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दरभंगा से आए विद्यापति सेवा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव बैद्यनाथ चौधरी बैजू, अध्यक्ष महेंद्र नारायण राम, वीर रस के कवि हरिश्चंद्र हरित एवं कोषाध्यक्ष गणेशकान्त झा उपस्थित रहे। सभी ने समवेत रूप से कुलपति और कुलसचिव को मिथिला रत्न सम्मान से विभूषित किया। सम्मान समारोह के दौरान दोनों को प्रशस्ति पत्र, मखान की माला, पाग और दोपट्टा अर्पित किया गया। इस अवसर पर मैथिली भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी और कर्मी भी मौजूद रहे। इनमें डीएसडब्ल्यू महेशचंद्र मिश्र, प्रॉक्टर जयकांत सिंह, कॉलेज निरीक्षक कलाल बाखला सहित तनमय मनीष, कृष्ण कुमार, सुबोध कुमार झा, रवि रंजन, शुभम कुमार और रुचि वर्मा शामिल थे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मिथिला रत्न सम्मान उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जिन्होंने शिक्षा, साहित्य और समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित यह सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ और उपस्थित लोगों ने दोनों सम्मानित व्यक्तित्वों को बधाई दी।

# दो दशक पुराने मामले में तीन अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज पंचम उमेश प्रसाद ने लगभग दो दशक पुराने एक आपराधिक वाद में तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक देवीनंदन सिंह ने बताया कि कुटुंबा थाना कांड संख्या 43/06, जीआर संख्या 1528/2006, एसटीआर संख्या 03/13 एवं 414/24 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने तीन अभियुक्त हरि राम, योगेन्द्र राम और सीता राम, सभी निवासी पिपरा बराही, कुटुंबा, को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 325 के अंतर्गत दोषी ठहराया है। न्यायालय ने दोष सिद्ध होने के बाद तीनों अभियुक्तों के बंधपत्र को विखंडित करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 जनवरी 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। अधिवक्ता ने बताया कि इस वाद के सूचक बैजनाथ राम, निवासी पिपरा बराही, कुटुंबा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्तों ने लाठी-डंडे से हमला कर उनके पुत्र बलिन्द्र राम को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। घटना के पीछे का कारण पंचायत समिति का चुनाव बताया गया है, जिसमें हरिन्द्र राम के चुनाव लड़ने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषी पाया।

# नाडेप कंपोस्टिंग पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड में शुक्रवार को सभी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी को परियोजना प्रबंधक किरणमय पाल ने परियोजना के उद्देश्यों एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पर संक्षिप्त जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए बीडीओ अनुरंजन कुमार ने स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा जैविक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नाडेप कंपोस्टिंग को एक प्रभावी एवं सतत समाधान बताया।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सतत अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण स्तर पर आजीविका के अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बरौनी प्रखंड के प्रखंड समन्वयक श्री प्रियव्रत आजाद ने सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी को पंचायत में कार्य की समीक्षा की एवं सभी को नियमित रूप से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# कार्य में उदासीनता बरतने वाले 90 पुलिसकर्मियों के वेतन पर रोक

**कार्रवाई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक अरबिंद प्रताप सिंह ने कार्य के प्रति उदासीनता बरतने के मामले मे जिले के 90 पुलिस पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगाने का आदेश दिया है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि समस्तीपुर जिला समाहरणालय मे आयोजित क्राइम मीटिंग मे पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने लंबित कांडों की समीक्षा करने के बाद 90 से अधिक पुलिस पदाधिकारियों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन पुलिस पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगाई गई है उनमें छह से अधिक थानाध्यक्ष भी शामिल है। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक मे पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कांडों के अनुसंधान एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर थानाध्यक्षों तथा पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को लंबित कांडों के जल्द निष्पादन करने आदेश दिया।

# पालीगंज नगर बाजार में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, सड़कें हुईं अतिक्रमण मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज नगर बाजार में सड़क किनारे और फुटपाथ पर किए गए पुनः अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। शुक्रवार को अंचल अधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से लगाए गए दुकानों को हटाया गया। यह कार्रवाई थाना रोड, दुर्गा स्थान नाला रोड, खिरीमोड़ रोड और हॉस्पिटल रोड में की गई। इन स्थानों पर कुछ फल, तिलकुट सहित कई अन्य दुकानदारों ने पहले हटाए जाने के बाद दोबारा फुटपाथ पर दुकानें




लगा ली थीं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान पालीगंज थाना अध्यक्ष सुमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो सकी। अंचल अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि हटाए गए स्थानों पर किसी भी हाल में दोबारा अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक सप्ताह लगातार जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्त योजना के तहत 67 आवेदन प्राप्त

## दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने हेतु बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2025 के अवसर पर दिव्यागजनों के व्यक्तिगत, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं अन्य आवश्यक क्षमताओ को सशक्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बुनियाद केंद्र मसौढ़ी में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लगभग 80 दिव्यांग लाभुकों शामिल हुए जिनमें से बैटरी चालित सहित अन्य सहायक उपकरण हेतु कुल 67 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के प्रभावी पारदर्शी एवं समयबद्ध कियान्वयन हेतु दिव्यांगजनों के उत्थान हेतु बैट्री चलित ट्राईसाईकिल सहित अन्य सहायक उपकरणों हेतु ऑफलाइन आवेदन प्रपत्र भरे जाएंगे, जिनमें बैसाखी, कान की मशीन, आँख का चश्मा, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, छड़ी, स्मार्ट फोन आदि शामिल हैं। वैसे दिव्यांगजन जो कि जिन्हे विभिन्न उपकरण की आवश्यकता है उन्हें समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से अच्छदित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मसौढ़ी बुनियाद केन्द्र सभागार भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। सभी पंचायत सचिव विकास मित्रों, आंगनबाड़ी सेविका /सहायिका, टोला सेवक एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निदेशित किया जाता है कि उक्त शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अर्हता रखने वाले सभी दिव्यागजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (ठक्क्क कार्ड), आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो 02 के साथ उक्त शिविर में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। बैठक में घ्डक एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव सुगंध नारायण सिंह, पटना जिला के अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रदेश प्रोग्राम मैनेजर श्री यशु पाल, बुनियाद केंद्र की प्रबंधक श्रद्धा सिंहा एवं अन्य बुनियाद कर्मी अनिल कुमार, रजनी सिन्हा अनुपमा, सिमरन, प्रियांशु, कुमार राकेश, रौशन, विनोद कुमार उपस्थित रहे।




# कश्मीर गंज मुहल्ले में दो युवकों में भिड़ंत, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना के कश्मीर गंज मोहल्ले में बुधवार को रास्ते से जाने के लिए एक युवक ने दूसरे युवक को रोका तो एक युवक ने दूसरे युवक पर कट्टा तान दी। शिवम कुमार पिता अमलेश कुमार उर्फ सनी ने इस मामले को लेकर थाने में आवेदन दिया है। कश्मीर गंज मोहल्ले वार्ड नंबर 4 के रहने वाले शिवम कुमार ने बताया के वह बुधवार को शाम 5:45 बजे जब मैं अपने घर से मनी चक वाले रास्ते से घूमने जा रहा था तो मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद कलाम के घर के पास तीनमुहानी पर पहुंचा तो हमें गाली देते हुए मोहम्मद फिरोज ने रोक दिया और कहा कि तुम इधर से क्यों जा रहे हो तो मैंने कहा कि रास्ता है मैं जाऊंगा। इसी क्रम में फिरोज ने अपनी कमर से कट्टा निकाल कर मेरे माथे पर सटा दिया। मैंने जोर से चिल्लाते हुए अपने मोहल्ले के लोगों से कहा के मोहम्मद फिरोज मुझे कट्टा से मार रहा है तो आसपास के मोहल्ले के लोग पहुंचे इतनी देर में फिरोज कट्टा छोड़कर भाग गया। इसके बाद इसकी सूचना थाना को दी गई मौके पर थाना पहुंची। थाना में शिवम कुमार ने मोहम्मद फिरोज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की आवेदन दिया है। थाना इंचार्ज विवेक भारती ने बताया कि कट्टा बरामद कर लिया गया है मामले की छानबीन की जा रही है।

## क्राइम मीटिंग में की गई कांडों की समीक्षा

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज अनुमंडल पुलिस कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 राजीव चंद्र सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सर्किल इंस्पेक्टर, पर्यवेक्षी पदाधिकारी एवं सभी थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दर्ज मामलों और निष्पादित कांडों की विस्तार से समीक्षा की गई। लंबित मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा कुर्की जब्ती की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। विगत माह में हथियार, शराब और मादक पदार्थों की हुई बरामदगी की भी समीक्षा की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### केरल की तर्ज पर...

लोगों को स्वच्छता और सफाई की उपयोगिता समझ में आ गई है। ऐसे में छठ महापर्व के समय स्वच्छता और सफाई की उपयोगिता समझने वाले बिहार के लोग भी यदि उसे प्रत्येक दिन बरकरार रखने का ठन ले तो बहुत अच्छा होगा। श्री अर्लेकर ने कहा कि केरल में स्वास्थ्य सुविधा का विकेंद्रीकरण किया गया है। इस कारण हर गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है। यहां के लोगों को साधारण इलाज के लिए शहर नहीं जाना होता इस कारण शहरों के अस्पतालों में भीड़ कम होती है तथा लोगों का समय, मेहनत और पैसा बचता है।बिहार में भी इस तरह की सुविधा प्रत्येक गांव में विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इससे बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा कम समय में और काम खर्चे में ही उपलब्ध हो सकेगी। लोगों का समय बचेगा जिससे विकास के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि यह काम बिहार में धीरे-धीरे हो रहा है राज्य के लगभग सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज भी खुल रहे हैं।

### कई जिलों के एसपी...

रहे थे। अब उन्हें पुलिस महानिदेशक अभियान, विशेष कार्य बल, बिहार, पटना की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्हें विशेष शाखा में भी अहम भूमिका दी गई है, जिसे राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील विभाग माना जाता है। 1995 बैच की आईपीएस अधिकारी आर मल्लर विजी वर्तमान में अपर पुलिस महानिदेशक-सह-निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के पद पर थीं। तबादले के बाद उन्हें बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, पटना में अपर पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. अमित कुमार जैन अभी तक अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना में तैनात थे। अब उन्हें मद्यनिषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो, बिहार, पटना का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। साथ ही उन्हें अपराध अनुसंधान विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। 1996 बैच के ही आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार वर्तमान में अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा, बिहार, पटना के पद पर कार्यरत थे। तबादले के बाद उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, बिहार, पटना की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी कमल किशोर सिंह, जो अब तक अपर पुलिस महानिदेशक बजट, अपील और कल्याण, बिहार, पटना में तैनात थे। उन्हें अब रेलवे, बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आगे देखें सभी 71 आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट। दरभंदा मिथिला क्षेत्र की पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ स्वप्ना गौतम मेश्राम को एससीआरबी (गैर संवर्गीय पद) का जिम्मा मिला है। बेगूसराय के डीआईजी आशीष भारती को मद्यनिषेध एएनटीएफ पटना की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्णिया के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल को एससीआरबी का जिम्मा मिला है। मिथिला क्षेत्र की पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ स्वप्ना गौतम मेश्राम को एससीआरबी (गैर संवर्गीय पद) का जिम्मा मिला है। बेगूसराय के डीआईजी आशीष भारती को मद्यनिषेध एएनटीएफ पटना की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्णिया के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल को एससीआरबी का जिम्मा मिला है। संतोष कुमार को किशनगंज का एसपी बनाया गया है। जितेंद्र कुमार को अररिया, विनय तिवारी को गोपालगंज, सागर कुमार को यातायात पटना का एसपी बनाया गया है। पूरन कुमार झा को सिवान, नवजोत सिमी को अरवल, रामानंद कौशल को बगहा, अवधेश दीक्षित को लखीसराय, शुभांक मिश्रा को शिवहर, अपराजित को जहानाबाद और विक्रम सिहाग को वैशाली का एसपी बनाया गया है।

### बिहार सरकार व नाबार्ड ...

वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार द्वारा कृषि ऋण पर एक प्रतिशत बयाज अनुदान हेतु पांच सौ करोड़ रूपये उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को खेती हेतु कृषि ऋण दिया जाता है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि एक प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना राज्य के किसानों के लिए आर्थिक संबल का कार्य करेगी और उन्हें समय पर संस्थागत ऋण प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। इस पहल से किसान उन्नत बीज, उर्वरक, सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण एवं नवीन तकनीकों में निवेश कर सकेंगे, जिससे उत्पादकता, गुणवत्ता और आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित होगी। नाबार्ड के सहयोग से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ किया जाएगा। यह समझौता बिहार सरकार की किसान हितैषी नीतियों, वित्तीय समावेशन तथा आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा, जिससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी और ग्रामीण समृद्धि को स्थायी आधार मिलेगा।

# पीजी रेलखंड में ट्रेनों की संपत्ति एवं यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस सजग




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ट्रेनों की सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस सजग हुई है और इन दिनों शाम से लेकर देर रात तक चलने वाली सभी ट्रेनों में पुलिस एस्कॉर्ट पार्टी के द्वारा सुरक्षा को बढ़ा दी गई है। रेलवे अधिकारियों की माने तो रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और कर्मियों के द्वारा लगातार यात्रियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित यात्रा और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर यात्रियों में जागरूकता बढ़ाना है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष ने यात्रियों को बताया कि चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है, इसलिए ऐसा करने से बचें। फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है. यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें, क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें. यात्रियों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें। रेल पुलिस ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। रन फॉर यूनिटी के जरिये एकता का संदेश दिया, बहरहाल बिते शाम को तारेगना स्टेशन पर स्कॉट पुलिस, महिला पुलिस बल एवं तारेगना रेल पुलिस के द्वारा सुरक्षात्मक अभियान चलाये गये। बताया गया कि एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेन जो शाम से देर रात चलती है उन सभी ट्रेनों की सुरक्षा को बढ़ा दी गई है।

# पुनपुन में स्वास्थ्य उप केंद्र मरांची का डीएम ने किया निरीक्षण, कल्याणकारी योजनाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जिलाधिकारी, पटना द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र, मरांची, पुनपुन, का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने मरीजों तथा उनके परिजनों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। ज़िलाधिकारी डॉ त्यागराजन द्वारा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से भी वार्ता की गई। पदाधिकारियों को रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, साफ़ऽसफाई सहित सरकार के निदेशानुसार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा जिलाधिकारी, एवं उप विकास आयुक्त, एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ मसौढ़ी अनुमंडल में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सरकार द्वारा क्रियानवित जनहित की विभिन्न विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया गया तथा आम जनता से फीडबैक भी लिया गया। पदाधिकारियों को लोकहित की योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निदेश दिया गया।



# देश की पहली मुस्लिम शिक्षिका को पुष्प अर्पित कर किया गया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** देश की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका ज्ञानज्योति फातिमा शेख की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग और समाजसेवियों ने फातिमा शेख के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जहाँ लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अनुमंडल इकाई के अंतर्गत प्रदेश संयोजक धीरेंद्र प्रसाद उर्फ मुन्ना पासवान के नेत्रृत्व मे फातीमा शेख की जयन्ती के अवसर पर एव भुतपूर्व विधायक एवं सवतंत्रा सेनानी स्व महावीर प्रषाद के पुण्य तिथि के अवसर पर ग्राम मधुवन प्रखंण्ड धनरुआ के अंतर्गत आयोजित क्रायक्रम मे रेखा देवी के अध्यक्षता एवं प्रदेश संयोजक घिरेन्द्र पासवान मुन्ना एवं वैजन्ती देवी पूर्व पंचायत समिती के संयुक्त संचालन मे फातिमा शेख एवं सावित्री वाई फुले और सवतंत्रा सेनानी स्वं महावीर की याद में संयुक्त - रूप से कार्यक्रम प्रारंभ की गई, रेखा देवी ने उपस्थित जन समुह के बीच इन महापुरषों के आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया। फातिमा शेख के योगदान को याद करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए खोला गया उनका स्कूल मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अतुलनीय योगदान दिया। अनुसुचित मोर्चा के सुदामा दास ने उनके पद चिन्हो पर चलने का आवाहन किया। पाटी के अनुमंडल इकाई के सह संयोजक श्रिकान्त कुमार ने इन महापुरषों का याद करते हुये शिक्षा जगत मे महिलाओ के शिक्षा प्रति किये गये योगदान को याद करते हुये उपस्थित महिलाये एवं बच्चो को मार्ग पर चलने को प्रेरित किया, प्रदेश संयोजक धीरेन्द्र पासवान मुन्ना ने आये हुए सहभागी एवं पाटी के उपस्थित के प्रति आभार व्यक्त किया एवं अभिवादन किया। इस आयोजन मे पाटी के सदस्य गजेन्द्र वर्मा, तपेश्वर वर्मा, वसुदेव यादव, गयत्रि देवी, कविता देवी पूर्व मुखिया, प्रमोद कुमार पूर्व मुखिया, रोहीत कुमार, सुरज कुमार, अमित कुमार, कान्ति देवी उपस्थित थे।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–097 के लिए खुली ई–निविदा सूचना, दिनांक 08.01.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–097, कार्य का नाम :** मालदा मंडल के तहत झुके हुए, क्षतिग्रस्त/चोट पहुँचे और महत्वपूर्ण मास्ट/ टीटीसी /पोर्टल्स को हटाने के संबंध में ओएचई रूपांतरण कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,77,34,846/– **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 2,88,700/–, **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 16.01.2026 से 30.01.2026 को 16.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-288/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# लहसुना पुलिस ने 1500 लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत लहसुना पुलिस ने क्रिमदीचक गांव में छापेमारी करते हुए तकरीबन 1500 लीटर जावा महुआ घोल को नष्ट किया है। दरअसल इन दिनों मसौढी अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र की पुलिस के द्वारा ऑपरेशन देसी शराब चला कर सघन अभियान चलाते हुए दर्जनों भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया है। शुक्रवार को क्रिमदीचक गांव समेत कई गांव में छापेमारी की गई है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि मुसहरी में बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से शराब बनाई जा रही थी उसको लेकर शुक्रवार को छापेमारी की गई है। जहां आहार पाईन के किनारे जमीन के अंदर ड्रम में शराब छुपा कर रखे थे, जिसे खोद कर बाहर निकाल कर उन सब को नष्ट किया गया है। तकरीबन 1500 जावा महुआ गुड का घोल को नष्ट किया गया है। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब सप्लायर भागने में सफल रहे जिसे चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

# यूगोव सर्वे में 10 में से 7 भारतीयों ने माना कैलिफोर्निया बादाम वजन प्रबंधन में सहायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नए साल की शुरुआत के साथ स्वास्थ्य और वज़न प्रबंधन भारतीयों की प्राथमिकता बन गया है। कैलिफ़ोर्निया आलमंड बोर्ड के सहयोग से किए गए यूगोव सर्वे के अनुसार, 10 में से 7 भारतीय मानते हैं कि कैलिफ़ोर्निया बादाम स्वस्थ वज़न बनाए रखने में मदद करते हैं। भारत के 16 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि लोग अब स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि लोग सुबह के समय और नाश्ते में बादाम को शामिल करना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि इससे पेट भरा रहता है और दिनभर ऊर्ज़ा बनी रहती है। न्यूट्रीशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा, ‌ब्बादाम पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करते हैं। यह वजन नियंत्रण और सजग स्नैकिंग के लिए एक व्यावहारिक विकल्प है।ङ्क वहीं, रितिका समद्दार, रीजनल हेड ऽ डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर ने कहा, ‌ब्बादाम में मौजूद फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स भूख को नियंत्रित करने और लगातार ऊर्ज़ा बनाए रखने में सहायक होते हैं, जिससे यह रोज़ाना की हेल्दी डाइट का अहम हिस्सा बनते जा रहे हैं।ङ्क सर्वे यह दर्शाता है कि हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले भारतीयों के बीच कैलिफ़ोर्निया बादाम एक भरोसेमंद और पसंदीदा विकल्प बनते जा रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू _5_पॉलिसी, दिनांक 08.01.2026,** वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_23–24_28_ओटीआर, दिनांक 07.01.2026, कार्य का नाम:** मालदा मंडल के भागलपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नं. 1, 4 एवं 5 के सीआईबी–टीआईबी का प्रतिस्थापन एवं यात्री सुविधाएँ । **निविदा मूल्य:** रु.1,86,98,113.39, **बयाना राशि:** रु.2,43,500/–, **ई–निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 15.01.2026 से 29.01.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www. ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, मालदा।

MLD-289/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पुत्र को बचाने गई मां के साथ गाली-गलौज और मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना के गणेश टोला में अपने पुत्र को पीटता देख बचाने गई मां के साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट करने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में गणेश टोला निवासी राजू दास की पत्नी रूबी देवी ने टोला के ही प्रकाश बिंद उर्फ पेटू बिंद, बिनोद बिंद, उसके पुत्र गोरख बिंद और बिनोद बिंद की पत्नी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। आरोप है कि बीते दो जनवरी को उसके पुत्र रोहित कुमार के साथ प्रकाश बिंद मारपीट कर रहा था। जानकारी मिलने पर जब रूबी देवी मौके पर पहुंच प्रकाश से अपने पुत्र के साथ मारपीट करने का कारण पूछी तो वह उसके साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट करने पर उतारू हो गया। आरोप है कि जब रूबी देवी अपने पुत्र के साथ घर लौटने लगी तो बिनोद बिंद, उसके पुत्र गोरख बिंद और बिनोद की पत्नी उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। गाली देने से मना करने पर बिनोद की पत्नी ने ईंट से मार उसे घायल कर दिया। बाद में ग्रामीणों ने बीच बचाव कर उसे छुड़ाया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को किया जाएगा दूर : विधायक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन के एस0एम0डी0 कॉलेज में शुक्रवार को बैठक आहूत कि गई, जहाँ बैठक हुई फुलवारी विधायक श्याम रजक शामिल हुए। बैठक में प्राचार्य प्रो0 डॉ0 मधुरेन्द्र एवं अनियोजित शिक्षक व कर्मचारीगण के विधायक को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया तथा एनसीसी कैडेट के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विधायक श्याम रजक ने परेड निरीक्षण के उपरांत प्राचार्य कार्यालय मे सभी प्रोफ़ेसर एवं कर्मचारी से मुलाकात किए एवं कॉलेज की समस्याओ जैसे भवन का निर्माण, शिक्षक की कमी आदि जैसी समस्याओ को गंभीरतापूर्वक सुनकर सामाधान का आश्वासन दिए। कॉलेज प्रांगण मे नए एवं पुराने भवन, हिन्दी विभाग, साइंस विभाग, रसायन लैब, जिम उपकरण आदि का निरीक्षण किए। साथ मे जदयू ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, ओम सिंह, मनीष कुमार , बंटी चन्द्रवंशी, प्रो0 श्रुति कुमारी, प्रो0 बिनोद कुमार रजक, रंजीत कुमार, प्रो0 अमरेंद्र पासवान, सहित गणमान्य प्रोफ़ेसर, शिक्षकगण एवं कॉलेज प्रशासन तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, प्रथम तल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 12 यात्रीवाही ट्रेनों के 14 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 आरटीवीपी के लिए लीजिंग हेतु आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **Wwww.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–1सी। **कम्पार्टमेंट :** 12 यात्रीवाही ट्रेनों के 14 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 21.01.2026, 13.30 बजे।

HWH-526/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# तीन दिवसीय देव सूर्य महोत्सव 25 से

## आकर्षक बनाने हेतु सम्पूर्ण देव क्षेत्र का होगा सौंदर्यीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव सूर्य महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि देव प्रखंड में अवस्थित ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक-सांस्कृतिक आस्था के प्रमुख केंद्र देव सूर्य मंदिर एवं सूर्यकुंड की ख्याति न केवल राज्य बल्कि देशभर में है। यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ आर्थिक एवं पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं से भी युक्त है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय देव सूर्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव 25 से 27 जनवरी 2026 तक रानी तालाब, देव परिसर में आयोजित होगा। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत वर्षों की भांति जिला स्तरीय चित्रकला, रंगोली, निबंध, पेंटिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता, स्लो साइकिल रेस, बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे फुटबॉल एवं कबड्डी का आयोजन भी किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ भजन गायन की प्रस्तुति से किया जाएगा जिसके पश्चात मुख्य कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही बच्चों एवं युवाओं के बीच खेलकूद एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा। उप



विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि महोत्सव को और अधिक आकर्षक बनाने हेतु सम्पूर्ण देव क्षेत्र का सौंदर्यीकरण एवं सजावट की जाएगी। इसके लिए मंदिर न्यास समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय लोगों को अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को सजाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। देव सूर्य मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्र को सुसज्जित एवं स्वच्छ बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मेला क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे ताकि आमजन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही मेडिकल कैंप का आयोजन कर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, को शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया जबकि कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, को विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। देव को जोड़ने वाली सभी प्रमुख सड़कों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत देव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, देव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी, देव को निर्देशित किया गया कि सूर्य मंदिर महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों, छात्र-छात्राओं एवं दर्शकों के आवागमन हेतु पर्याप्त परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करें। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे को मेला के मुख्य पंडाल, स्टेज, दर्शक दीर्घा, मंदिर परिसर एवं अन्य आयोजन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 25 जनवरी से देव मोड़ से देव सूर्य मंदिर एवं आयोजन स्थल तक ड्रॉप गेट निर्माण, यातायात नियंत्रण एवं यातायात पुलिस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, बेबी प्रिया, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, देव, अंचल अधिकारी देव, मंदिर न्यास समिति के सदस्यगण एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं व शिकायतें सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपसी तनाव, साइबर अपराध, मारपीट, धमकी, धोखाधड़ी समेत विभिन्न स्थानीय स्तर की जनसमस्याओं से जुड़े मामलों की क्रमवार सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया। कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए जबकि कुछ मामलों को शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित थाना एवं शाखा को अग्रसारित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत पर कानून के दायरे में रहकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामरक्ष्या सिंह की 53वीं पुण्यतिथि पर समारोह उनके पैतृक निवास स्थान रावल बिगहा में पूर्वक आयोजित किया गया। आगत अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानी के आदम कद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन कृत्यों को याद किया गया। इस अवसर पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि हम सभी को स्वतंत्रता सेनानी स्व. सिंह के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। हम सभी को यह जो आजादी मिली है वह अपने पूर्वजों की त्याग, तपस्या और बलिदान से मिला है। हम सभी को हमेशा अपने देश के लिए तैयार रहना चाहिए। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने



संबोधन में स्वतंत्रता सेनानी के प्रति आभार प्रकट किया कि आज उन्हीं की वजह से हम स्वतंत्र और आजाद हैं। रेडक्रॉस अध्यक्ष सतीश सिंह ने मौके पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ के साथ उनके परिवार वाले को धन्यवाद दिया और कहा कि उक्त कार्यक्रम से हमारे आने वाले पीढ़ी हमारे पूर्वजों के बलिदान के बारे में जान सकेंगे कि हमें आजादी कितनी मुश्किलों के बाद मिली है। इस दौरान नबीनगर डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल विनय कुमार गुप्ता, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्रिंसिपल विनोद कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र यादव, डॉ. प्रभात सिंह, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, हरेराम सिंह, प्रमोद सिंह, विनय सिंह, आलोक सिंह के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

# पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 42 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग मामलों में 42 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 21 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या मामले में 5, पॉक्सो में 1, आर्म्स एक्ट में 1, शराब कांड में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 316.9 लीटर देसी शराब, 1 देसी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस, 1 पिकअप, 1 ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। साथ ही 51 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1065 वाहनों की जांच की गई जिसमें 35500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 21 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# ओवरलोडेड हाइवा के कारण वर्षों पुराना पुलिया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के बौर-बहादुरपुर गांव के पास शुक्रवार को ओवरलोड हाइवा के कारण करीब 15 साल पुराना पुलिया अचानक ध्वस्त हो गया। यह पुलिया कई साल से जर्जर अवस्था में था। बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके द्वारा कई बार इसकी खराब स्थिति को लेकर शिकायत भी की गयी थी लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज एक ओवरलोडेड हाइवा पुलिया पर चढ़ा, तभी पुलिया का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। हाइवा के फंसने से सड़क पूरी तरह बाधित हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए।



यह सड़क ओबरा बाजार को सीधे रफीगंज बाजार से जोड़ती है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों गांवों के लोगों का आवागमण होता है। स्कूल जाने वाले छात्र, मरीज, व्यापारी और किसान इसी सड़क पर निर्भर हैं। पुलिया के ध्वस्त हो जाने से लोगों को अब कई किलोमीटर लंबा ऑप्शनल रास्ता अपनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल हाइवा को हटाकर आवाजाही की ऑप्शनल व्यवस्था की जाए और जल्द से जल्द नए पुलिया का निर्माण कराया जाए। साथ ही ओवरलोड गाड़ी पर सख्त कार्रवाई की मांग भी उठी है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल पुलिया ध्वस्त होने से पूरे इलाके का जनजीवन प्रभावित है।

# आग तापने के दौरान झुलसी महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के हेमजा गांव में आग तापने के दौरान एक बुजुर्ग महिला झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परिजन आग पर काबू पाने के बाद तुरंत महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा ले गए थे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया लेकिन यहां उसकी मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब महिला ठंड से बचने के लिए अपने घर में ही आग ताप रही थी। मृतका की पहचान बुधिया कुंवर के रूप में की गई है।

## मतदाता सूची की जांच का आदेश

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के संयुक्त सचिव क्यूम अंसारी ने उप विकास आयुक्त सह नोडल प्राधिकारी को सूही पैक्स के मतदाता सूची में अनियमितता की जांच करने का निर्देश दिया है। विदित हो कि उमेश यादव ने प्राधिकार को आवेदन देकर मतदाता सूची में अवैध रूप से 206 सदस्यों का नाम जोड़े जाने तथा कई मतदाताओं का नाम दो या तीन बार अंकित किए जाने की शिकायत की थी।

# सम्मान निधि के लिए ई-केवाईसी कराएं किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किसानों को डिजिटल पहचान से आच्छादित करने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले में फार्मर रजिस्ट्री -किसान की डिजिटल पहचान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है जिसके माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा रही है। प्रथम चरण के तहत 6 से 9 जनवरी तक शिविर आयोजित किए जाने थे, जिसे किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक दिन बढ़ाकर 10 जनवरी तक विस्तारित कर दिया गया है। वहीं द्वितीय चरण




के अंतर्गत 18 से 21 जनवरी तक शिविरों के आयोजन का कार्यक्रम निर्धारित है। इसी क्रम में आज जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर रहे हैं। अभियान को कैंप मोड में सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा स्थलों पर जाकर नियमित रूप से निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जा रहे हैं। आज जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 4380 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसान भाई-बहनों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित पंचायत स्तरीय शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, ताकि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी एवं सुगम रूप से प्राप्त किया जा सके।

# लोडेड देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोशल मीडया पर देसी कट्टा का प्रदर्शन कर रहे एक युवक को खुदवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के होलीचक गांव निवासी पंकज पासवान उर्फ पंकज तबाही के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवक ने अपने ही फ़ेसबुक आईडी पर हथियार का प्रदर्शन करते हुए तस्वीर अपलोड किया था। शुक्रवार को वायरल तस्वीर के आधार पर पुलिस ने युवक को लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि होलीचक गांव में अपने नाम से लोगों के बीच दहशत फैलाने व समाज के लोगों को भयभीत करने के लिए युवक ने अवैध हथियार के साथ तस्वीर फ़ेसबुक आईडी पर अपलोड किया था जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वायरल तस्वीर के आधार पर तस्वीर की जांच की गयी। जांच के क्रम में सही पाए जाने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर छापेमारी कर देसी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने बताया कि जब्त देसी कट्टा और कारतूस एक अज्ञात व्यक्ति से चार हजार रूपये में खरीदा था। उन्होंने बताया कि पुलिस अब हथियार के स्रोत और नेटवर्क की जांच में जुटी है। आरोपी को हथियार कहां से मिला, इसके पीछे किसी गिरोह की भूमिका है या नहीं, इस दिशा में जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत युवक को जेल भेज दिया गया।

# सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नवम दहेज रहित सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को महाराजगंज ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डिहरी निवासी मनेश सिंह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नौवें सामूहिक विवाह का आयोजन 8 मार्च को महाराजगंज के ठाकुरबाड़ी परिसर में किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष व आर.पी.एफ के जवान बरुण कुमार सिंह उर्फ जब्बर सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह को लेकर पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। इस बार 27 जोड़ो का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। विवाह-स्थल पर वर-वधु, उनके परिजनों के रहने-खाने आदि की व्यवस्था कमिटी करेगी। विवाह के उपरांत वर-वधु को उपहार स्वरूप रोजमर्रा के उपभोग की आवश्यक सामग्री भेंट की जायेगी। बैठक में कमिटी के अध्यक्ष बरूण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनेश सिंह, प्रमोद सिंह, रवि कुमार, सचिव राकेश पाठक, कोषाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता, मृत्युंजय विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, महेश कुमार, अजय स्वर्णकार, विश्वदीप कुमार, राजेश शौंडिक, प्रदीप सिंह, शंकर गोस्वामी, उत्कर्ष जायसवाल, राज विश्वकर्मा, चंदन सिंह, रूपेश जायसवाल, राहुल विश्वकर्मा, रविशंकर कुमार, तरुण सिंह, सुनील सिंह मोनू सिंह, रामकुमार जायसवाल, विनय सिंह, बच्चन प्रजापति समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# बघोई में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के बघोई गांव निवासी एवं फरार चल रहे स्व. कृष्णा पाण्डेय के पुत्र धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय के खिलाफ कोर्ट से इश्तेहार जारी किया गया था। कोर्ट के आदेश से इश्तेहार को लेकर कुर्था थाना की पुलिस हसपुरा पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से बघोई गांव पहुंच कर चपकाया। बताया जाता है कि पहले उपस्थित होने के लिए डुगडुगी बजाया गया। जब आरोपित



उपस्थित नहीं हुआ तो इश्तेहार चिपकाया गया। कुर्था थाना कांड संख्या 174 / 25 के आरोपित धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय पिछले कई माह से फरार चल रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सामूहिक संकल्प के साथ सड़क सुरक्षा माह शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एक माह का लंबा व्यापक अभियान शुरू किया है। यह अभियान जन जागरूकता बढ़ाने, नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सभी गतिविधियां पूरे जिले में समन्वय से आयोजित की जा रही हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा सके। सड़क सुरक्षा शपथ महीने की शुरुआत सामूहिक संकल्प के साथ




हुई। शुक्रवार को कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय परिसर में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ली गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने, सुरक्षित एवं संयमित वाहन संचालन करने, दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट के उपयोग को सुनिश्चित करने, निर्धारित गति सीमा का अनुपालन करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु स्वयं जागरूक रहने एवं आमजनों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया; अपर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, मोटरयान निरीक्षक नंदन राज एवं सुजीता कुमारी सहित सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी तथा समाहरणालय के कर्मी उपस्थित थे।

